mukhyadhara.daily@gmail.com +91 9142412511

राष्ट्रीय मुख्यधारा PRINT | WEB | VIDEO

हिन्दी दैनिक

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

RNI : JHAHIN/2014/54374

अख़बार भी, आन्दोलन भी

www.rashtriyamukhyadhara.com

बोकारो, रविवार
08.10.2023
पृष्ठः 12, मूल्य 2/-
वर्ष : 10, अंक : 243

राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !



## 20 मिनट में 5000 रॉकेट हमले से तिलमिलाया इस्राइल, 300 से अधिक की मौत

**तेल अवीव।** इजराइल पर फिलिस्तीनी संगठन हमास के हमलों के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जंग का ऐलान कर दिया है। कैबिनेट के साथ इमरजेंसी मीटिंग के बाद उन्होंने कहा- इजराइल के नागरिकों, ये जंग है और हम इसे जरूर जीतेंगे। दुश्मनों को इसकी कीमत चुकानी होगी। इसके बाद इजराइली सेना ने हमास के ठिकानों पर फाइटर जेट्स से हमले किए हैं। इजराइल के कई शहरों पर हमलों की जिम्मेदारी आतंकी संगठन हमास ने ली है। हमास के सैन्य कमांडर मुहम्मद अल-दीफ ने शनिवार को एक रिकॉर्ड संदेश में इजराइल के खिलाफ एक विद्रोह का आह्वान किया। इस जंग में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। हमास के हमलों के जवाब में इजराइल ने गाजा पट्टी में उनके 17 मिलिट्री कंपाउंड और 4 मिलिट्री हेडक्वार्टर्स पर हमले का दावा किया है। इसमें अब तक 160 फिलिस्तीनियों की मौत हुई है, जबकि 1 हजार से ज्यादा लोग घायल हैं। अलजजीरा के मुताबिक 1000 से ज्यादा फिलिस्तीनी इजराइल में घुस गए हैं। 1948 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है। वहीं, सुबह हमास की तरफ से दागे गए 5 हजार रॉकेट से अब तक 40 इजराइलियों की मौत



हुई है और 750 घायल हैं। गाजा स्ट्रिप से हमले के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जंग का ऐलान किया था। कैबिनेट के साथ इमरजेंसी मीटिंग के बाद उन्होंने कहा था- ये जंग है और हम इसे जरूर जीतेंगे। दुश्मनों को इसकी कीमत चुकानी होगी। दूसरी तरफ इजराइल में बिगड़ते हालातों के बीच इंडियन एम्बेसी ने वहां मौजूद अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्हें सतर्क और सुरक्षित रहने को कहा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि मुश्किल घड़ी में भारत इजराइल के लोगों के साथ है।

**हमास के ठिकानों पर बमबारी** - इजरायली वायुसेना के मुताबिक, इजरायली वायुसेना के दर्जनों लड़ाकू विमान अब गाजा पट्टी में कई स्थानों पर आतंकवादी संगठन हमास के ठिकानों पर हमला कर रहे हैं। इससे पहले शनिवार को हमास के आतंकियों ने इजरायल के कई शहरों पर रॉकेट से हमला किया है। इन आतंकी हमलों की बीच भारत ने भी इजराइल में भारतीय नागरिकों के लिए एडवायजरी जारी की है और सुरक्षित स्थान पर रहने के लिए कहा है। इजराइल में आतंकी हमलों को देखते हुए हवाई उड़ानों को अस्थायी तौर पर रोक लगा दी है। इजराइल के हवाई अड्डा प्राधिकरण ने जानकारी दी है कि दक्षिणी और मध्य इजराइल में कई हवाई अड्डे अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए हैं। वहीं तेल अवीव में बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा का संचालन जारी रहेगा। दक्षिण इजरायली शहर अश्क लोन में कई इमारतों के पास आग लग गई है और घटनास्थल से काले धुएं का गुबार उठ रहा है। यहां सडक़ों पर गोलियों की आवाजें सुनाई दे रही है।

**इजराइल ने दी परिणाम भुगतने की धमकी** - इजराइल ने इस आतंकी हमले को युद्ध की घोषणा बताया है। गाजा पट्टी से भारी मात्रा में रॉकेटों की बौछार के बीच इजरायल ने शनिवार सुबह युद्ध के लिए तत्परता की स्थिति की घोषणा कर दी है। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी स्थिति का मूल्यांकन कर रहे हैं और कार्य योजनाओं को मंजूरी दे रहे हैं। इजरायली सेना ने कहा है कि हमास आतंकवादी समूह को बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। वहीं भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यहूदी छुट्टियों के दौरान इजराइल पर गाजा से रॉकेट और हमास आतंकवादियों की जमीनी घुसपैठ दोनों से संयुक्त हमला हो रहा है। स्थिति आसान नहीं है, लेकिन इजराइल जीतेगा। इस दौरान इजरायल ने लोगों को घरों में रहने की अपील की है।

**आतंकियों का सफाया करने का आदेश** - ऑपरेशन आयरन स्वोड्स की घोषणा करते हुए इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ये कोई मामूली ऑपरेशन नहीं है। हमास ने हमारे ऊपर हमला किया है और मैंने आदेश दिया है कि आतंकियों का सफाया किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### नांदेड़ में 4 दिन में 51 मरीजों की मौत



**मुंबई।** महाराष्ट्र के नांदेड़ में डॉ. शंकरराव चव्हाण मेडिकल कॉलेज एवं सरकारी अस्पताल में मौतों का सिलसिला जारी है। बीते 4 दिन में 51 लोगों की जान गई है। इस पर एक्शन लेते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया था। इसी मामले पर लगातार दूसरे दिन सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा- मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर के 97 पद मंजूर हैं, लेकिन वहां सिर्फ 49 प्रोफेसर ही तैनात हैं। इस बारे में आप क्या कहेंगे? इस मुद्दे पर अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को होगी। एक दिन पहले हाईकोर्ट ने अस्पतालों में दवाओं की कमी होने का कारण खारिज करते हुए राज्य सरकार से हेल्थ बजट का ब्योरा मांगा था।

### सारण में तालाब में डूबकर किशोर की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में तालाब में स्नान करने के दौरान एक किशोर की डूबकर मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि गोढ़ना गांव निवासी राजेश राय का पुत्र मकेश्वर कुमार (10) जीवित्पुत्रिका व्रत के कारण शुक्रवार की देर शाम अपनी मां के साथ तालाब में नहाने गया था, जहां गहरे पानी में डूबकर उसकी मौत हो गई।सूत्रों ने बताया कि आज सुबह मकेश्वर कुमार का शव तालाब से बरामद कर लिया गया है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है।

### केरल हाईकोर्ट ने दोषी को एलएलबी में एडमिशन लेने की दी अनुमति




**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने हत्या के एक दोषी को बैचलर ऑफ लॉ (एलएलबी) कोर्स में एडमिशन लेने की अनुमति दे दी है। एके जयशंकरन नांबियार और कौसर एडप्पागथ की खंडपीठ ने केएमसीटी लॉ कॉलेज, कुट्टीपुरम को दोषी पी. सुरेश बाबू के लिए एडमिशन फॉर्मेलिटी को ऑनलाइन पूरा करने के लिए सभी फैसिलिटी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।"केएमसीटी लॉ कॉलेज, कुट्टीपुरम में 3 वर्षीय एलएलबी कोर्स में याचिकाकर्ता/अपीलकर्ता की प्रवेश औपचारिकताएं शनिवार को दोपहर 12.00 बजे ऑनलाइन मोड के माध्यम से की जाएंगी। जेल अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंस के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के लिए केएमसीटी लॉ कॉलेज के प्रिंसिपल के साथ समन्वय करेंगे।"बाबू को दोषी ठहराए जाने और आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद अब तक वह पांच साल की सजा काट चुका है। बीए इकोनॉमिक में ग्रेजुएशन होने के बाद, बाबू ने जेल में रहते हुए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से एमए (समाजशास्त्र) में मास्टर डिग्री हासिल की।दोषी का अगला टारगेट लॉ का कोर्स करना था और उसने एंट्रेंस एग्जाम पास किया और केएमसीटी लॉ कॉलेज में एडमिशन प्राप्त किया। इसके बाद उसने एडमिशन प्रोसेस पूरा किया और एलएलबी कोर्स को आगे बढ़ाने के लिए जमानत की मांग करते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जिसके बाद हाईकोर्ट ने प्रवेश प्रक्रिया आयोजित करने की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए परीक्षा नियंत्रक और कॉलेज के प्राचार्य से बात की और दोनों ने न्यायालय को सूचित किया कि प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन की जा सकती है और वे इसके लिए व्यवस्था करेंगे।

### स्कूल में तीन छात्र बेहोश, भूत की अफवाह से बच्चे नहीं जा रहे स्कूल

**रांची ।** झारखंड के पलामू जिले के एक प्राथमिक स्कूल में भूत की अफवाह से तीन बच्चे बेहोश हो गये। इसके बाद डर के मारे बच्चों ने स्कूल जाना ही बंद कर दिया है।मामला तरहसी प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पूर्णी टरिया का है। इस स्कूल में पढ़नेवाले तीन छात्र गुरुवार को बेहोश हो गये थे। इसके बाद अफवाह उड़ी कि स्कूल में किसी भूत-प्रेत का साया है। इसके बाद स्कूल के विद्यार्थियों ने डर के मारे स्कूल जाना ही बंद कर दिया है।शुक्रवार को जब शिक्षक स्कूल पहुंचे तो देखा स्कूल में एक भी बच्चा नहीं पहुंचा है। स्कूल में पहली से छठी कक्षा तक की पढ़ाई होती है और कुल 127 बच्चे यहां अध्ययनरत हैं। जब शिक्षा विभाग को स्कूल में बच्चों के न पहुंचने की जानकारी मिली तो सीआरपी नीलम कुमार पांडेय ने बच्चों के घर जाकर उन्हें समझाया कि भूत-प्रेत जैसी कोई चीज नहीं होती है। यह महज अफवाह है। उन्होंने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद अभिभावक बच्चों को फिर से स्कूल भेजने पर सहमत हो गये हैं।

## मोदी के अल्टीमेटम को कनाडा ने लिया गंभीरता से

**हटाए अपने राजनयिक**

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

भारत की ओर से जारी अल्टीमेटम के बाद अब कनाडा सरकार गंभीर हो गई है। उसने भारत में तैनात अपने राजनयिकों को हटाना शुरू कर दिया है। कनाडा ने खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर हुए विवाद के बीच भारत में काम कर रहे अपने ज्यादातर राजनयिकों को कुआलालम्पुर या सिंगापुर भेज दिया है। यहां गौरतलब है कि भारत ने कनाडा को नई दिल्ली में काम कर रहे अपने राजनयिकों की संख्या घटाने के लिए 10 अक्टूबर की समयसीमा दी है, जिसके बाद कनाडा ने यह कदम उठाया है। कनाडा के एक मीडिया नेटवर्क की रिपोर्ट के अनुसार भारत ने इस सप्ताह की शुरुआत में कनाडा से अपने दूतावासों में काम कर रहे कई राजनयिकों की संख्या कम करने के लिए कहा था। खालिस्तानी अलगावादी निज्जर की जून में हुई हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता को लेकर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जो आरोप लगाए थे उनके बाद भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद पैदा हो गया है। हालांकि भारत ने उनके आरोपों को 'बेतुका' और 'प्रेरित' कहकर



खारिज कर दिया और इस मामले के लेकर ओटावा के एक भारतीय अधिकारी को कनाडा से निष्कासित करने के बदले में एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को अपने यहां से निष्कासित कर दिया था। मिली जानकारी के अनुसार भारत सरकार ने ओटावा को कनाडाई राजनयिकों की उपस्थिति कम करने के लिए 10 अक्टूबर तक का समय दिया है। उसका कहना है कि नई दिल्ली में राजनयिकों की संख्या कनाडा में भारत के राजनयिकों की संख्या के समान होनी चाहिए। पहले कहा गया कि इन राजनयिकों की संख्या 41 है लेकिन सीटीवी न्यूज के सूत्रों ने बताया कि राजनयिकों की संख्या समान करने के लिए कहा गया है। हालांकि कनाडा के राजनयिक और दूतावास संबंधों का प्रबंधन करने वाले विभाग 'ग्लोबल अफेयर्स कनाडा' ने पहले कहा था कि विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर कुछ राजनयिकों को धमकियां मिलने के बाद वह भारत में अपने कर्मचारियों की संख्या का आकलन कर रहा है। इसके परिणामस्वरूप और अत्यधिक सावधानी बरतते हुए, हमने भारत में अपने कर्मचारियों की संख्या को अस्थायी रूप से कम करने का फैसला किया है।' भारत ने बृहस्पतिवार को कहा था कि कनाडा को संख्या में समानता हासिल करने के लिए देश में अपनी राजनयिक उपस्थिति कम करनी चाहिए और आरोप लगाया कि कनाडा के कुछ राजनयिक नयी दिल्ली के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने में शामिल हैं।

### एमएनएफ विधायक ने दिया इस्तीफा, भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की संभावना

**आइजोल।** मिजोरम के पूर्व मंत्री के. बेइचुआ ने राज्य विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इस साल जनवरी में सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के. बेइचुआ को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, के. बेइचुआ के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की संभावना है। विधानसभा सूत्रों के मुताबिक, बेइचुआ ने विधानसभा आयुक्त व सचिव लालमहरुइया जोते को अपना इस्तीफा सौंपा।विधानसभा अध्यक्ष लालरिनियाना सेलो ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। बेइचुआ ने पिछले साल 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री जोरमथंगा मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने सरकार में बतौर मंत्री सामाजिक कल्याण, आबकारी और पशुपालन मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाला थी।बेइचुआ का कहना है कि वह इस साल होने वाले मिजोरम विधानसभा चुनावों में अपने गृह विधानसभा क्षेत्र सियाहा से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं। कांग्रेस विधायक के.टी. रोखाव ने राज्य विधानसभा से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस के पांच विधायकों में से एक रोखाव पहले ही एमएनएफ में शामिल हो चुके हैं और उनके अपने गृह क्षेत्र पलक से चुनाव लड़ने की संभावना है। 40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा में इस साल के अंत में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना के साथ चुनाव होंगे।

## मोदी और अहमदाबाद क्रिकेट स्टेडियम पर बम से हमले की धमकी

**500 करोड़ की फिरौती; गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को छोड़ने की मांग**

राष्ट्रीय मुख्यधारा। मुंबई

मुंबई पुलिस को एक दहशत भरा मेल भेजा गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। धमकी भरे इस मेल में सरकार से 500 करोड़ रुपये व गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को छोड़ने की भी मांग की गई है। फिलहाल बिश्नोई को दिल्ली के मंडोली जेल में रखा गया है। पुलिस के अनुसार धमकी भरा यह मेल राष्ट्रीय जांच एजेंसी को भेजा गया था और एजेंसी ने इस मेल के बारे में मुंबई पुलिस को बताया।एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'एनआईए से हमें इस मेल के बारे में पता चला, जिसके बाद अन्य एजेंसियों को भी इसके बारे में जानकारी दे दी गई है। एनआईए को जिस ईमेल आईडी से मेल भेजा गया था, हमने उसके बारे में भी पता कर लिया है। मेल यूरोप से भेजा गया है।' उन्होंने बताया कि ऐसा लग रहा है जैसे यह विदेश में बैठे किसी व्यक्ति की शरारत है, उन्होंने उस व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही वर्ल्ड कप के सभी मैचों के लिए भी



कड़ी सुरक्षा का इंतजाम करने का आश्वासन भी दिया है।एनआईए को भेजे गए मेल में कहा गया, 'अगर सरकार हमें 500 करोड़ रुपये देने और लॉरेंस बिश्नोई को रिहा करने में असमर्थ रही तो हम नरेंद्र मोदी और नरेंद्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ा देंगे। हिंदुस्तान में सबकुछ बिकता है, इसलिए हम भी कुछ लेकर आए हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितना सुरक्षित हैं, हमसे आप सुरक्षित नहीं रह सकते। अगर आप बात करना चाहते हैं तो इस मेल पर कर सकेत हैं।' खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ भी वर्ल्ड कप मैचों में हमला करने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया था। उसने मारे गए आतंकी निज्जर का बदला लेने की धमकी भी दी थी।

## आंतरिक सुरक्षा में भारत आत्मनिर्भर हो रहाः अमित शाह

राष्ट्रीय मुख्यधारा। देहरादून

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आंतरिक सुरक्षा और सीमाओं की सुरक्षा ठीक किए बिना दुनिया का कोई भी देश विकास नहीं कर सकता। विकास के लिए पहली शर्त है कि लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति ठीक हो। पिछले नौ सालों में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और नॉर्थ-ईस्ट में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति में काफी सुधार किया है। आने वाले पांच साल में और काम किए जाएंगे। आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर हो रहा है। शाह शनिवार (7 अक्टूबर) को देहरादून में 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस (AIPSC) को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि UPA के नौ साल में तीनों हॉटस्पॉट जम्मू-कश्मीर, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और नॉर्थ-ईस्ट में हिंसा की 33200 घटनाएं हुई थी। जबकि 2014 में मोदी सरकार आने के बाद से इन तीनों हॉट स्पॉट में हिंसा की 12358 घटनाएं ही हुई हैं। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद मौजूदा हालात को देखकर जनता राहत की सांस ले रही है। गृह मंत्री ने कहा कि नक्सल प्रभावित इलाकों में तेजी से विकास किया जा रहा है। हम नॉर्थ-ईस्ट को देश के दूसरे भागों से शांतिपूर्वक जोड़ने में सफल रहे हैं। 2019 से 2023 तक गृह मंत्रालय से लेकर स्थानीय पुलिस स्टेशन तक कानून व्यवस्था की स्थिति पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

### फ्लाईओवर के नीचे बड़ा हादसा, पुलिया धसकने से 1 की मौत, 6 घायल

**जबलपुर।** पिछले 4 सालों से जबलपुर से मदनमहल तक बन रहे फ्लाईओवर निर्माण कार्य के दौरान शनिवार की दोपहर बड़ा हादसा हो गया। यहां मदनमहल थाने के समीप पुलिया निर्माण के दौरान मिट्टी धसक जाने से फ्लाईओवर के नीचे पुलिया धसकने से एक मजदूर की मौत हो गई। वहीं ६ घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा हैं। घायलों मे एक की हालत गंभीर बताई गई है। मदनमहल थाना प्रभारी प्रवीण धुर्वे ने बताया कि निर्माणाधीन फ्लाईओवर मदनमहल थाने के पास मजदूर काम कर रहे थे। दोपहर लगभग 3:30 बजे यहां पुलिया की मिट्टी धसकने से मलबे में मजदूर दब गए।

## गुजरात लंबे समय से आर्थिक मामलों में देश का लीडर रहा : जयशंकर

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुजरात के लोगों की सराहना करते हुए कहा कि गुजरात लंबे समय से आर्थिक मामलों में देश का लीडर रहा है। उन्होंने गुजरात के लोगों के बड़े आर्थिक योगदान को रेखांकित करते हुए उनकी उद्यमिता, जोखिम लेने की क्षमता और पूरी दुनिया में मौके तलाशने की इच्छा पर अपनी बात रखी है। 10वीं वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के उद्घाटन समारोह में एस जयशंकर ने कहा कि गुजरात लंबे समय से इस देश का आर्थिक मामलों में लीडर रहा है। वहां के लोग



उद्यमिता, जोखिम लेने की क्षमता, या दुनिया भर में अवसर तलाशने की इच्छा के लिए मशहूर हैं। गुजराती समुदाय की पूरी दुनिया में मौजूदगी के बारे में जयशंकर ने कहा कि 'दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है जहां कोई गुजराती न हो, और कभी-कभी मुझे संदेह होता है कि यही कारण है कि उन्होंने विदेश मामलों के मंत्री को उस राज्य से संसद में भेजने का विकल्प चुना।' विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत के आर्थिक जगत में गुजरात के महत्व को सामने रखते हुए कहा कि गुजरात सबसे आगे और लीडर रहा है, इसलिए गुजरात में आर्थिक घटनाओं का बहुत विशेष महत्व है। विदेश मंत्री ने गुजरात से जुड़ी प्रमुख आर्थिक गतिविधियों का उल्लेख करते हुए कहा कि गुजरात ने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे के भारत में अंतिम बिंदु के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो हाल ही में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान एक महत्वपूर्ण फोकस रहा था। जयशंकर ने आगे कहा कि यह पुराना है।

## पुनपुन नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर SDRF और प्रशासनिक अधिकारी अलर्ट मोड पर

**पटना।** पुनपुन नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर चुका है। जिसको लेकर जिला प्रशासन पूरी तरीके से अलर्ट मोड पर है। एसडीआरएफ की टीम समेत प्रशासनिक स्तर के अधिकारी को भी पुनपुन नदी घाट पर तैनात किया गया है। ताकि लोगों को किसी भी तरह का समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े। SDRF की दो वोट समेत इंस्पेक्टर और पांच कर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। सभी को पुनपुन नदी के जलस्तर पर नजर बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। SDRF कर्मी राजीव कुमार के मुताबिक दो से तीन दिन में पुनपुन नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। इसके लिए हम सभी अलर्ट मोड पर हैं। जिलाधिकारी के निर्देशों का पालन किया जा रहा है। अनाउंसमेंट करवाकर भी लोगों को सतर्क किया जा रहा है। पितृ पक्ष में



आने वाले श्रद्धालुओं को लेकर जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है। तमाम पदाधिकारी को यह निर्देश दिया गया है कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई समस्या नहीं हो। जितिया को लेकर गंगा नदी में स्नान के लिए महिलाओं की भीड़ लगी थी, इसको देखते हुए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम लगातार नजर बनाए हुई थी। बता दें कि नेपाल के तराई वाले इलाके में लगातार हो रही बारिश के कारण पुनपुन समेत बिहार के कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। पुनपुन श्रीपालपुर में 50.06 सेंटीमीटर डेंजर लेवल है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गई है। हालांकि सुबह आठ बजे जिला प्रशासन की ओर से जारी किए बुलेटिन के मुताबिक 51.56 सेंटीमीटर दर्ज किया गया था। जिलाधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। साथ ही उन्होंने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

### मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को दलीलें पेश करने का दिया मौका

**वॉशिंगटन।** मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को अमेरिका की संघीय अदालत ने दलीलें पेश करने का समय दिया है। मिली जानकारी के अनुसार पाकिस्तानी मूल के कनाडाई कारोबारी तहव्वुर राणा को भारत को प्रत्यर्पित किए जाने के खिलाफ दलीलें पेश के लिए और समय दिया गया है। तहव्वुर राणा (62) ने कैलिफोर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट में यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ 'नाइंथ सर्किट कोर्ट' में अपील की है, जिसमें बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को खारिज कर दिया गया था। 'नाइंथ सर्किट कोर्ट' ने राणा को अपनी दलीलें पेश करने के लिए अब 10 अक्टूबर तक का समय दिया था, लेकिन उसे और अधिक समय दिए जाने का उसका अनुरोध मंगलवार को स्वीकार कर लिया। अदालत के हालिया आदेश के अनुसार, राणा को नौ नवंबर तक दलीलें पेश करनी हैं और सरकार को 11 दिसंबर, 2023 तक अपना जवाब देना है। इससे पहले, अदालत ने 18 अक्टूबर को राणा के प्रत्यर्पण पर रोक लगाने का आदेश दिया था, ताकि 'यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स' में उसकी याचिका पर सुनवाई की जा सके। राणा इस समय लॉस एंजिलिस स्थित मेट्रोपोलिटन डिटेंशन सेंटर में हिरासत में है।

### दिल्ली शराब घोटाला : संजय सिंह के करीबियों पर कसा ईडी का शिकंजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में आप के सांसद संजय सिंह प्रवर्तन निदेशालय की न्यायिक हिरासत में हैं। गिरफ्तारी के बाद उन्हें ईडी ने पांच दिनों की रिमांड पर लिया है। आज ED ने संजय सिंह के करीबी विवेक त्यागी को पूछताछ के लिए बुलाया है। विवेक त्यागी ईडी के दफ्तर पहुंच चुके हैं।जानकारी के मुताबिक इस मामले में ईडी इन दोनों को संजय सिंह के सामने बिठाकर पूछताछ करना चाहती है। कल संजय सिंह के करीबी सर्वेश मिश्रा से ईडी ने करीब 9 घंटे तक पूछताछ की थी। सूत्रों के मुताबिक कल ईडी ने केवल सर्वेश मिश्रा से ही पूछताछ की थी। सर्वेश और संजय सिंह को आमने-सामने बिठाकर पूछताछ नहीं की गई है। ईडी इस पूछताछ के दौरान धन शोधन निषेध अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनके बयान दर्ज करेगी। ईडी का आरोप है कि शराब घोटाले के आरोपी कारोबारी दिनेश अरोड़ा ने राज्यसभा के सदस्य सिंह के आवास पर दो बार में दो करोड़ रुपये नगद दिए थे। संजय सिंह ने इस दावे को खारिज कर दिया था। ईडी ने इस मामले में दिल्ली में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के घर पर छापा मारा था और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।

वेदांता ईएसएल के एक्सेल 30 के चार छात्रों ने एसएससी-जीडी परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की

# वेदांता ईएसएल के एक्सेल 30 के चार छात्रों ने पाई एसएससी-जीडी परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता

## इन छात्रों को सीआईएसएफ और बीएसएफ जैसे संगठनों में सेवा के लिए चुना गया है

बोकारो।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



भारत के अग्रणी इस्पात उत्पादक वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड को उनके प्रेरणा एक्सेल 30 सेंटर के चार प्रतिभावान छात्रों: विश्वजीत चौधरी, विक्रम कुमार पाठक, चंदन कुमार चौबे और प्रेम कुमार गोप की उल्लेखनीय सफलता पर गर्व है। इन होनहार छात्रों ने परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करके और अपना ज्वाइनिंग लेटर प्राप्त करके एक असाधारण उपलब्धि हासिल की है, जो राष्ट्र के लिए उनकी सेवा की एक नई शुरुआत है।

विश्वजीत चौधरी, विक्रम कुमार पाठक और चंदन कुमार चौबे को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में सेवा के लिए चुना गया है, जबकि प्रेम कुमार गोप को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में शामिल होने का अवसर मिला है। इन प्रतिष्ठित संगठनों में उनका चयन उनके अटूट समर्पण और प्रेरणा एक्सेल 30 सेंटर में प्राप्त कठोर प्रशिक्षण का एक अदभुत प्रमाण है।

वेदांता ईएसएल का प्रेरणा एक्सेल 30 सेंटर प्रतिभा को पोषित करने और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए अनुकूल सीखने का माहौल प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध है। इन चार छात्रों की सफलता संस्थान द्वारा दी जाने वाली शिक्षा और मार्गदर्शन के उच्च मानक को दर्शाती है।

प्रेरणा एक्सेल 30 सेंटर के सार्थक सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन (एसएसडीएफ) के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर मदन महतो ने कहा, "हम विश्वजीत चौधरी, विक्रम कुमार पाठक, चंदन कुमार चौबे और प्रेम कुमार गोप को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देते हैं। उनका अविश्वसनीय समर्पण और कड़ी मेहनत रंग लाई है, और वे अब सभी इच्छुक उम्मीदवारों के लिए एक प्रेरणा के रूप में खड़े हैं। हमें उनकी उपलब्धियों पर गर्व है और विश्वास है कि वे विशिष्टता के साथ देश की सेवा करना जारी रखेंगे। इन छात्रों की सफलता न केवल उनके परिवारों को गौरवान्वित करती है, बल्कि उनके नक्शेकदम पर चलने की इच्छा रखने वाले अनगिनत अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनती है।

वेदांता ईएसएल का प्रेरणा एक्सेल 30 सेंटर अपने सभी छात्रों के लिए समर्पित रहने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और उनको उनके सपनों को हासिल करने का तरीका भी प्रदान करती है|

वेदांता ईएसएल विश्वजीत चौधरी, विक्रम कुमार पाठक, चंदन कुमार चौबे और प्रेम कुमार गोप को हमारे राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा में निरंतर सफलता और गौरव से भरे भविष्य की कामना करता है|

# JSCA में होगा लीजेंड क्रिकेट लीग

रांची ।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



झारखंड के क्रिकेट प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी रांची आ रहे हैं। दरअसल राजधानी के अंतराष्ट्रीय स्टेडियम जेएससीए को लेजेंड्स लीग की पांच मैचों का मेज़बानी का मौका मिला है। जहां पहली बार क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर से लेकर धाकड़ बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग, शाहिद अफरीदी, क्रिस गेल जैसे दिग्गज खिलाड़ी धुआंदार बल्लेबाजी करते दिखेंगे, तो वहीं सदी के तेज गेंदबाज इरफ़ान पठान सहित सैकड़ों अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी खेलते नजर आएंगे। लीग की शुरुआत 18 नवंबर से होगी, जो कि 9 दिसंबर तक चलेगी।

बता दें कि लेजेंड्स लीग देश के पांच शहरों में आयोजित होंगे, जिसकी शुरुआत रांची से होगी। अन्य मुकाबले चार शहर जम्मू, विशाखापत्तनम, देहरादून और सूरत में खेले जायेंगे। लेजेंड्स लीग का यह दूसरा सीजन है। इस लीग में कुल 19 मैच खेले जायेंगे, जिसमें रांची के जेएससीए को पांच मैच मिले हैं। जानकारी हो कि लेजेंड्स लीग का पहला सीजन कोलकाता के ईडन गार्डन से शुरू हुआ था, जिसमें टूर्नामेंट के 15 मुकाबले खेले गए थे। अन्य मुकाबले दिल्ली सहित देश के कुछ चर्चित शहरों में खेले गए थे।

## पुटकी में दसवीं के छात्र ने फांसी लगाकर की खुदकुशी



**धनबाद** । पुटकी थाना क्षेत्र में स्थित श्रीनगर कॉलोनी के समीप जेनरल स्टोर संचालक नौशाद आलम का 18 वर्षीय बेटा मोहम्मद रेहान ने बीती रात अपने दुकान मे गमछा के सहारे फॉसी लगाकर की आत्महत्या कर लिया. मृतक 10वीं का छात्र था. घटना को लेकर छात्र के पिता ने बताया कि रेहान प्रतिदिन की तरह खाना खाकर अपने दुकान में सोने चला गया. सुबह जब दुकान खुलवाने गया तो अंदर से कुछ आवाज नहीं आया तो परिजनों को कुछ अनहोनी की आशंका हुई. जिसके बाद दरवाजा तोड़ा गया तो देखा कि रेहान का शव गमछा के सहारे लटका हुआ था. घटना की जानकारी तत्काल पुटकी पुलिस को दी गई. घटनास्थल पर पहुँच पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है. वहीं घटना के बाद से परिजन सदमें में हैं.

## मां ने रखा था जिउतिया का उपवास, बेटे की तालाब में डूबने से हुई मौत, गांव में पसरा सन्नाटा.



**बोकारो**। चंदनक्यारी के दुलाल बांध तालाब में 7 अक्टूबर दिन शनिवार की सुबह 7:30 बजे नहाने के दौरान 10 वर्षीय बच्चा महादेव धर की तालाब में डूबकर मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार महादेव धर अपने पिता आनंद धर के साथ सुबह तालाब में नहाने गया था. उसी दौरान वह फिसल कर गहरे पानी में चला गया. हालांकि पिता ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन वह बच नहीं सका. वहीं आसपास के लोगों की मदद से मृतक महादेव धर को तालाब से निकाला जा सका. घटना की खबर मिलते ही गांव में जिउतिया पर्व की खुशी गम में तब्दील हो गई. आसपास के टोले में सन्नाटा छा गया. बताया जाता है कि पर्व को लेकर महादेव की मां उसका इंतजार कर रही थी, लेकिन उसके मौत की खबर के बाद बेहोश होकर गिर पड़ी. मृतक महादेव धर के पिता ने बताया कि उसका हाल ही में चंदनक्यारी की होली क्रॉस स्कूल में नामांकन कराया गया था. गुप्त घटना को लेकर पुलिस को जानकारी दे दी गई. इधर घर वालों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है.

## जिला प्रशासन प्रोटोकॉल का उल्लघंन कर रही है : छक्कन महतो

**डुमरी** । आजसू पार्टी के जिला प्रधान सचिव छक्कन महतो ने शनिवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि डुमरी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अतकी के ग्राम बरहमसिया में ग्रामीण विकास विभाग से पथ निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है।जिसके तहत संवेदक को निर्माण कार्य सम्पन्न करने का कार्यादेश प्राप्त है।उक्त पथ के निर्माण कार्य की स्वीकृति होने की प्रक्रिया के तहत् स्थानीय सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की अनुशंसा है।जिला के पदाधिकारी के अनदेखा एवं उदासीन रवैए के कारण स्थानीय सांसद या उनके प्रतिनिधि को वगैर सूचना के दायरे में रहकर प्रोटोकॉल का उल्लघंन किया गया है।इसलिए संबंधित पदाधिकारी व संवेदक पर मानहानि का मुकदमा दायर होना चाहिए।संवेदक द्वारा सरकार की आड में अन्य और कई कार्य किया है जिसमें गुणवत्ता पुर्ण सम्पन्न नहीं किया गया है।इसके कार्य पर जांच बैठाने की आवश्यकता है।

## JSERC से अनुमोदन के बगैर JUSNL ने जारी किए टेंडर : बाबूलाल मरांडी



**रांची**। पूर्व सीएम तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने ऊर्जा विभाग (JUSNL-झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड) द्वारा जारी टेंडरों को लेकर सवाल उठाया है. इसे लेकर सीएम हेमंत सोरेन को भी चिट्ठी लिखी है. कहा है कि JUSNL ने एक निविदा निकाली है. इसे JSERC के द्वारा अनुमोदन नहीं दिया गया है. उसके मुताबिक इसकी अभी कोई जरूरत नहीं है. दो ग्रिड सब स्टेशन (चांडील-169 करोड़, कोडरमा-213 करोड़) के लिए निकाली गयी निविदा की अनुमानित लागत 382 करोड़ रुपये है. JSERC के अनुमोदन के बिना इस निविदा को निकाला जाना सरकारी राशि का दुरूपयोग है क्योंकि भविष्य में बिजली दर निर्धारण के समय यह खर्च न्यायसंगत नहीं होगा और इसको उचित खर्च नहीं माना जायेगा. साथ ही इस पर JSERC के द्वारा टैरिफ निर्धारण में कोई विचार नहीं किया जायेगा. बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में JSERC के द्वारा 175 करोड़ रुपये का थ्रेस होल्ड लिमिट तय किया गया है. यदि इसके उपर कोई कार्य का निष्पादन होना है तो उसे टीबीसीबी के माध्यम से होना है ना कि आरटीएम के माध्यम से. परंतु 213 करोड़ रुपये के कार्य कराये जा रहे हैं नियम विरुद्ध हैं. इसके अलावा बलियापुर व अन्य जगहों के लिए निविदा निकाली गयी है जिस पर JSERC का अनुमोदन नहीं लिया गया है. इसक कार्य को भी JSERC के द्वारा मना किया जा चुका है. ये सारे कार्य नियम कानून को ताक पर रख कर किए जा रहे हैं. बाबूलाल ने सवाल उठाते कहा है कि सीएम ऊर्जा विभाग के मंत्री भी हैं. उनकी कृपा दृष्टि के बिना अधिकारी इतनी बड़ी अनियमितता का नित प्रतिदिन नया कीर्तिमान कैसे बना सकते हैं. सीएम से अनुरोध करते बाबूलाल ने इस मसले पर समुचित कार्रवाई करने को भी कहा है.

# झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ ने काला बिल्ला लगाकर किया कार्य

डुमरी।।राष्ट्रीय मुख्यधारा




झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ डुमरी के नोडल अधिकारी मनोज राम ने बताया की सभी कर्मी अपनी मांगों को लेकर राज्य कार्यपालक पदाधिकारी रांची के नाम उपयुक्त एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरिडीह को आवेदन दिया है जिसमें लिखा है कि झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ लगातार अपने लंबित मांगों में बीमा नवीकरण,वेतन पुनसंरचना यात्रा भत्ता बढ़ोतरी एवं अतिरिक्त पदोन्नति को लेकर पत्राचार एवं भौतिक वार्ता प्रबंधन के साथ करता जा रहा है परंतु दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारी उपरोक्त मांगों को लेकर प्रबंधन द्वारा लंबी अवधि से कोई पहल नहीं की जा रही है जिससे साफ प्रतीत होता है कि प्रबंधन हम सभी कर्मियों के प्रति उदासीन है जिसके कारण हम सभी कर्मियों में रोष बढ़ता जा रहा है। विखा है कि एल 5 एवं एल 6 वर्ग के कर्मियों को नवंबर 2021 के मध्यम से संवैधानिक स्वीकृति प्राप्त है इसके बावजूद अभी तक प्रबंधन के द्वारा इस विषय पर कोई ठोस पहल नहीं की गई है जिससे उपरोक्त वर्ग के कर्मियों में आक्रोश व्याप्त है।लंबे समय से बीमा नवीकरण होने की आशा लिए सभी कर्मी प्रत्येक महीना इसी उम्मीद में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक अपने कार्यों का निर्वहन करते आ रहा है लेकिन पूर्व से मिलते आ रहे बीमा का लाभ इस माह मिलना प्रारंभ हो जाएगा परंतु चार महीना से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आज तक बीमा लागू नहीं हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस संवेदनशील विषय पर चिंता जाहिर करते हुए 24 सितंबर 2023 को झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ की ऑनलाइन बैठक आहूत की गई थी जिसमें सभी जिला अध्यक्षों एवं इन कर्मियों के द्वारा बीमा सेवा पुन बहाल न होने तथा लगातार हो रही दुर्घटनाओं बेहतर इलाज न कर अपने और अत्यधिक आर्थिक बोझ पढ़ने के कारण प्रबंधन से मुख्य मांग संघ के द्वारा किया जा रहा है। डुमरी प्रखंड के सभी आजीविका संघ के कर्मी 6 अक्टूबर से हड़ताल में रहते हुए काला बिल्ला लगाकर अपने कार्य क्षेत्र के कार्यालय में रहकर सभी कार्यों को संपादन कर रहे हैं।,7अक्दुटूबर को दूसरा दिन भी संबंधित कार्यालय (सीएलएफ,बीएमएमयू एवं डीएमएमयू ) में रहकर बीमा सेवा,वेतन पुनर्संरचना,यात्रा भत्ता बढ़ोतरी और आंतरिक पदोन्नति पर सकारात्मक पहल नहीं की जाती है तब तक क्षेत्र भ्रमण का कार्य नहीं करेंगे। सभी कर्मी काला बिल्ला लगाकर अपने कार्यों को करेंगे उपरोक्त गतिविधियों की समीक्षा रविवार को करते हुए आगे का निर्णय राज्य संघ के द्वारा लिया जाएगा।इस रणनीति के आधार पर आगे कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी।इस दौरान मनोज राम,मिथलेश प्रसाद महतो, सरिता मुर्मू, जूही कुमारी, मोहन पंडित, गीता कुमारी, विवेक सिंह, अजय कुमार, प्रीतम कुमार आदि उपस्थित थे।

## बेबी देवी ने बरहमसिया में पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



डुमरी।।राष्ट्रीय मुख्यधारा

स्थानीय विधायक सह सूबे के मंत्री बेबी देवी ने शनिवार को अतकी पंचायत के बरहमसिया में बजरंग बली मंदिर से गट्टीगढ़हा तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़ एवं फीता काट कर किया। मंत्री बेबी देवी ने कहा कि इस पथ के बन जाने से ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी सुगमता होगी। कहा कि ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो गयी। ग्रामीणों ने मंत्री को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही अपने क्षेत्र के अन्य समस्याओं को रखा।इस दौरान मंत्री पुत्र अखिलेश महतो राजू झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो राजू मुखिया जगदीश महतो आदि उपस्थित थे।

## चोरी के जेवर खरीदने के आरोप में प्रदीप ज्वेलर्स का मालिक समेत दो गिरफ्तार





गिरिडीह ।।राष्ट्रीय मुख्यधारा

नगर थाना पुलिस ने चोरी की जेवरात खरीदने और बेचने के आरोप में दो आरोपियों को दबोचा है. इसकी पुष्टि डीएसपी संजय राणा ने किया है. दोनो आरोपियों के पास से पुलिस ने 400 ग्राम का पांच जोड़ा नया चांदी का जेवर भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में धारियाडीह निवासी संजय यादव और शहर के प्रदीप ज्वेलर्स का मालिक सुबोजीत मेती और प्रदीप मेती शामिल हैं. पुलिस के अनुसार संजय यादव ने बीते 4 अक्टूबर को तिरंगा चौक स्थित केशव कोलीवाल के घर चोरी की घटना को अंजाम दिया था. उसने चुराए गए जेवर को प्रदीप ज्वेलर्स के मालिक प्रदीप मेती और सुबोजित मेती के पास बेचा था.इस चोरी की घटना का खुलासा करने के दौरान नगर थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहले संजय यादव को पकड़ा और उसने पूछताछ में प्रदीप और सुबोजित को जेवर बेचने की बात कबूली. बाद में पुलिस ने संजय की निशानदेही पर ज्वेलर्स दुकान में छापेमारी कर सुबोजित मेती को पकड़ा. दुकान की तलाशी के क्रम में 400 ग्राम वजन के 5 जोड़ी नए पायल को बरामद किया. पूछताछ में सुबोजित मेती ने बताया कि वह और उसके पिता चोरी के सोना चांदी खरीद कर उसे गलाकर ग्राहकों को बेचते थे।

## जमीन विवाद में हुई हत्या की घटना के 4 दोषियों को मिली आजीवन कारावास की सजा

गिरिडीह।।राष्ट्रीय मुख्यधारा




अपर जिला एंव सत्र न्यायधीश तृतीय सौमेन्द्र नाथ सिकदर की कोर्ट ने शनिवार को जमीन विवाद में हुई हत्या के मामले में चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई. कोर्ट ने अलग-अलग धाराओं में सजा सुनाई .जिन चार आरोपियों को सजा मिली, उसमें पीरटांड थाना क्षेत्र के पालगंज गांव निवासी बजरंगी सोनार, शंकर सोनार, कैलाश सोनार और सूजीत सोनार है. बीते दिनों दोषी ठहराए जाने के बाद से वह जेल में ही बंद है और अब चारों को आजीवन जेल में ही गुजारना होगा. शनिवार को अपर लोक अभियोजक सुधीर कुमार और बचाव पक्ष के अधिवक्ता प्रमोद कुमार अंबष्ठ की दलीलों को सुनने के बाद कोर्ट ने चारों आरोपियों को 323/34 में एक साल तो 307/34 में 10-10 साल की सजा सुनाने के साथ 10-10 हजार का जुर्माना लगाया. वहीं हत्या की धारा 302/34 में आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ 10-10 का जुर्माना बजरंगी सोनाार, शंकर सोनार, कैलाश सोनार और सुजीत सोनार के खिलाफ सुनाई. बताते चलें कि पालगंज में जमीन विवाद में हुए हत्या का यह मामला साल 2022 का है जहां दो साल पहले गांव के रवीन्द्र वर्मा पर इन चारों आरोपियों विवादित जमीन को लेकर जमकर मारपीट किया था। मारपीट के दौरान जब बचाव में मृतक के बेटे संजय कुमार सोनी और संदीप आएं, तो चारों आरोपियों ने दोनों बेटों के साथ भी जमकर मारपीट किया था। लेकिन रवीन्द्र वर्मा पर धारदार हथियार से चारों ने हमला किया था। जिसमें मौके पर रवीन्द्र वर्मा की मौत हो गई थी। घटना के बाद मृतक के बेटे संजय कुमार सोनी ने पीरटांड थाना में चारों के खिलाफ हत्या करने का आरोप लगाकर केस दर्ज कराया था। केस दर्ज होने के बाद जब पुलिस अनुसंधान पूरा की, और चार्जशीट कोर्ट में सौंपी। तो चार्जशीट के आधार पर और अपर लोक अभियोजक के दलीलों पर चारों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुन दी।

# अनुमंडल प्रशासन के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया







डुमरी।।राष्ट्रीय मुख्यधारा

इसरी चौक स्थित केसरे हिन्द की जमीन पर शनिवार को अनुमंडल प्रशासन के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान कुछ लोगों ने स्वयं से अतिक्रमण कर बनाये गये झोपड़ीनुमा दुकानों को हटा लिया परंतु कुछ पक्के अतिक्रमण को हटाने में प्रशासन को लोगों का भारी विरोध का सामना करना पड़ा। बाद में लोगों द्वारा आग्रह पर प्रशसन ने त्योहार तक अभियान को स्थगित कर दिया। ज्ञात हो कि दो सप्ताह पूर्व डुमरी एसडीएम शहजाद परवेज और अंचलाधिकारी शशिभूषण बर्मा ने उक्त स्थान का निरीक्षण किया था और अतिक्रमण कर दुकान चला रहे लोगों को नोटिस देकर दो सप्ताह के अंदर अतिक्रमण हटा लेने का निर्देश दिया गया था। इस दौरान कुछ लोगों ने स्वयं से अतिक्रमण हटा लिया था परंतु कुछ लोग नहीं हटाया। शनिवार को अंचलाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची। इस दौरान जब अतिक्रमण कर बनाये गये दूकानों को हटाया जाने लगा तो कुछ लोगों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया वहीं कुछ लोग त्योहार तक अतिक्रमण नहीं हटाने की मांग करने लगे। इसके बाद प्रशासन ने लोगों को त्योहार तक का समय देते हुये अभियान को स्थगित कर दिया और लोगों से इस संबंध में एसडीएम कार्यालय में एक आवेदन देने का निर्देश दिया। इधर, चर्चा है कि राजनीतिक हस्तक्षेप के बाद प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओं अभियान से पीछे हो गयी। हलांकि इस बात की किसी ने पुष्टि नहीं की है। इस संबंध में पुछे जाने पर सीओ शशिभूषण बर्मा ने कहा कि त्योहार तक मोहलत देने की आग्रह पर अभियान को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।

# टाईगर जगरनाथ महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

## नगलो की टीम 2-1 गोल से हुई विजयी

डुमरी।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड इकाई द्वारा केबी हाई स्कूल के मैदान में आयोजित टाईगर जगरनाथ महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन शनिवार की संध्या को हुई।फाइनल मैच एनएफसी क्लब नगलो एवं एफसी खुशी क्लब बिराजपुर के बीच खेला गया जिसमें नगलो की टीम 2-1 से विजयी रहा।विजेता टीम को स्थानीय विधायक सह सूबे के उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी के हाथों 50001 रूपये नगद व ट्रॉफी उपविजेता टीम को मंत्री पुत्र अखिलेश महतो राजू के हाथों 30001 रूपये नगद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया इसी तरह तीसरे व चौथे स्थान पर रहे दोनों टीम को दस दस हजार रुपये नगद एवं ट्रॉफी देकर क्रमशः झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो राजू व पूर्व जिप सदस्य भोला सिंह के हाथों सम्मानित किया गया।

मंत्री श्रीमती देवी ने कहा कि वह क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को उभारने के लिए हरसंभव प्रयासरत रहेंगी। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को खेल के साथ साथ पढ़ाई में भी ध्यान देने के लिए कहा।32 टीमों की सहभागिता से आयोजित टूर्नामेंट के समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो राजू मंत्री प्रतिनिधि राजकुमार पाण्डेय बीस सूत्री अध्यक्ष डेगलाल महतो उपप्रमुख उपेन्द्र महतो पूर्व जिप सदस्य भोला सिंह, डेगनारायण महतो, मिथलेश महतो मुखिया नूरउद्दीन अंसारी,जगदीश महतो, पंकज महतो, उमाकांत महतो, बिनोद महतो,इंदर महतो,सोनू सोहेल,भोली महतो, राजकुमार मेहता,बबलू रजक, सुबोध यादव, विश्वनाथ महतो, प्रकाशचंद मेहता,सुभाष महतो सेवानिवृत्त शिक्षक मुमताज अहमद आदि उपस्थित थे।

# ईश्वर भक्ति मानव जीवन का सर्वोत्तम कार्य है - स्वामी गंगाधर



रांची ।।राष्ट्रीय मुख्यधारा

रांची जिला संतमत सत्संग समिति के तत्वाधान में महर्षि मेंही आश्रम, चुटिया में चल रहे पक्ष ध्यान साधना शिविर में आज आंठवे दिन देव भूमि ऋषिकेश से आए हुए पूज्य स्वामी श्री गंगाधर जी महाराज ने सांयकालीन सत्संग में साधकों को कहा कि ईश्वर की असीम अनुकम्पा से हमें मनुष्य शरीर प्राप्त हुआ है । जिस परमात्मा की कृपा से हमें यह शरीर मिला है - इस परमसत्ता का आभार व्यक्त करना हमारा पुनीत कर्तव्य है । ईश्वर की उपासना करना मानव जीवन का एक श्रेष्ठ कार्य है । उनकी उपासना करने के पूर्व हमे यह समझना होगा कि परमात्मा का स्वरूप क्या है उसकी पहचान कैसे करेंगे । विभिन्न धर्म के लोग उस परम सत्ता को विभिन्न नामों। से अभिव्यक्त करते हैं । यथा हिंदू उसे 'ईश्वर' कहते हैं, मुस्लिम धर्मावलंबी इसे 'अल्लाह' कहते हैं तो ईसाई लोग गॉड कहते हैं । यूं तो इस असीम सत्ता को विभिन्न नामों से अभिहित करते हैं किंतु वह तत्व एक ही है । संत सदगुरु महर्षि मेंही परमहंस महाराज ने कहा है कि सबका ईश्वर है और उसको प्राप्त करने का रास्ता भी एक ही है । वस्तुतः ईश्वर इंद्रिय गंथ नहीं है ।ईश्वर को अंतरसाधना से ही प्राप्त किया जा सकता है । संतमत को ईश्वर भक्ति की चार विधियां है - मानस जप, मानस ध्यान,दृष्टियोग एवं सूरत शब्द योग । इन क्रियाओं का अभ्यास करके साधक ईश्वर को प्राप्त कर सकते हैं और ईश्वर को तत्वतः जान कर जीवन के सभी दुखों से सदा के लिए छूट सकते हैं एवं शाश्वत सुख को प्राप्त हो सकते हैं । समिति सभी धर्म प्रेमियों से निवेदन करता है कि सत्संग में भाग लेकर पुण्य के भागी बने और आत्म कल्याण का प्रबल प्रयास करे।

# भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव पर दर्ज प्राथमिकी हाईकोर्ट से निरस्त, फर्जी बताया

रांची।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



झारखंड हाईकोर्ट से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव को बड़ी राहत मिली है. उन पर लातेहार के बालूमाथ थाने में दर्ज प्राथमिकी को हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया है. प्रतुल शाहदेव पर मंटु राम नामक व्यक्ति ने मारपीट करने, जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने व हत्या के प्रयास को लेकर प्राथमिकी दर्ज करवाई थी. गवाहों की सूची में एजाज अंसारी, पूर्व पत्रकार आदर्श रविराज आदि का नाम दिया था. इसके खिलाफ प्रतुल शाहदेव ने झारखंड हाईकोर्ट का रुख किया था. उन्होंने अपनी याचिका में खुद को निर्दोष बताते हुए कहा था कि चंदवा के अभिजीत प्लांट में स्क्रैप की लूट के खिलाफ आवाज उठाने के कारण प्रशासन व स्क्रैप माफियाओं की शह पर फर्जी मुकदमा कराया गया है. प्रतुल की ओर से वरीय अधिवक्ता और पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार ने दलील देते हुए इस पूरी प्राथमिकी को स्क्रैप माफिया की साजिश बताया. दस्तावेज पेश कर कोर्ट में शिकायतकर्ता और गवाहों के आपराधिक इतिहास को भी दिखाया. उन्होंने प्राथमिकी दर्ज करने में 6 महीने के विलंब पर भी बड़ा प्रश्न उठाया.

हाईकोर्ट ने इस मामले में प्रतुल शाहदेव को निर्दोष बताते हुए दर्ज प्राथमिकी को फर्जी पाया और उसे निरस्त करने का आदेश दिया. कहा कि अगर किसी निर्दोष व्यक्ति को अदालत के सामने बदनीयती से गलत प्राथमिकी दर्ज कर फंसाया जाएगा, तो अदालत को हस्तक्षेप करना ही पड़ता है. उच्च न्यायालय ने कहा कि पूरी प्लानिंग करके शिकायतकर्ता ने प्राथमिक में ऐसी घटनाओं का उल्लेख किया है, जिससे लगाई गई धाराओं को बल मिल सके. अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह प्राथमिकी एक सोची समझी प्लानिंग के तहत किया गया है. मामले की सुनवाई जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत में हुई. प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार व अपराजिता भारद्वाज ने पैरवी की. वहीं राज्य सरकार की ओर से मनोज कुमार, दीपंकर और शिकायतकर्ता की और से साहिल ने पैरवी की.

# एमएस सेवा सदन का निबंधन हुआ रद्द, संस्थान को शील करने का निर्देश

चतरा ।।राष्ट्रीय मुख्यधारा

न्यू पुलिस लाइन के समीप संचालित एमएस सेवा सदन में इलाज के दौरान मरीज की मौत के मामले में सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद ने बड़ी कारवाई की है। सिविल सर्जन ने (सेवा सदन) नर्सिंग होम का निबंधन न सिर्फ रद्द कर दिया है बल्कि संस्थान को शील करने का भी निर्देश दिया है। की गई कारवाई से सीएस ने अभियान निदेशक सह अध्यक्ष राज्य समुचित प्राधिकारी (PC &PNDT)रांची झारखंड तथा उपायुक्त चतरा को भी अवगत कराया है। उक्त संस्थान को शील करने का निर्देश जांच पदाधिकारी सह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चतरा को दिया है। ज्ञापांक 1638 और दिनांक 6/10/2023 के द्वारा जारी पत्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सह गठित प्रखंड टास्क फोर्स को उक्त संस्थान को शील करते हुवे दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुवे अधोहस्तक्षरी कार्यालय को प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। ज्ञात हो कि एमएस सेवा सदन में झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद से सेवा सदन का संचालक न सिर्फ फरार था। बल्कि मृतक के परिजनों को भी 2.50(ढाई) लाख रुपए में मैनेज कर लिया था। परंतु चतरा उपायुक्त अबू इमरान ने मामले पर गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुवे इसकी जांच कराने और इसके विरुद्ध सख्त से सख्त कारवाई करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया था। इधर उपायुक्त के आदेश के बाद सीएस ने मामले की जांच को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व टास्क फोर्स का गठन किया था। जांच कमेटी के द्वारा जांच के दौरान क्लीनिक के सदस्यों के द्वारा ही मरीजों का उपचार करने एवम उनका ऑपरेशन करने का मामला प्रकाश में आया। इसी के आधार पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने पत्रांक 562 दिनांक 03/10/2023 के आलोक में सिविल सर्जन को जांच प्रतिवेदन समर्पित किया था। जिसमें पूरे मामले को क्लीनिकल स्टेबलस्टमेंट का उलंघन बताते हुवे एमएस सेवा सदन का निबंधन रद्द करने एवं दंडनात्मक कारवाई का अनुशंसा किया गया था।

# स्वास्थ्य विभाग के 59 एंबुलेंस को ठीक कराने में मंत्री की रुचि नहीं : अविनेश सिंह

रांची।।राष्ट्रीय मुख्यधारा

प्रदेश भाजपा ने स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं को लेकर सवाल उठाया है. भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह ने शनिवार को कहा कि झारखण्ड सरकार का स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह लकवाग्रस्त हो चुका है. इसका ताजा प्रमाण पलामू जिला के नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड में एक गर्भवती महिला द्वारा सड़क पर बच्चे को जन्म देनेवाली घटना है. महिला प्रसव वेदना से तड़पती रही. उसे ममता वाहन नहीं मिल सका. ना ही एम्बुलेंस आयी. दूसरा मामला लातेहार जिला के माल्हन पंचायत का है जहां एम्बुलेंस नहीं आने पर ग्रामीणों द्वारा गर्भवती महिला को खाट पर 3 किलोमीटर दूर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. यह दृश्य राज्य की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को उजागर करता है जो राज्य के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है. अविनेश सिंह ने हेमंत सोरेन सरकार के स्वास्थ्य विभाग की बदहाल व्यवस्था पर झारखंड हाइकोर्ट भी सिस्टम फेल होने की टिप्पणी कर चुका है. फिर भी सरकार निष्क्रिय अवस्था में है. झारखंड में 59 एम्बुलेंस कई महीनों से खराब पड़े हैं. स्वास्थ्य विभाग को दिये गए एमवीआई के रिपोर्ट के अनुसार इन एम्बुलेंसों को बनवाने में मात्र 3 लाख 78 हज़ार रुपये का अनुमानित खर्च आएगा. इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया है जबकि यह काफी संवेदनशील है. आज राज्य की गरीब लाचार जनता भगवान भरोसे अपनी जिंदगी मौत से जूझने को मजबूर है.



# रोटरी मिडटाउन ने स्कूल में लगाया जिम्नास्टिक गेम

बोकारो ।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स क्लब ने शनिवार को आसस विद्यालय में गरीब बच्चों के खेलने के लिए ट्रैम्पोलीन जिम्नास्टिक नामक स्पोर्ट्स गेम लगाया। इस स्पोर्ट्स गेम को देने का उद्देश्य इन बच्चों के जीवन में खेल की कमी को पूरा करना है और उन्हें शारीरिक स्वास्थ्य और खेल की दुनिया का परिचय कराना है। अमीषा अग्रवाल ने कहा कि हमारे समुदाय में कई गरीब बच्चे विभिन्न सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों के कारण शारीरिक गतिविधि और मनोरंजन के लिए सीमित अवसरों का सामना करते हैं। रोटरी मानता है कि हर बच्चे को शारीरिक स्वास्थ्य और खेल के फायदों का आनंद लेने का अवसर मिलना चाहिए और हमारा ट्रैम्पोलीन जिम्नास्टिक्स कार्यक्रम इसे वास्तविकता बनाने के लिए दिया गया है। इस अवसर पर मिनी कपूर, प्रवक्ता अनूप अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर साजन कपूर, रोशनी, अनुज रस्तोगी, प्रज्ञा, अजीत तिवारी आदि उपस्थित रहे।

/astrosantosha
asriindia.com

उस प्राणस्वरूप, दुःखनाशक, सुखस्वरूप, श्रेष्ठ, तेजस्वी, पापनाशक, देवस्वरूप परमात्मा को हम अपनी अन्तःकरण में धारण करें। परमात्मा हमारी बुद्धि को सन्मार्ग की ओर प्रेरित करे।

30 वर्षों का अनुभव और हजारों लोगों का विश्वास

ASTROLOGICAL SCIENCE AND RESEARCH INSTITUTE INDIA

ज्योतिर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान

जन्म पत्रिका
निर्माण, विश्लेषण और समाधान

हस्तरेखा
परीक्षण और समाधान

वास्तु
निरीक्षण और समाधान

मकान का नक्शा और निर्माण

शिक्षण और प्रशिक्षण

ज्योतिष में कुछ ऐसे उपाय बताए गए हैं जिन्हें करने से तुरंत ही लाभ मिलता है फिर चाहे समस्या कितनी भी बड़ी क्यों न हो....

CALL FOR APPOINTMENT
99343 24 365

House No.-113-B, Road No.-1, Basant Vihar Colony, Harmu, Ranchi, Jharkhand - 834002



https://g.co/kgs/u42CPm

ज्योतिषी संतोषाचार्य जी

चार्टर्ड अभियंता (सिविल) एवं ज्योतिष विशारद, हस्तरेखा प्रवीण तथा वास्तु आचार्य

LICENCE NUMBER : CHARTERED ENGINEER (INDIA) - AM1964669, ICAS - 13072/18

आवश्यकता

झारखंड के आदिवासियों व जनजातियों पर केंद्रित न्यूज पोर्टल

नगाड़ा
आदिवासी आवाज़

के लिए प्रखंड स्तर पर केवल
आदिवासी रिपोर्टर

संपर्क करें – nagadapress@gmail.com
www.nagada.xyz

आदिवासी साहित्य आमंत्रित

'नगाड़ा' (आदिवासी आवाज) न्यूज पोर्टल के लिये झारखण्ड के सभी नौ लोकभाषाओं के रचनाकारों/साहित्यकारों/लेखकों/कवियों से साहित्य और संस्कृति आधारित कविता/कहानी/आलेख आमंत्रित है।

M : 9142412511
9431366404

नगाड़ा

Methodology :
With age-appropriate stimulation, and the right balance of learning and fun, we encourage their curiosity and fuel their creative side.

our curriculum & teaching methodology are carefully designed to create stimulating learning experiences that boost neural connections helping children develop higher levels of observation, critical thinking & problem-solving skills thus, making us the best in area...

KILKARI
PLAYWAY-N-PRESCHOOL
Run by NGO Hiral Independent Foundation of India

NEW BATCH
ADMISSION OPEN

Visit us at :
GOPINDU BHAWAN, Krishnapuri, Chas, Bokaro, Jharkhand.

: 6201464746
: 8969003415

Vocal Skill | Writing Skill | Language Skill | Math Skill | Communication Skill | Cognitive Skill | Brush Skill | Social Skill

# गोमिया में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित



गोमिया।।राष्ट्रीय मुख्यधारा

प्रखण्ड मुख्यालय गोमिया में शनिवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी 36 पंचायतों के राजस्व ग्राम के हर एक घर से संग्रहित मिट्टी कलश को यात्रा के रूप में गाजे-बाजे के साथ निकाली गई।प्रखण्ड मुख्यालय से मून लाइट चौक तक नकली कलश यात्रा के पश्चात प्रखण्ड परिसर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों द्वारा एक नए कलश में रखकर भारत की राजधानी दिल्ली भेजने हेतु संग्रहित किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष, बीडीओ गोमिया, सीओ गोमिया, चितरंजन साव, विधायक प्रतिनिधि राजेश विश्वकर्मा, पंचायत सचिव सगुनाथ रविदास, फिरोज अंसारी, रोजगार सेवक विनय कुमार गुरु, शिवशंकर कुमार आदि उपस्थित थे।

# विद्युत अधीक्षण अभियंता से मिला नगर विकास समिति का प्रतिनिधिमंडल

बोकारो ।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



नगर विकास समिति का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को अभय कुमार मुन्ना के नेतृत्व में विद्युत अधीक्षण अभियंता दीनानाथ साहू से मिला और उनसे विभिन्न जन समस्याओं पर वार्ता की। वार्ता में समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि चास नगर निगम, ग्रामीण एवं चंदनकियारी क्षेत्र में विद्युत विभाग की अनियमितता एवं कुव्यवस्था के कारण आमजन को भारी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। नियमित रूप से विद्युत बिल वितरण नहीं दिए जाने, मकरा जाल की तरह विद्युत तार का झूलता रहना, बिजली मिस्त्री के द्वारा वरीय पदाधिकारी के नाम पर भयादोहन कर आम जनता को परेशान करना, विद्युत लोड के अनुसार ट्रांसफार्मर नहीं रहने, जनता दरबार का नियमित आयोजन करने सहित विभाग में जन शिकायत लिखित या दूरभाष से करने पर भी उचित कार्रवाई समय पर नहीं होने का मुद्दा अधीक्षण अभियंता के सम्मुख उठाया गया। उक्त मुद्दों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अधीक्षण अभियंता ने त्वरित रूप से संबंधित जनसमस्या पर कार्रवाई करते हुए विभिन्न क्षेत्र के कनीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं अन्य पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अधीक्षण अभियंता श्री साहू ने कहा कि विद्युत विभाग अपने स्तर से पूरे क्षेत्र में सुचारु रूप से विद्युत आपूर्ति हो, इसके लिए सतत प्रयासरत है। श्री साहू ने कहा कि चंदनकियारी और बरमसिया ग्रिड को 15 अक्टूबर के पहले ट्रायल बेसिस पर शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है और इसकी सफलता के बाद दुर्गा पूजा के बाद नियमित रूप से इन दोनों ग्रिड को शुरू किया जाएगा। श्री साहू ने कहा कि इन दोनों ग्रिड के सुचारु होने के बाद जैनामोड़ ग्रिड को भी चालू किया जाएगा, जिससे डीवीसी पर विद्युत आपूर्ति की निर्भरता से मुक्ति मिलेगी। श्री साहू ने कहा कि आने वाले समय में सभी जर्जर तार एवं ट्रांसफार्मर को सुदृढ़ किया जाएगा। आम जनता की समस्याओं के समाधान हेतु शीघ्र ही जनता दरबार का नियमित आयोजन किया जाएगा। नगर विकास समिति के प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक सदस्य बालकृष्ण कुमार, जय प्रकाश शर्मा, राम भजन सिंह, अतीश कुमार सिंह, नरोत्तम झा, जितेंद्र प्रसाद सिंह, रामकिंकर माहथा, परमेश्वर राणा, अजीत साहू आदि शामिल हुए।

# आज से 10 पंचायतों को मिलेगा पानी

बोकारो ।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



राजकीय पॉलिटेक्निक खुटरी के समीप ग्रामीण जलापूर्ति योजना की पानी टंकी से विगत एक सप्ताह से बाधित सप्लाई पानी रविवार से मिलना शुरू हो जायगा। सिस्टम को चला रहे संवेदक के प्रतिनिधि अमर मिश्रा ने बताया कि पानी को प्रेशर देने वाली रिले डिस को बना दिया गया है। अब एक दिन में पांच पंचायत को घर-घर पानी दिया जा रहा है। कहा कि तेनु-बोकारो नहर में इस वक्त गंदा पानी बह रहा है, जिसे पम्प हाउस तुपकाडीह से लेकर एलम पत्थर, ब्लीचिंग पाउडर और चूना आदि मिलाकर फिल्टर करने के बाद खाने पीने लायक शुद्ध जल ग्राहकों को पेयजल आपूर्ति विभाग दे रहा है। बताते चलें कि इस पानी टंकी से दस पंचायत के लगभग पांच हजार ग्राहक हैं, जिन्हें पाइपलाइन के जरिये पानी मिलता है, जिसके एवज में विभाग 62 रुपये प्रति माह ग्राहकों से लेता है।

## शौर्य जागरण रथ यात्रा को किया रवाना



**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल से शौर्य जागरण रथ यात्रा को पेटरवार के लिए शनिवार को रवाना किया गया। मौके पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल धनबाद के विभाग मंत्री विनय कुमार, बजरंग दल जिला संयोजक अभिमन्यु पासवान, जिला प्रमुख विश्वजीत समादार, प्रखंड संयोजक सौरव सिंह, सौरभ कुमार, श्याम कुमार एवं दुर्गा वाहिनी प्रखंड उपाध्यक्ष स्नेहा कुमारी, मंत्री प्रियंका कुमारी, मोनिका कुमारी, प्रिया कुमारी, सोनी कुमारी, नीतू कुमारी, प्रियंका कुमारी, सुमन कुमारी, सोनाली सिंह सहित तमाम विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भासुस के प्रदेश सचिव ने मंत्री को सौंपा मांग पत्र



**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल मुर्गी फार्म निवासी तथा भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के बोकारो जिला उपाध्यक्ष सह- भारतीय सुदर्शन समाज महासंघ के प्रदेश सचिव रामपुकार राम ने केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्रालय के राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर को बुके देकर सम्मानित किया और साथ ही उन्हें ज्ञापन देते हुए सुदर्शन समाज का जाति प्रमाण पत्र जैसी जटिल समस्या का समाधान झारखंड में करने की मांग की। मंत्री ने मांगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष रखने का भरोसा दिलाया। मौके पर भाजपा के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवी दास, सुदर्शन समाज के प्रदेश अध्यक्ष शंकर कुमार, संजीत, रविंद्र, सूरज, विकास, पंकज आदर्श, राजेश आदि उपस्थित थे।

## गोविंदपुर परियोजना में चोरी का असफल प्रयास

**बोकारो थर्मल** : बोकारो थर्मल थाना अंतर्गत सीसीएल कथारा एरिया की गोविंदपुर परियोजना में शुक्रवार की रात्रि चोरों के द्वारा चोरी के प्रयास को परियोजना के कामगारों, सुरक्षा कर्मियों एवं स्थानीय थाना की पुलिस द्वारा विफल कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शुक्रवार की रात्रि लगभग बारह बजे दस बारह की संख्या में चोरों का गिरोह परियोजना के तीन-चार नंबर हॉलेज घर में चोरी करने की नीयत से प्रवेश किये और मशीनों के पाट्र्स को खोल रहे थे। इसी बीच परियोजना बत्ती घर एवं इ एंड एम सेक्शन के कामगारों को आहट मिली। आहट पाकर जब कामगार उधर गये तो उन लोगों के द्वारा शोर मचाये जाने पर सुरक्षा गश्ती पार्टी पहुंची। घटना की सूचना स्थानीय थाना को भी दी गई। सूचना पाकर पुलिस भी पहुंची। सुरक्षा गार्ड एवं पुलिस के पहुंचने पर सभी चोर मशीन के खोले गये सामान को छोड़कर भाग गये। बाद में दुबारा चोरों ने स्टोर पर भी धावा बोला, परंतु उन्हें वहां से भी खदेड़ दिया गया। सुरक्षा इंचार्ज परमेश्वर नायक ने कहा कि चोरों का गिरोह स्टोर पर चोरी की नीयत से पहुंचा था, परंतु उन्हें सुरक्षा गश्ती की टीम ने भगा दिया।

## मिशन इंद्रधनुष 5.0 की सफलता को लेकर बैठक

**गोमिया :** गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी कपिल कुमार की अध्यक्षता में मिशन इंद्रधनुष 5.0 बीएलटीएफ की बैठक संपन्न हुई। इसमें स्वास्थ्य समुदाय केंद्र गोमिया के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष अभियान 5.0 के तहत 31 क्षेत्रों में शिविर लगाकर 0.5 वर्ष के टीकाकरण से वंचित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण दिया जाएगा। इस बैठक में गोमिया के अंचल अधिकारी प्रदीप कुमार महतो, फैसिलिटी हेल्थ मैनेजर, प्रखंड डाटा प्रबंधक, लेखा प्रबंधक, प्रधान लिपिक आदि उपस्थित थे।



# लोहा चोरी करने पहुंचा पिकअप जब्त, एक गिरफ्तार



बोकारो ।।राष्ट्रीय मुख्यधारा

बालीडीह थाना इलाके के बोकारो औद्योगिक क्षेत्र में यूनिवर्सल फाउंडरी कंपनी के गेट पर रखे लोहे के एंगल को चोरी करने चोरों का गिरोह पहुचा था. जब इसकी भनक सुरक्षा कर्मियों को लगी, तो चोर पिकअप वैन छोड़कर फरार हो गए. घटना 6 अक्टूबर रात करीब 2 बजे की है. बालीडीह पुलिस ने मौके से लोहे के एंगल, पिकअप वेन, गैस कटर आदि को जब्त कर थाना ले आई है. चोर गैस कटर से लोहे को काट कर पिकअप वैन पर लोड कर रहे थे. इस बीच लोहे की आवाज सुनकर कर्मचारी ने देखा तो सभी भाग खड़े हुए. इसकी सूचना पुलिस को दी गई.

पेट्रोलिंग पुलिस को सूचना मिलते ही पिकअप वैन को पकड़ा. बताया जाता है कि चार-पांच की संख्या में अपराधी चोरी करने पहुंचे थे. इसमें से एक अपराधी को कम्पनी के लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है. पुलिस मामले जांच में जुट गई है.

# भाजपा को लेकर दिए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के बयान पर सियासत तेज

रांची।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



धनबाद में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को शुक्रवार को कार्यकर्ताओं के गुस्से का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उन्होंने धनबाद जिला 20 सूत्री मंत्री और धनबाद लोकसभा समन्वय समिति के प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया. कार्यकर्ताओं के इस व्यवहार से आहत स्वास्थ्य मंत्री ने इसके पीछे बीजेपी का हाथ बताया है और हंगामा करने वाले लोगों को बीजेपी कार्यकर्ता बताया है. इस बीच स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के इस बयान पर राजनीति शुरू हो गई है. बीजेपी ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर हमला बोलते हुए कहा है कि अंदरूनी कलह से जूझ रही कांग्रेस अपनी खामियों को छिपाकर बीजेपी पर आरोप मढ़ रही है. बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता अनिमेष कुमार ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा है कि मुझे उनपर तरस आ रहा है कि उनके माथे पर भाजपा का इस कदर भूत सवार हो गया है कि वो अपने कार्यकर्ता को भी पहचान नहीं पा रहे हैं. दरअसल स्वास्थ्य मंत्री बीमार पड़ गये हैं, पहले उनका इलाज कराना चाहिए. कांग्रेस के लोगों को धनबाद जाकर पता लगाना चाहिए कि विरोध किसने किया था. वहां कांग्रेस कार्यकर्ता थे जो विरोध प्रदर्शन कर रहे थे. स्वास्थ्य मंत्री इसे सहन नहीं कर सके और उन्हें इस्तीफा देना पड़ा. कांग्रेस में किस तरह की अंदरूनी कलह है, यह जगजाहिर है, इसलिए मैं कहता हूं कि यह डपोरशंखी बयान है. धनबाद की घटना पार्टी कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे तक पहुंच गयी है. प्रदेश कांग्रेस के संज्ञान में आने के बाद पार्टी इसे गंभीरता से ले रही है. संभावना है कि पार्टी की ओर से आंतरिक जांच करायी जायेगी. इधर, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की नाराजगी और उस पर चल रही राजनीति को लेकर कांग्रेस उनके बचाव में उतर आई है. पार्टी महासचिव और प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा है कि धनबाद की घटना प्रदेश प्रभारी के संज्ञान में है और संयोग से वह अभी रांची दौरे पर हैं, इसलिए पार्टी की ओर से उचित कदम उठाया जायेगा. बीजेपी पर पलटवार करते हुए राकेश सिन्हा ने कहा कि बीजेपी को अपने अंदर झांकना चाहिए. उनके भीतर किस तरह से मतभेद हैं?

# एनडीआरएफ के जवानों के साथ आपदा प्रबंधन पर सेमिनार आयोजित

गोमिया ।।राष्ट्रीय मुख्यधारा




के बी कॉलेज, बेरमो की वेलफेयर कमेटी एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को आपदा प्रबंधन विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ जंतु शास्त्र सभागार में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा ने कहा कि विभिन्न मानव एवं प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए तकनीकी के साथ कौशल प्रशिक्षण की जरूरत है। आपदा प्रबंधन विषय पर जागरूकता सुरक्षा हेतु अनिवार्य कदम होंगे। मुख्य अतिथि प्रशिक्षक के रूप में एनडीआरएफ, बिहटा, पटना बिहार 9वीं बटालियन के राहुल कुमार सिंह ने कहा कि कॉलेज प्रबंधन, शिक्षकों व विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण से अवगत रहने की जरूरत है। एनडीआरएफ टीम सभी प्राकृतिक व मानव निर्मित आपदाओं में विशेषज्ञ के रूप में भूमिका निभाती है। एनडीआरएफ एक पैरामिलिट्री लायंस फोर्स है, जो देश की सुरक्षा बलों से मिलकर बनती है। एनडीआरएफ की टीम जीवन रक्षक की भूमिका हेतु जागरूकता प्रदान करती है। आयोजनकर्ता सह- वेलफेयर कमेटी समन्वयक डा प्रभाकर कुमार ने कहा कि आपदा प्रबंधन की जानकारी किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति में सुरक्षा का काम करती है। एनडीआरएफ टीम के द्वारा आपदा प्रबंधन मुद्दे पर जागरूकता मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम को आईक्यूएसी समन्वयक डा अरुण कुमार रॉय महतो ने भी संबोधित किया। एनडीआरएफ 9वीं बटालियन की टीम में कमांडर इंस्पेक्टर राहुल कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर ज्योति कुमार झा, वरीय आरक्षी सुशील कुमार सिंह, पिकेश कुमार चौरसिया, राजन कुमार, अभिषेक कुमार, पंकज कुमार, ब्रजेश कुमार, विकास कुमार पांडेय, राकेश यादव शामिल थे। सेमिनार में मंच संचालन डा नीला पूर्णिमा तिर्की तथा स्वागत भाषण प्रो लक्ष्मी नारायण रॉय ने किया। सेमिनार में सभी विभागों के विद्यार्थियों के बीच पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## पारसनाथ पहाड़ में बनेगा रोप-वे, विरोध में डोली मजदूरों ने निकाला मार्च



गिरिडीह ।।राष्ट्रीय मुख्यधारा

जैन तीर्थ मधुबन में यात्रियों की वंदना की सुविधाएं को रोपवे लगवाने की तैयारी के खिलाफ हटियाटांड मैदान में 7 अक्टूबर को मरांग बुरू सावंता सुसार बेसी के पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत डोली मजदूरों ने विरोध निकाली. जिसमें सैकड़ों डोली-गोदी मजदूर के अलावा मजदूर व दुकानदारों ने भाग लिया. रोपवे लगवाने के विरोध में उपस्थित लोगों ने सर्वप्रथम हटियाटांड मैदान से ढोल नगाडे लेकर कुन्द-कुन्द कहान होते हुए जहाज मंदिर पुरनीटांड, भीरंगीमोड, प्रकाश भवन, शाश्वत भवन गुणायतन, भोमियाजी भवन, तेरापंथी कोठी, श्वेतांबर कोठी, बीसपंथी कोठी होते हुए पारसनाथ पर्वत की तलहटी पर पहुंचकर आमसभा की. कहा कि अगर पारसनाथ पर्वत पर रोपवे का निर्माण होता है तो हजारों डोली-गोदी मजदूर के अलावा दैनिक मजदूर, दुकानदार बेरोजगार हो जाएंगे. गौरतलब हो कि पारसनाथ में पहाड़ की तलहटी से लेकर चोपड़ा कुंड मंदिर तक रोप-वे निर्माण को स्थल का सर्वे किया जा रहा है. इसी के खिलाफ मधुबन में आदिवासी समाज ने विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया था. मौके पर प्रशासन के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया.

# पुलिस ड्यूटी मीट 2023 का हुआ समापन, दुमका ओवर ऑल चैंपियन, रांची टीम बनी रनरअप

रांची।।राष्ट्रीय मुख्यधारा

राजधानी रांची के जैप वन ग्राउंड में चल रहे तीन दिवसीय पुलिस ड्यूटी मीट 2023 का शनिवार को समापन हो गया. तीन दिनों तक चले इस आयोजन के दौरान झारखंड पुलिस की सात टीमों के प्रतिभागियों ने अपराध अनुसंधान के विषयों को लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया. झारखंड पुलिस ड्यूटी मीट में सर्वाधिक पुरस्कार के साथ दुमका ओवर ऑल चैंपियन बनी, जबकि रांची की टीम दूसरे स्थान पर रहकर रनरअप बनी है. समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने 04 से 07 अक्टूबर तक चली प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न और कप देकर सम्मानित किया. कार्यक्रम के दौरान डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड में पुलिसिंग को दुरूस्त करने के लिए हर तरह के प्रयास किए जा रहे हैं. झारखंड पुलिस ड्यूटी मीट एक बेहतर मंच है जहां आकर प्रतियोगिता के तौर पर पुलिसकर्मी अपने अनुसंधान के गुर का प्रदर्शन करते हैं. प्रतियोगिता में विजेता रहे पुलिसकर्मी दिल्ली में राष्ट्रीय पुलिस ड्यूटी मीट में शामिल होंगे. इसके लिए उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा. पुलिसकर्मियों को अत्याधुनिक तरीके से अनुसंधान के तरीके सिखाये जा रहे है,ताकि अनुसंधान का काम तेज गति से हो सके और लंबित मामलों में कमी आए. पुलिस ड्यूटी मीट समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि पुलिस मजबूत होगी तभी जनता सुरक्षित रहेगी. मिथलेश ठाकुर के अनुसार हमारी पुलिस अब टेक्निकली पूरी तरह से दक्ष है. नए बहाल सब इंस्पेक्टर में इंजीनियर हैं तो कोई दूसरे टेक्निकल मामलों में दक्ष है. आने वाला एक दिन ऐसा भी आएगा जब झारखंड में गंभीर अपराध के मामले पूरी तरह से थम जाएंगे इक्के दुखी अपराध ही होंगे. मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ झारखंड पुलिस में अभूतपूर्व सफलता पाई है. जिसे आगे भी कायम रखने की जरूरत है. हालांकि साइबर क्राइम को लेकर चिंता जताई उन्होंने डीजीपी से यह अनुरोध किया कि इस पर विशेष तौर पर काम होना चाहिए ताकि राज्य से साइबर अपराध का भी खात्मा हो सके. पुलिस ड्यूटी मीट 2023 में संथाल रेंज का दबदबा रहा. सर्वाधिक पुरस्कार के साथ दुमका ओवरऑल चैंपियन रहा, दूसरा स्थान रांची जिला रहा. सबसे ज्यादा मेडल देवघर जिला बल के शाहदेव प्रसाद ने जीता है.



### किस प्रतियोगिता में कौन कितने नंबर पर रहा

**फॉरेंसिक साइंस (लिखित)**
1. इंस्पेक्टर शाहदेव प्रसाद ,देवघर
2. सब इंस्पेक्टर मीनू कुमारी ,वेस्ट सिंहभूम
3. सब इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार ,बोकारो

**फिंगर प्रिंट (प्रेक्टिकल एंड ओरल)**
1. सब इंस्पेक्टर नविता कुमारी, लोहरदगा
2. इंस्पेक्टर अनिल कुमार तिवारी, एटीएस
3. सब इंस्पेक्टर मीनू कुमारी, वेस्ट सिंहभूम

**फोटोग्राफी (सीन एंड क्राइम)**
1. इंस्पेक्टर शाहदेव प्रसाद, देवघर
2. इंस्पेक्टर अनिल कुमार तिवारी, एटीएस
3. सब इंस्पेक्टर मीनू कुमारी, वेस्ट सिंहभूम

**क्राइम इंवेस्टिगेशन लॉ रूल्स एंड प्रोसिजर्स एंड कोर्ट जजमेंट**
1. इंस्पेक्टर शाहदेव प्रसाद ,देवघर
2. सब इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार ,बोकारो
3. इंस्पेक्टर राजीव रंजन (साहेबगंज) और अनिल तिवारी ( एटीएस)

**मेडिको लीगल (ओरल)**
1. इंस्पेक्टर शाहदेव प्रसाद, देवघर
2. सब इंस्पेक्टर नविता कुमारी महतो, लोहरदगा
3. सब इंस्पेक्टर रवि शंकर, रांची

**लिफ्टिंग पैकिंग एंड फारवार्डिंग ऑफ एक्जिविट्स**
1. सब इंस्पेक्टर इकबाल हुसैन, कोडरमा
2. सब इंस्पेक्टर रोहित कुमार कालिंदी, रांची
3. इंस्पेक्टर सतीश कुमार, सीआईडी और सब इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार, बोकारो

# तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार, एक्सयूवी, स्विफ्ट डिजायर, स्कोर्पियो बरामद

**जामताड़ा ।।राष्ट्रीय मुख्यधारा**



पुलिस अधीक्षक जामताड़ा अनिमेष नैथानी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जामताड़ा साईबर अपराध थाना प्रभारी मनोज कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों के द्वारा जामताड़ा थानान्तर्गत ग्राम सोनबाद में साईबर अपराधियों के विरूद्ध छापामारी की गई। बताते चलें कि अपराधकर्मी अनवर अंसारी के घर में बैठकर साईबर अपराध की घटना को अंजाम दे रहे थे। छापेमारी के क्रम में अनवर अंसारी, उम्र 34 वर्ष, पिता कासीम अंसारी, ग्राम सोनबाद, मनीर अंसारी उम्र 25 वर्ष पिता यासीन अंसारी ग्राम चंगाईडीह, दोनो थाना जामताड़ा निवासी तथा सगीर अंसारी उम्र 30 वर्ष पिता दीलदार मियाँ, ग्राम रिंगोचिंगा थाना करमाटाँड़ को मौका ए वारदात से पकड़ा गया। जबकि भगीरथ दत्ता, पिता गोपीनाथ दत्ता, ग्राम सोनबाद, थाना जामताड़ा जिला जामताड़ा भागने में सफल रहा। इस संबंध में इनके विरुद्ध जामताड़ा साईबर अपराध थाना में कांड सं0 56/ 23 दर्ज किया गया है। पकड़ाये एवं भागे अभियुक्तों के पास से मोबाइल, सिम कार्ड, चार पहिया वाहन की बरामदगी हुई है। साथ ही गिरफ्तार अभियुक्त अनवर अंसारी, मनीर अंसारी,सगीर अंसारी को जेल भेजा जा रहा है एवं फरार अभियुक्त के विरूद्ध छापामारी की जा रही है।गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से 15 मोबाईल,इक्कीस विभिन्न कंपनियों के सिम,एक लेपटोप,दो वाई फाई डोंगल ,तीन एटीएम कार्ड विभिन्न बैंकों के पांच पासबुक,दो गाड़ी का रेजिस्ट्रेशन कार्ड, तीन चार पहिया वाहन ( एक्सयूवी 300, स्कोर्पियो, स्विफ्ट डिजायर ) बरामद किया गया। विदित हो कि उपरोक्त सभी लोग एक साथ मिलकर चोरी किया हुआ सिम एवं मोबाईल का प्रयोग करते हुए गूगल पर टाटा एसबीआई क्रेडिट कार्ड / एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड का क्रेडिट कार्ड होल्डर सर्च करते हुए रैंडमली कोई भी मोबाईल नंबर डालते और उक्त मोबाईल नंबर से कोई एसबीआई क्रेडिट कार्ड/एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड का लिंक है या नहीं पता कर लेते थे। उसके बाद उक्त मोबाईल नंबर पर बात कर अपने झांसा मे लेकर स्कीन शेयरिंग एप जैसे एनीडेस्क / टीम व्यूयर/ रस्क डेस्क / क्विक सपोर्ट एप का लिंक भेजकर स्कीन की गतिविधि को रिकार्ड कर साईबर ठगी करते थे।

# क्यूआरटी सुधारेगी यातायात व्यवस्था:20 जवानों को स्पेशल क्यूआरटी में किया शामिल, टीम में ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम भी शामिल

**रांची ।।राष्ट्रीय मुख्यधारा**



राजधानी रांची की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। इसके लिए कई बार कई तरह के प्लान तैयार किए गए। रांची पुलिस अब एक बार फिर अनोखे तरीके से ट्रैफिक को सुधारने की प्लानिंग बनी है।

सिटी एसपी सह ट्रैफिक एसपी राजकुमार मेहता की ओर से यह प्लानिंग की गई है। अब तक केवल ट्रैफिक पुलिस व्यवस्था को सुधारने में लगी रहती थी पर अब ऐसा नहीं होगा। शहर का ट्रैफिक स्मूथ रहे इसके लिए रांची पुलिस, रांची नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, संबंधित थाने के प्रभारी और अनाउंसमेंट टीम मिल कर काम करेगी। अब क्यूआरटी करेगी काम रांची शहर की ट्रैफिक को सुधारने में क्यूआरटी की भूमिका रहेगी। शहर में क्विक रेसपांस टीम बनायी गयी है। इस टीम में रांची पुलिस, रांची नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, संबंधित थाने के प्रभारी और अनाउंसमेंट टीम को शामिल किया गया है। वहीं रांची पुलिस लाइन से 20 जवानों को स्पेशल क्यूआरटी टीम में शामिल किया गया है।

इस टीम का काम ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारना और लोगों को जाम से निजात दिलाना है। क्यूआरटी के सेटअप की बात करें तो इसमें 20 अतिरिक्त जवानों के साथ ट्रैफिक पुलिस के पांच पुलिसकर्मी, रांची नगर निगम की टीम, संबंधित थाना प्रभारी और उनकी टीम एवं अनाउंसमेंट टीम है। टीम को ऑन द स्पॉट कार्रवाई का अधिकार सिटी एसपी सह ट्रैफिक एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि रांची शहर में कई तरह क कंस्ट्रक्शन वर्क चल रहे हैं। दुर्गापूजा भी है।

मार्केटिंग के लिए लोगों की भीड़ होगी। ऐसे में स्मूथ ट्रैफिक के लिए प्लान बनाकर काम करना जरूरी है। इसलिए क्यूआरटी बनाया गया है। उन्होंने बतायाक अब तक ट्रैफिक पुलिस ही ट्रैफिक का काम देखती थी लेकिन अब संयुक्त रूप से ट्रैफिक पुलिस, थाने की पुलिस, नगर निगम की टीम, अनाउंसमेंट टीम और संबंधित थाना प्रभारी काम करेंगे। इससे कॉर्डिनेशन आसान होगा। उन्होंने बताया कि क्यूआरटी शहर में जाम होने से निजात दिलाने का काम करेगी। वहीं टीम को यह अधिकार होगा कि ट्रैफिक अभियान के दौरान कोई भी विरोध करता है, तो उसपर भी कार्रवाई करेगी। ट्रैफिक सुधारने एसएसपी तक सड़कों पर उतरे शहर में एसएसपी, सिटी एसपी और ट्रैफिक के बदलने के बाद नए पदाधिकारियों ने सड़कों पर उतर कर परेशानी को समझा। खुद एसएसपी अन्य अधिकारियों के साथ मेर रोड पहुंच कर ट्रैफिक स्मूथ बनाने की कोशिश की।

इस दौरान अव्यवस्थित तरीके से सड़कों पर दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई भी की। संबंधित थाना प्रभारियों को कई तरह के निर्देश भी दिए। बीते तीन अक्टूबर को शहर में ट्रैफिक अभियान चलाया गया। इस दौरान 50 दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया। उनसे लगभग 2.94 लाख रुपए बतौर जुर्माना वसूला गया।

# दलित और पिछड़ों के कल्याण के लिए सरकार है कटिबद्ध - बजरंगी प्रसाद यादव

**साहिबगंज ।।राष्ट्रीय मुख्यधारा**



झारखंड प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार साहेबगंज ज़िले के बोरियों विधानसभा क्षेत्र के मंडरो मंडल में बस्ती जनसंपर्क अभियान के तहत मिर्ज़ाचौकी मोहली टोला (दलित बस्ती) में 7 अक्टूबर 2023 दोपहर दो बजे, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश में गरीब परिवारजनों के लिए धरातल पर उतारे गए अभूतपूर्व जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में मंडरो भाजपा मंडल प्रवास प्रभारी व राष्ट्रीय मंत्री व छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी श्री बजरंगी प्रसाद यादव द्वारा मोहली टोला के दर्जनों गणमान्य लोगों के घर पर जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में चर्चा की। साथ ही मोहली टोला काली मंदिर परिसर में जनसंवाद सभा को भी संबोधित किया। श्री यादव ने केंद्र सरकार द्वारा दलितों और पिछड़ों के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जनसंवाद सभा में बातों को रखा।

सभा में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक ताला मरांडी, जिला उपाध्यक्ष चंद्रभान शर्मा, जिला मंत्री रामानंद चौरसिया मंडल, अध्यक्ष जितेन्द्र पंडित एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय भगत उर्फ़ लड्डू, शिव शंकर प्रखंड उप प्रमुख, विजय महतो, अरविंद पंडित, कृष्ण कुमार शर्मा, संजय यादव, पंचायत समिति टिंकु भगत, विनोद गुप्ता, विनोद पंडित, विशाल कुमार, सौरव कुमार, भोला सिंह, भवानी यादव आदि सैकड़ों लोग जनसंवाद सभा में भाग लिया।

# शहरी स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का आयोजन



**देवघर ।।राष्ट्रीय मुख्यधारा**

सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा के निदेश पर दिनांक 07/10/23 को शहरी स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का आयोजन विभिन्न आंगनवाड़ी केन्द्रों में किया गया। शहरी स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत शहरी क्षेत्र में अवस्थित आंगनवाड़ी केन्द्र में आंगनवाड़ी सेविकाओं के द्वारा क्षेत्र में रहने वाले जन्म से लेकर दो वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की लिस्ट बनायीं गई । जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक सुनील मणि त्रिपाठी ने बताया की शहरी क्षेत्र मे कार्यरत ए एन एम के द्वारा यु एच एन डी के दिन स्वास्थ्य जांच की जाती है, उनका टीकाकरण किया जाता है,आवश्यक परामर्श सेवा उपलब्ध कराई जाती है, आई एफ ए एवं कैल्शियम की टेबलेट वितरित किया जाती है। बच्चो को पोषक आहार का वितरण किया जाता है साथ ही आयरन फोलिक एसिड का सिरप बच्चो को उपलब्ध कराया जाता है जिसे सप्ताह में दो दिन एक एम् एल की खुराक लेनी होती है,ज्ञात है कि शहरी स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस प्रत्येक गुरुवार और शनिवार को किया जाता है।

# जामताड़ा आरपीएफ को मिली बड़ी कामयाबी,पांच बैग अवैध शराब बरामद

**जामताड़ा ।।राष्ट्रीय मुख्यधारा**



शुक्रवार देर शाम को गुप्त सूचना के आधार पर ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ एस.आई. आर. के.पाण्डेय एवं ए.एस.आई. मोहमद इकबाल खान गाड़ी संख्या 12023 अप (हावड़ा-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस) में समय संध्या 5 बजकर 37 मिनट पर जामताड़ा रेलवे स्टेशन पर डी-4 कोच में छापेमारी की और देखा कि 05 बैग डी-4 और डी-5 के वेस्टिबुल पर रखे हुए है और बैग के पास एक व्यक्ति संदिग्ध तरीके से खड़ा था। उन्होंने उससे इन बैगों के संबंध में पूछा तो उसने साहसपूर्वक इसका मालिक होने का दावा किया। संदेह होने पर उन्होंने बैगों की जांच की तो पता चला कि बैग बीयर से भरे हुए थे। पूछताछ करने पर उसके द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया । साथ ही इस संबंध में कोई कानूनी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। उन्होंने उस व्यक्ति से पूछताछ किया तो उसने अपनी पहचान मुकेश कुमार, पुत्र- विजय राय के रूप में बताया और यह भी खुलासा किया कि वह अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए बख्तियारपुर (बिहार) में डिलीवरी के लिए शराब ले जा रहा था। हालाँकि उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद उसे बैग के साथ ट्रेन से उतार दिया गया। उसके बैग की जांच की गई और गिनती करने पर 05 बैग में रखी कुल 240 पीस हेवार्ड 5000 बियर पाई गई, जिसकी कीमत कुल 25200/- रुपया था। इसके बाद एसआई आर.के.पांडेय उपलब्ध गवाहों के समक्ष उक्त बियर को जप्त किया और ट्रेन में इतनी बड़ी मात्रा में शराब ले जाने के कारण शराब तस्कर को हिरासत में ले लिया गया । बाद में गिरफ्तार व्यक्ति और जब्त सामग्री को विधिवत कानूनी कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग, जामताड़ा को सौंप दिया गया।

# मदर्स इंटरनेशनल एकेडमी में फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**देवघर ।।राष्ट्रीय मुख्यधारा**

मदर्स इंटरनेशनल एकेडमी में एक माह से चल रहे फुटबॉल लीग का फाइनल मैच शनिवार को खेला गया। फुटबॉल प्रतियोगिता तीन अलग-अलग ग्रुप में आयोजित की गई। ग्रुप ए में वर्ग चतुर्थ से षष्ठ, ग्रुप बी में वर्ग सप्तम से नवम और ग्रुप सी में वर्ग दशम से बारहवीं के फुटबॉल खिलाड़ी शामिल थे। ग्रुप ए में वेस्ट हाउस को नॉर्थ हाउस ने 2-1 से पराजित कर विजय हासिल किया। ग्रुप बी के फाइनल फुटबॉल मैच में साउथ हाउस ने वेस्ट हाउस को 5-0 से पराजित कर विजय प्राप्त किया जबकि ग्रुप सी के रोमांचक फुटबॉल फाइनल मैच में साउथ हाउस ने वेस्ट हाउस को 3-2 से पराजित कर शिल्ड पर कब्जा जमाया। विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार कलबलिया, मैनेजिंग ट्रस्टी सुषमा अग्रवाल, दृष्टि गर्ग ने विजेता और विजेता टीम को शिल्ड और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया । मौके पर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए विद्यालय के निर्देशक मनोज कुमार कलबलिया ने कहा कि विद्यालय के फुटबॉल खिलाड़ियों में प्रतिभाएं छिपी है। खेल प्रतिभाओं का संरक्षण किया जाएगा। विद्यालय विभिन्न खेलकूद के माध्यम से छात्र-छात्राओं के बौद्धिक शारीरिक और मानसिक विकास करता रहेगा।

# उपायुक्त ने नगर परिषद के कार्यों की समीक्षा

## उपायुक्त ने सभी क्रियान्वित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया




**पाकुड़ ।।राष्ट्रीय मुख्यधारा**

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में नगर परिषद के अंतर्गत चल रहे कार्यों कि समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने मुख्य रूप से नगर परिषद अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति, राजस्व, स्वच्छ भारत मिशन, पेयजल, प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की।उपायुक्त ने शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई नियमित रूप से कराने का भी निर्देश दिया। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में और भी लाईट लगाने के लिए प्रशासक, नगर परिषद को निर्देश दिया। ताकि रात में लोगों को आवागमन में परेशानी ना हो। साथ ही साथ उपायुक्त ने बैंक कॉलोनी स्थित पार्क को साफ-सफाई एवं शहरी जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया मौके पर प्रशासक, नगर परिषद राजकमल मिश्रा, नगर प्रबंधक मृत्युंजय पांडे, नगर मिशन प्रबंधक मनीष मिश्रा, कनीय अभियंता निमाय सरकार समेत अन्य उपस्थित थे।

# नाबालिक लड़की से छेड़छाड़ के मामले में ग्रामीणों ने एक बुज़ुर्ग को किया पुलिस के हवाले

**नाला/जामताड़ा ।।राष्ट्रीय मुख्यधारा**




नाबालिक लड़की के छेड़छाड़ के आरोप में ग्रामीणों ने एक बुजुर्ग को पकड़कर नाला थाना को सुपुर्द किया। वहीं पुलिस द्वारा मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया। इस संबंध में नाला थाना प्रभारी महेश मुंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिक उम्र को देखते हुए न्यायालय द्वारा उसे वापस कर दिया गया। घटना बादलपुर गांव की है। इस संबंध में नाबालिग लड़की के पिता ने अपने लिखित आवेदन में कहा है कि 6 अक्टूबर शाम 5 बजे मेरी पुत्री साईकिल लेकर गांव में चला रही थी। तभी मेरे ही गांव के बुजुर्ग व्यक्ति मेरी पुत्री का साइकिल रोककर गलत नियत से हाथ पकड़कर खींचते हुए जबरदस्ती करने लगा।इस घटना को मेरे गाँव के बहुत लोगों ने देखा एवं विरोध किया। तभी गलत भाषा से गांव वालों को गाली गलोच किया।इसके पूर्व में भी इसका चरित्र खराब है।

गांव के महिला को भी गलत नजर से देखता है।जिसके कारण गांव के महिला घर से बाहर निकलने से डरती है। नाबालिग लड़की के पिता ने नामजद अभियुक्त के उपर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इधर नाला थाना कांड संख्या 75/23 दर्ज कर पुलिस न्यायालय में पेश की साथ ही न्यायालय द्वारा उसे वापस कर दिया गया ।

# प्रोफेशनल्स ने ही कांग्रेस पार्टी का निर्माण किया: अविनाश पांडेय

**रांची** । झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल की अध्यक्षता में शनिवार को होटल आर्या, लालपुर में ''थिंक-2024'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि हर व्यक्ति सबसे पहले देश का नागरिक होता है, राज्य का महत्वपूर्ण अंग होता है। कोई भी समाज बिना व्यापार और बिजनेस से मजबूत नहीं हो सकता है। इस चीज की महत्ता को देखते हुए प्रोफेशनल्स कांग्रेस को नये रूप में लाया गया है। जो कि हमारे आदर्श के रूप में उन्हीं प्रोफेशनल्स ने इस पार्टी का निर्माण और स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया और इस कांग्रेस पार्टी की आधारभूत जो रचना थी उसे प्रोफेशनल्स ने ही किया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रोफेशनल्स होते हुए भी सेवा का मार्ग कांग्रेस को चुने और देश को आजादी दिलायी। इसलिए कांग्रेस सेक्यूलर विचार-धारा के साथ सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर शांति प्रिय ढंग से इस देश का नवनिर्माण की गई है। जिसे पूरे विश्व ने सराहा। वहीं पंचवर्षीय योजना के तहत हर एक क्षेत्र को हर वर्ग को जोड़कर एक राष्ट्र निर्माण पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने की। देश की भविष्य देखने के लिए एक योजना बनाया जिसे आज सिर्फ नाम बदलकर उसके माध्यम से अन्य काम किया जा रहा है, जिसका नाम नीति योग कर दिया गया है। आज झारखंड की जो स्थिति है, तीन राज्य एक साथ स्थापित की गई थी, छतीसगढ़, उतराखंड और झारखंड इसको देखते हुए सबसे सशक्त झारखंड को मानता हूं, तीन राज्यों को मैंने नजदीक से देखा है झारखंड में जो स्किलड, सोच बुद्धिजीवी वर्ग का समूह है वह अन्य राज्यों में नहीं है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि हमारी सरकार प्रोफेशनल्स के मुद्दे को लेकर काफी संजिदा है, लेकिन जो आप चाहते है उतने काम किसी की सरकार ने उतनी संजिदगी के साथ नहीं कर पायी है। आज इस हॉल में जितनी संजिदगी के साथ आप सब बैठे है उतनी संजिदगी के साथ पार्टी और सरकार का साथ देंगे तो मैं समझता हूं कि आधे से अधिक काम हो जाएंगे। हमारे पास सारी सुख सुविधा , मानव श्रम होते हुए भी लोग रोजगार के लिए बाहर पलायन कर रहे हैं और हमारे राज्य में सारी चीजे है, बाहर जाकर कोयला हीरा हो जाता है। लेकिन यहां कोयला बस कोयला ही रह जाता है। तो निश्चित रूप से इस पर हमसबों की जिम्मेदारी है। कहीं सरकार पीछे रह गयी है तो कहीं हमलोग भी पीछे रह गये हैं अगर कोई कहता है कि चैन छिन्नतई की घटना हो रही है पुलिस कुछ नहीं कर रही है तो वो मात्र चैन छिन्नतई मामला नहीं है वो बेरोजगारी का मामला है पूरे देश में बेरोजगारी बढ़ी है। मोदी सरकार के आने से देश में आर्थिक समानता काफी बढ़ी है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि व्यापार क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए जब तक पब्लिक पार्टनरशीप नहीं होगा तब किसान उत्पादन खराब होता रहेगा।

# सड़क बनाने को लेकर संसद को सोपा गया मांग पत्र



**जामताड़ा/फतेहपुर ।।राष्ट्रीय मुख्यधारा**

फतेहपुर प्रखंड के खिजुरिया आदिवासी टोला से जन वितरण प्रणाली राशन दुकान तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर समाजसेवी सद्दाम हुसैन ने सांसद सुनील सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गांव की जर्जर सड़क की निर्माण की मांग सांसद से की, और उन्हें मांग पत्र भी सौंपा। सांसद सुनील सोरेन ने कहा खिजुरिया गांव के दोनों टोलों को जोड़ने के लिए पहले कभी पक्की सड़क बनी ही नहीं है।

ग्रामीणों द्वारा आवेदन पत्र मुझे प्राप्त हुआ है मेरे संज्ञान में है जल्द सड़क बनाने की पहल की जाएगी। क्षेत्र की सभी महत्वपूर्ण सड़कों की दशा उनके संज्ञान में है। प्राथमिकता के आधार पर बहुत जल्द इन सड़कों का निर्माण होगा। आगे सांसद ने कहा थोड़ा समय लगेगा पर किसी क्षेत्र के साथ कोई भेदभाव नहीं होने दिया जाएगा।

# पटवाबाद हुसैनी मस्जिद के निकट से 54 लोगों का जत्था अजमेर शरीफ के लिए हुआ रवाना



**मधुपुर/देवघर ।।राष्ट्रीय मुख्यधारा**

पटवाबाद पंचायत स्थित ग्राम पटवाबाद,हुसैनी मस्जिद के निकट से 54 लोगों का जत्था अजमेर ख़्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह की ज़्यारत के लिए बस से हुए रवाना। मधुपुर नगर परिषद की पूर्व वार्ड पार्षद शबाना परवीन एवं समाज सेवी श्याम ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जियारत में जाने वालों में औरत ओर बच्चे भी शामिल थे।

यह लोगों के लिए बड़ी खुशी की बात है। पूरा माहौल नारे तकबीर और ख़्वाजा साहब के नारों से गूंज उठा। वहां अपनी मन्नते मांगने के लिए जाते हैं।

मन्नत पूरी होने की खुशी में ख़्वाजा गरिब नवाज की चादर पोशी करते हैं।मौके पर मुख्य अतिथि पारा शिक्षक पप्पू सिंह,पटवाबाद के वार्ड सदस्य अख़्तर अंसारी,पूर्व मुखिया परवेज़ अंसारी,फैयाज़ अंसारी,निसार अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी,अफरोज मिठाई वाला, मास्टर समसेर आलम,संजू अंसारी,राजा अंसारी, तबरेज आदि के साथ भारी संख्या में चाहने वाले उपस्थित थे।

हिन्दी दैनिक
# राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो | रविवार | 08.10.2023
वर्ष : 11 | अंक : 243



## तनाव बढ़ाने की रणनीति?


मुद्दा यह है कि अगर भारत पर यह गंभीर आरोप पांच देशों- अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड- के साझा सिस्टम के तहत लगा है, तो क्या बिना उन सभी से दो टूक बात किए भारत इस लांछन से मुक्त हो पाएगा? नरेंद्र मोदी सरकार भारत वासियों को यह संदेश देना चाहती है कि कनाडा ने भारत पर गंभीर आरोप लगाए, तो उसे इसकी कीमत चुकानी होगी। इस सिलसिले में अब भारत सरकार ने कनाडा के 41 राजनयिकों को 10 अक्टूबर तक देश छोडऩे के लिए कहा है। साथ ही चेतावनी दी है कि ये राजनयिक उस समयसीमा के बाद भी भारत में बने रहे, सरकार उन्हें मिला कूटनीतिक अभयदान वापस ले लेगी। खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर कनाडा के आरोप लगाने के बाद भारत की ओर से लिया गया यह एक और सख्त कदम है। बहरहाल, इससे भारत के क्या मकसद हासिल होंगे, यह साफ नहीं है। इस प्रकरण में अब तक यह साफ हो चुका है कि निज्जर हत्याकांड में भारत का हाथ होने का आरोप लगाने से पहले कनाडा ने फाइव आई गठबंधन में शामिल सभी देशों ने आपस में कथित साक्ष्य साझा किए थे। अमेरिका की तरफ से ऐसे अनेक बयान आ चुके हैं, जिनमें भारत से कनाडा की जांच में सहयोग करने को कहा गया है। बल्कि कनाडा स्थित अमेरिका राजदूत ने यह भी कहा था कि कनाडा को हत्याकांड में भारत के कथित हाथ की सूचना फाइव आई के खुफिया साझा करने के सिस्टम के तहत दी गई थी। यह खबर आ चुकी है कि निज्जर हत्याकांड के बाद अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने अपने यहां कई सिख कार्यकर्ताओं को उनकी जान खतरे में होने संबंधी चेतावनी दी थी। तो प्रश्न है कि क्या भारत सरकार ने इस बारे में अमेरिका से स्पष्टीकरण मांगा है? मुद्दा यह है कि अगर भारत पर यह गंभीर आरोप पांच देशों- अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड- के साझा सिस्टम के तहत लगा, तो क्या बिना उन सभी से दो टूक बात किए भारत इस लांछन से मुक्त हो पाएगा? इस बारे भारत को तय यह करना है कि उसे लांछन-मुक्त होना है, या उन देशों से टकराव बढ़ाना है?

# आन्तरिक सौन्दर्य की तलाश ही है जीवन की सार्थकता



**पूर्णेन्दु पुष्पेश**


संयुक्त राज्य अमेरिका में 7 अक्टूबर को राष्ट्रीय आंतरिक सौंदर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य आन्तरिक सौन्दर्य यानी मानवीय गुणों को बल देते हुए मानव तस्करी के पीड़ितों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सहायता प्रदान करना है। यह दिवस हमें अपनी आंतरिक सुंदरता और हमारे मूल मूल्यों को अपनाने की याद दिलाता है जो हमें सुंदर बनाते हैं। आन्तरिक सुन्दरता से व्यक्ति में विनम्रता, सदाशयता, करुणा, दया, क्षमा, सत्यम्, शिवम् एवं सुंदरम् का भाव आता है। भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के अनुसार, आंतरिक सुंदरता हमें संपूर्ण बनाती है और यही हमारे सकारात्मक व्यक्तित्व और बाहरी सुंदरता की नींव है। मूलतः भारतीय अंतःकरण सौंदर्य के दर्शन पर केंद्रित है। हमारे ऋषियों ने भी आंतरिक सुंदरता को खोजने के लिए योग, प्राणायाम और ध्यान आदि का प्रयोग किया। वास्तविक सौन्दर्य से ही हम वर्तमान जीवन शैली को सहज व अनुकूल बना सकते हैं। भारतीय सौंदर्यबोध की श्रेष्ठता तुलसीदास के साहित्य बोध, तानसेन के संगीत बोध और ताजमहल जैसी कृतियों के उत्कृष्ट स्थापत्य बोध द्वारा आंकी जा सकती है। भारतीय दर्शन शास्त्र में महात्मा बुद्ध, सम्राट अशोक, मुगल शासक जहांगीर, शाहजहां, कवि रविन्द्रनाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद आदि सौंदर्यबोध के प्रखर ज्ञाता व विवेचक माने जाते हैं। सौन्दर्य हमारा स्वभाव है, विभाव नहीं। सौन्दर्य जब भी निखरता है हमारा आभामंडल पवित्र बनता है। आभामंडल की शुद्धता और दीप्ति शरीर और मन का सौन्दर्य है। इसलिए पवित्र आभामंडल चेतना के ऊर्ध्वारोहण का संवाहक है। जैन आगम की भाषा में वह व्यक्ति सुन्दर है जो व्यवहार से विनम्र है, जिसकी इन्द्रियां नियंत्रित हैं, जो प्रशांत हैं, जो सहिष्णु हैं, जो मितभाषी हैं। हमारा बदलाव या परिवर्तन कुछ इसी तरह के सौन्दर्य के लिए हों, यह अधिक उपयोगी एवं प्रासंगिक लगता है। ऐसे आन्तरिक सौन्दर्य की आज ज्यादा जरूरत विश्व में बढ़ती हिंसा, आतंक एवं अपराध की स्थितियों को देखते हुए महसूस की जा रही है। सर्वव्यापी प्राकृतिक सौंदर्य, वृक्ष, झरने, पर्वत, बादल, मौसम,



पशु-पक्षी, हरियाली, नदियां, समुद्र, धरती, आकाश, चांद सितारे व सूरज इत्यादि प्रकृति का सौंदर्य है, जिसको संरक्षित एवं सुरक्षित करके ही विनाश की कगार पर खड़ी प्रकृति एवं पर्यावरण को बचा सकते हैं। मनु ने भी कहा- शरीर जल से, मन सत्य से, बुद्धि ज्ञान से और आत्मा धर्म से पवित्र होती है। दुनिया में सौन्दर्य के प्रति बढ़ता आकर्षण एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। अधिकांश युवा पुरुष एक सुंदर पत्नी की चाहत रखते हैं, जो उनके लिए बहुत अपरिपक्व होती है और अधिकतर ऐसा होता है कि यह 'खूबसूरत' पत्नी एक 'समस्याग्रस्त' पत्नी बन जाती है। एक महिला का आकर्षण बहुत लंबे समय तक नहीं रहता है और प्रारंभिक आकर्षण हवा में उड़ जाता है। विवाह के मामलों में बाहरी सौन्दर्य की लालसा परिवारों के बिखराव का बड़ा कारण बनी है, इसलिये आज व्यक्ति की आंतरिक सुंदरता को अधिक महत्व देना जरूरी है। आंतरिक सुंदरता वाली महिला सबसे अच्छी जीवनसाथी साबित हो सकती है। फ्रैंकफर्ट यूनिवर्सिटी के मनोवैज्ञानिक, डॉ. जॉन ओकर्ट ने इस सन्दर्भ में कहा है कि 'खूबसूरत महिलाओं को लगता है कि सुंदरता ही उनकी एकमात्र संपत्ति है और वे बढ़ती उम्र को सहन नहीं कर सकती हैं। हॉलीवुड की सबसे खूबसूरत महिलाओं में से एक मर्लिन मुनरो के बारे में कहा जाता है कि जब उन्होंने दर्पण में झुर्रियों के पहले निशान देखे तो वह फूट-फूट कर रोने लगीं। जबकि सुकरात जब भी आईने में अपना भद्दा चेहरा देखता, शिष्य हंस पड़ते। एक दिन सुकरात ने बोधपाठ दिया- मैं इतना भद्दा, कुरूप हूं फिर भी आईना इसलिए बार-बार देखता हूं कि ऐसा कोई गलत काम मुझसे न हो जाए कि जिससे यह चेहरा ज्यादा बदसूरत बन जाए। राजा जनक ने अपनी राज परिषद में बोध दिया- मैं अपनी सभा में आते वक्त लोगों के वस्त्र देखकर सम्मान देता हूं पर जाते वक्त अष्टावक्र जैसे ज्ञानी पुरुषों के चरित्र को देखकर सम्मान देता हूं। सम्मान, प्रतिष्ठा, यश, पूज्यता, श्रद्धा पाने का हक चरित्र को मिलता है, चेहरे को नहीं। मनु ने भी कहा- शरीर जल से, मन सत्य से, बुद्धि ज्ञान से और आत्मा धर्म से पवित्र होती है। महात्मा गांधी के शब्दों में व्यवहार का सौंदर्य है- बुरा मत देखो, बुरा मत बोलो, बुरा मत सुनो। हम संकल्प के साथ पवित्रता की साधना शुरू करें कि मन, भाषा, कर्म के सौन्दर्य को निखारने में हम निष्ठाशील बनेंगे, जागरूक बनेंगे और पुरुषार्थी बनेंगे। न केवल हमारी सूरत बल्कि सीरत भी उज्ज्वल होगी, पवित्र होगी और अधिक मानवीय होगी। ऐसा होने पर ही हमारा चाहे मुखमंडल बदले या हम स्वयं बदले, वह सार्थक होगा। सौंदर्य एक आध्यात्मिक प्रेरणा हुआ करता था, यह कला, साहित्य, स्थापत्य का आधार माना जाता रहा है, लेकिन आज सौन्दर्य भी व्यवसाय हो गया है, यही कारण दुनियाभर में तरह-तरह की सौन्दर्य प्रतियोगिताओं का बाजार चरम पर है। इन सौंदर्य प्रतियोगिताओं ने इस विचार को मजबूती दी हैं कि लड़कियों और महिलाओं को मुख्य रूप से उनकी शारीरिक उपस्थिति के लिए महत्व दिया जाना चाहिए और इससे महिलाओं पर फैशन, सौंदर्य प्रसाधन, हेयर स्टाइलिंग पर समय और पैसा खर्च करके पारंपरिक सौंदर्य मानकों के अनुरूप होने का जबरदस्त दबाव पड़ता है। अब तो सौन्दर्य में अव्वल आने के लिये कॉस्मेटिक सर्जरी भी होने लगी है। शारीरिक सुंदरता की चाहत में कुछ महिलाएं इस हद तक डाइटिंग कर खुद को नुकसान पहुंचा रही हैं। इस तरह ओढ़े हुए सौन्दर्य में बनावटीपन है, प्रदर्शन है, अनुकरण है। यह फैशनपरस्ती, दिखावा और विलासिता है। इस तरह सौन्दर्य-सामग्री एवं फैशन की अंधी दौड में नारी अपने आचार-विचार एवं संस्कृति को भी ताक पर रख दिया है। पर अनेक गुणों की स्वामिनी नारी में तो वास्तविक सुंदरता जीवंत होती है। जिसमें नैसर्गिक प्रभावकता है, दिल बांध लेने वाली सम्मोहकता और सर्वांगीण मानवीय श्रेष्ठता है। एक संवाद है भीतर कुछ अच्छा होने का। ऐसा सौंदर्य अमिट होता है। जिसे मौसम एवं माहौल छूता नहीं, नजर नहीं लगाता, उम्र का पड़ाव बदलाव नहीं देता। व्यक्ति असमय न बूढ़ा होता है और न बीमार।बहुत से ऐसे लोग हैं जो बाहर से सुंदर दीखते हैं मगर भीतर से बहत कुरूप, भद्दे होते हैं जबकि ऐसे भी लोग हैं जो बाहर से सुंदर नहीं होते मगर भीतर की सुंदरता भावों की पवित्रता के साथ इतनी आकर्षक होती है कि उसकी आकृति ही नहीं, मुद्राएं, विचार, व्यवहार, भाषा और शैली सभी कुछ चुंबकीय बन जाते हैं। फिर क्यों कृत्रिम सौन्दर्य को निखारने की होड़ लगी है, क्यों निरीह एवं बेजुबान पशु-पक्षियों की निर्मम हत्या से बने सौन्दर्य-प्रशासनों का उपयोग करते हुए मन बेचैन नहीं बनता? हमारे भीतर अपनी इज्जत, मान-प्रतिष्ठा की सुरक्षा में यदि विवेक, साहस, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का सुरक्षा कवच है तो फिर शरीर ढांकने के लिए कीमती वस्त्रों का न होना गरीबी नहीं कहला सकती। भले आज बाहरी सौंदर्य की चकाचौंध में हम अपने आदर्शों से, नैतिक मूल्यों से फिसल जाएं, आधुनिक विलासिता और पाश्चात्य संस्कृति डिंक्स, डांस और ड्रग्स तक ले जाएं मगर इन सबकी उम्र लंबी नहीं होती। किसी भी मोड़ पर इनका अंत संभव है। पहले क्षण में सुखद आकर्षक दीखने वाला सौंदर्य दुखदायी ही होता है। इसलिए आंतरिक सौंदर्य की तलाश, प्राप्ति, प्रयोग और परिणाम सभी कुछ श्रेयस्कर है। बाहरी सौंदर्य का मूल्य है पर इसका मतलब यह नहीं कि लोग अपनी दौलत ही नहीं, ईमान तक बेच दें। इससे संपन्न व्यक्तित्व बिना स्वादिष्ट व्यंजन, बहुमूल्य पोशाक, ऊंची अट्टालिका, चमकती कार, आधुनिक संस्कृति से रंगी सोसाइटी, अपार धन-वैभव के बिना भी अपनी आंतरिक सुंदरता को ऊंचाइयां दे सकता है।

## साहित्य/लोक साहित्य

### ब्रह्मेश्वर नाथ मिश्र की कविता





प्रभु श्री राम भरद्वाज मुनि के आश्रम से वाल्मीकि मुनि के आश्रम की ओर चले। वनवासी स्त्रियाँ भगवान राम को देख कर एक सखी कहती है कि ये दोनों पथिक कहाँ से आए हैं? जटा का मुकुट है और मुनि का वेश धारण किए हुए हैं। साथ में एक सुन्दर स्त्री भी है। दूसरी सखी कहती है कि ये दोनों पथिक अवध से आए हैं। राम और लक्ष्मण इनका नाम है। पिता की आज्ञा का पालन करने हेतु ये बन में आए हैं। तो पहली सखी कहती है कि कैसे वे माता पिता हैं जो ऐसे सुकुमार राजकुमारों को इतने भयानक वन में भेज दिया तब दूसरी सखी कहती है कि राजा ने अच्छा किया जो इन्हें वन में भेज दिया जो आज हम सब इनका दर्शन कर रहे हैं। हमारे हीं भाग्य से ये वन में आए हैं। आज नयन भर के इनका दर्शन कर लो फिर ऐसा अवसर नहीं मिलेगा। इसी प्रसंग पर प्रस्तुत है मेरी ये रचना :-------


**पहली सखी :---**
**सखी दोउ पथिक कहाँ से आए।**
**कोमल बदन नयन रतनारे,**
**अगणित मदन लजाए।**
**सखी दोउ पथिक कहाँ से आए ।।**
**श्यामल गौर किशोर मनोहर,**
**चारु चंद्र मुख भाए।**
**सखी दोउ पथिक कहाँ से आए ।।**
**जटा मुकुट मुनी बसन सुहावन,**
**सुमुखी संग सिधाए।**
**सखी दोउ पथिक कहाँ से आए ।।**
**दूसरी सखी :---**
**सुनु सखि ये दोउ अवध कुमारा,**
**राम और लखन कहाए।**
**सखी दोउ पथिक अवध से आए ।।**
**पठए पिता अगम एहि बन में,**
**बचन निभावन आए।**
**सखी दोउ पथिक अवध से आए ।।**
**पहली सखी :---**
**कहु सखि कैसो मातु पिता वो,**
**दुस्सह बनहिं पठाए।**
**सखी जो पथिक अवध से आए ।।**
**दूसरी सखी :---**
**राजा किन्हीं नीकि सखी री,**
**हमरेहिं भाग बन आए।**
**सखी दोउ पथिक अवध से आए ।।**
**देखहु भरि भरि नैन सखी री,**
**फिर नहिं अवसर आए।**
**सखी दोउ पथिक अवध से आए ।।**

# महिला सशक्तिकरण और आरक्षण में फर्क है

**राजेश मोहन सहाय**



संसद के विशेष सत्र में दोनों सदनों से पास होने के बाद महिला आरक्षण बिल, जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम दिया गया है उस पर राष्ट्रपति के भी दस्तखत हो गए हैं यानी यह कानून बन गया है। जब से यह कानून संसद से पास हुआ तब से कोई दर्जन भर राजनीतिक रैलियों और सरकारी कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए यह दावा किया है कि विपक्षी पार्टियां इतने बरसों से इसे पास नहीं करा पाई थीं लेकिन महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध उनकी सरकार ने इसे कानून बनवाया है। अब महिलाओं को आगे बढऩे से कोई नहीं रोक सकता है, ऐसा दावा किया जा रहा है। हालांकि कानून कब लागू होगा, उसकी कोई समय सीमा तय नहीं है। 2029 के लोकसभा चुनाव से लेकर 2039 तक की समय सीमा का दावा किया जा रहा है। सरकार ने महिला आरक्षण को जनगणना और परिसीमन के साथ जोड़ दिया है। सो, जब ये दोनों काम होंगे उसके बाद आरक्षण लागू होगा। आरक्षण लागू होने का समय कब आएगा इस बारे में पहले काफी कुछ लिखा जा चुका है। अब सवाल है कि क्या महिला आरक्षण जब भी लागू होगा तब सिर्फ उसके दम पर महिलाएं सशक्त हो जाएंगी? क्या इससे राजनीति में उनकी भूमिका ऐसी हो जाएगी कि वे अपने हिसाब से राजनीति को संचालित कर सकें? इन सवालों के जवाब बहुत मुश्किल नहीं है। लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था लागू होने से लोकसभा और विधानसभाओं में महिला सांसदों व विधायकों की संख्या तो जरूर बढ़ जाएगी लेकिन राजनीति में उनकी भूमिका बढ़ जाएगी, यह नहीं कहा जा सकता है। संख्या में बढ़ोतरी इस बात की गारंटी नहीं है कि महिलाएं पार्टी के राजनीतिक मामलों में निर्णायक भूमिका निभाने लगेंगी या उनकी मर्जी के बगैर पार्टियों में फैसले नहीं होंगे। अगर ऐसा होता तो आज सभी पार्टियों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के नेता निर्णायक होते। आखिर दशकों से लोकसभा में अनुसूचित जाति के लिए 84 और अनुसूचित जनजाति के लिए 47 यानी कुल 131 सीटें आरक्षित हैं। यह कुल संख्या का 24 फीसदी है। यानी लोकसभा में एक चौथाई सीटें एससी और एसटी के लिए आरक्षित हैं। अनुसूचित जाति व जनजाति के इतने लोकसभा सांसद अलग अलग पार्टियों से जीत कर आते हैं। लेकिन क्या कोई यह दावा कर सकता है कि संसद में एससी और एसटी सांसद निर्णायक भूमिका निभाते हैं या अपनी पार्टियों में उनकी भूमिका इतनी अहम होती है कि उनके बगैर फैसला नहीं हो? यही स्थिति महिला आरक्षण की व्यवस्था लागू होने के बाद भी रहेगी। लोकसभा में महिला सांसदों की और राज्यों की विधानसभाओं में महिला विधायकों की संख्या बढ़ जाएगी लेकिन सिर्फ इतने भर से उनकी भूमिका नहीं बढ़ जाएगी, उनका राजनीतिक सशक्तिकरण नहीं हो जाएगा। आरक्षण से वे पार्टियों में महत्वपूर्ण हो जाएंगी ऐसा नहीं कहा जा सकता है। उनके सांसद या विधायक बनने से समाज में महिलाओं का सशक्तिकरण हो जाएगा ऐसा भी नहीं कहा जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो दशकों से जारी आरक्षण की व्यवस्था से अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों का कल्याण हो चुका होता या स्थानीय निकायों में आरक्षण से महिलाएं ही राजनीतिक रूप से इतनी सशक्त हो गई होतीं कि उनको आगे की राजनीति के लिए आरक्षण की जरूरत नहीं होती। लेकिन हकीकत यह है कि आजादी के बाद से अनुसूजित जाति व जनजाति के लोगों की शैक्षणिक व सामाजिक स्थिति में बहुत कम अंतर आया है और उनकी राजनीतिक ताकत तो अब भी हाशिए पर है। यही स्थिति कमोबेश महिलाओं की भी है। ऐसा इसलिए है क्योंकि पार्टियां आरक्षण के कानून की मजबूरी में उनको टिकट तो देती हैं लेकिन उनको सशक्त बनाने के लिए काम नहीं करती हैं। उनको पार्टी के अंदर फैसला करने वाले अहम निकायों में जगह नहीं दी जाती है। उनकी राजनीतिक भूमिका नहीं बढ़ाई जाती है। उनको राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने का काम नहीं किया जाता है। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि बहुजन आंदोलन में अग्रणी रहीं बसपा प्रमुख मायावती ने भी अपनी पार्टी के अंदर न तो महिलाओं को आगे बढ़ा कर सशक्त किया और न अनुसूचित जाति के नेताओं को आगे बढ़ा कर उनको सशक्त बनाया। वे ऐसी भूमिका में थीं और उनके हाथ में इतनी ताकत थी कि वे एक साथ महिला और दलित दोनों का कल्याण कर सकती थीं। लेकिन इस देश की राजनीतिक व्यवस्था की जो मजबूरियां हैं उनकी वजह से वे भी बने बनाए ढर्रे पर चलती रहीं। हालांकि यह जरूर है कि पिछले 75 साल से भारत में चल रही लोकतांत्रिक व्यवस्था में दलित, आदिवासी, पिछड़े, महिलाएं, अल्पसंख्यक आदि वोट बैंक के रूप में उभरे हैं और चुनावों के समय पार्टियां इसी रूप में इनको एड्रेस करती हैं और उनका इस्तेमाल करती हैं। इसलिए महिला आरक्षण अपने आप में इस बात की गारंटी नहीं है कि महिलाओं का राजनीतिक या सामाजिक रूप से सशक्तिकरण हो जाएगा। हां, यह जरूर है कि इससे एक आगाज होगा। लेकिन उस आगाज को अंजाम तक पहुंचाने का काम तो अंततः राजनीतिक दलों को ही करना होगा। चाहे भाजपा हो या कांग्रेस या कोई क्षेत्रीय पार्टी हो अगर पार्टियां महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं तो उनको अपनी पार्टी के अंदर महिलाओं को निर्णायक भूमिका में लाना होगा और यह काम सिर्फ संख्या बढ़ाने से नहीं होगा। इसके लिए पार्टियों को अपने आंतरिक ढांचे में सुधार करना होगा। महिला काडर तैयार करना होगा। उनके राजनीतिक शिक्षण और प्रशिक्षण की व्यवस्था करनी होगी। ऐसी व्यवस्था बनानी होगी कि राजनीतिक और विचारधारात्मक प्रशिक्षण के साथ महिलाएं स्वाभाविक रूप से आगे आएं। वे मुख्यधारा की राजनीति में अपनी जगह बनाएं और भूमिका निभाएं। यह तभी होगा, जब पार्टियों के शीर्ष पुरुष नेता उनको अपने से कमतर मानना बंद करेंगे। उनकी संख्या दिखाने या उन पर अहसान करने या उनका वंदन करने के लिए उनको आगे बढ़ाने की मानसिकता छोड़ेंगे। जब राजनीतिक व्यवस्था में उनको बराबरी की भूमिका मिलेगी और उनका आकलन भी उनकी योग्यता के आधार पर होगा तभी उनका सशक्तिकरण संभव है। यह कहने से काम नहीं चलेगा कि इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री हो गईं या जयललिता, मायावती राबड़ी देवी, शीला दीक्षित, ममता बनर्जी या वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री बनीं।




**मेष राशि-** आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है । आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिए अपनी बेहतरीन राय देंगे। आज आप लेखन कार्य में रुचि लेंगे आपका लेखन और अच्छा होगा । आज आपकी बातों का प्रभाव दूसरों पर पड़ेगा।

**वृष राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला है । विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरके साथ अच्छा समय बितने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा । ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे । लवमेट के रिश्तों में सुधार आयेगा।

**मिथुन राशि-** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में ख़ुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आपके व्यवहार में कुछ अच्छे बदलाव आने से आपके कुछ नए दोस्त बनेंगे।

**कर्क राशि-** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा । बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा । आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे । मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल पक्ष से कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी । बच्चे आज अपने पढ़ाई के प्रति सीरियस रहेंगे।

**सिंह राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। कुछ दिनों से चल रही समस्याओं का समाधान मिलेगा। राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस मैन आज कोई जरूरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा।

**कन्या राशि-** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में भी जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों से मदद मिलने से काम का बोझ कम हो जाएगा।

**तुला राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं।डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को आज ज्यादा पढ़ाई करने की जरूरत है। व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा। आज धन प्राप्ति के एक से ज्यादा स्रोत मिलने के योग हैं।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद आर्थिक मदद के लिए कह सकते है, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनाएंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं, जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा। आज आप किसी जरुरी मीटिंग में शामिल होंगे। पिता की सलाह से आपको अपने बिजनेस में काफी मदद मिलेगी।

**धनु राशि-** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर उलझन में रहेंगे, जिसे आप अपने किसी ख़ास मित्र से शेयर भी करेंगे, मित्र से समाधान मिलेगा। परिवार के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है । दोस्त की बर्थडे पार्टी मे जाएंगे, जहाम बाकी दोस्तों के साथ मस्ती करने का मौका मिलेगा। आज कोई नई स्किल सीखने का विचार कर सकते है, जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा। आज आप नया वाहन खरीदने का मन बना सकते हैं।

**मकर राशि-** आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है । जिसके लिए आपको ओवर टाईम करना पड़ेगा। रुपए- पैसों के मामले में लापरवाही करने से बचे। टूर एंड ट्रेवल्स और मीडिया संबंधी बिजनेस में नया मोड़ आ सकता है । आज अपको किसी करीबी से कोई ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा। आप आर्थिक मामलों मे किसी एक्सपर्ट से सलाह लेंगे, यह सलाह मददगार साबित होगी। ऑफिस में रुके हुए काम को समय से पूरा कर लेंगे।

**कुंभ राशि-** आज का दिन शानदार रहने वाला है । आज आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। परिवारिक समस्याओं को सॉल्व करने में बड़े-बुजुर्गों का सहयोग प्राप्त होगा । कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगों को आज बड़ा मुनाफा होगा। आज आपके कार्यों की प्रशंसा दूर-दूर तक लोगों में इत्र की तरह महकेगी।

**मीन राशि-** आज किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते हैं वो आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगें । लवमेट आज साथ में घूमने जाएंगे। रूका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा । पिता से आज आपको कुछ नया सिखने को मिलेगा । आज कोई ऐसी पुरानी चीज आपके हाथ लग सकती है, जिसे पा कर आपको खुशी महसूस होगी ।

# शौर्य का पर्याय भारतीय वायुसेना

**आर.के. सिन्हा**

भारतीय वायु सेना के शौर्य पर हम भारतीय नागरिक जितना चाहें गर्व कर सकते हैं। देश 8 अक्टूबर को वायुसेना दिवस के रूप में मनाता है। जिस दिन सन 1932 में भारतीय वायुसेना की स्थापना हुई थी। तब तो अंग्रेजी हुकूमत के दिनों में इसे रायल इंडियन एयफोर्स कहा जाता था। भारतीय वायु सेना के कार्यों और देश की मजबूत सुरक्षा के लिए वायु सेना के योगदान को हमेशा याद रखा ही जाना चाहिए। भारतीय वायुसेना की शक्ति सारे देश और देशवासियों को आश्वस्त करती रहती है। जब भी दुश्मन ने भारत पर हमला किया तो वायुसेना ने सेना के बाकी अंगों के साथ मिलकर शत्रु की गर्दन में ऐसा अंगूठा डाला है जिससे उसकी जान निकल गई है । भारतीय वायु सेना के गौरवमयी इतिहास से सारा देश परिचित है। अगर बात 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध से शुरू करें तो फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों की याद आना स्वाभाविक है। वे उस वक्त राजधानी के रेस कोर्स स्थित एयर फोर्स स्टेशन में ही रहते थे, जब 1971 की जंग छिड़ी थी। वे भारत की जंग में विजय के नायकों में से थे। उस जंग के लिए 14 दिसम्बर 1971 का दिन खास था। उस दिन फ्लाइंग ऑफिसर सेखों ने पाकिस्तान के दो लड़ाकू सेबर जेट विमानों को ध्वस्त कर दिया था। उन्हें उस जंग में अदम्य साहस के लिए मरणोप्रांत परमवीर चक्र से नवाजा गया था। फ्लाइंग अफसर निर्मलजीत सिंह सेखों का जन्म पंजाब के लुधियाना जिले में 1946 में हुआ था। 1967 में बतौर पायलट वायुसेना में शामिल हुए। 1971 में पाकिस्तानी वायु सेना ने जब श्रीनगर हवाई अड्डे पर हमला किया तब सेखों ने एक जेट से चार पाकिस्तानी सेबर जेट का मुकाबला कर दो को नेस्तानाबूद कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी थी। उसी दौरान मात्र 26 वर्ष की उम्र में वीरगति को प्राप्त हुए। जिन्होंने अपनी शादी का जश्न मनाने के लिए मैदान-ए-जंग को चुना। यदि भारत ने 1971 की जंग में पाकिस्तान की कमर तोड़ डाली थी, तो इसका कहीं न कहीं श्रेय एयर चीफ मार्शल इदरीस हसन लतीफ को भी जाता है। वे 1971 के युद्ध के दौरान एयर वाइस मार्शल के पद पर थे। वे जंग के समय शत्रु से लोहा लेने की रणनीति बनाने के अहम कार्य को अंजाम दे रहे थे। लतीफ लड़ाकू विमानों के उड़ान भरने, युद्ध की प्रगति तथा यूनिटों की आवश्यकताओं पर भी नजर रख रहे थे। लतीफ शिलांग स्थित पूर्वी सेक्टर में थे जब पाकिस्तान ने हथियार डाले थे। दिल्ली कैंट में उस महान योद्धा के नाम पर एक सड़क भी है। एयर चीफ मार्शल इदरीस हसन लतीफ का देश के पहले गणतंत्र दिवस से एक अलग और खास संबंध रहा। दरअसल उन्हीं के नेतृत्व में उस गणतंत्र दिवस पर फ्लाईपास्ट हुआ था जिसे देखकर देश मंत्रमुग्ध हो गया था। देश ने पहले कभी लड़ाकू विमानों को अपने सामने कलाबाजियां खाते नहीं देखा था। लतीफ तब स्क्कवाड्रन लीडर थे। वे और उनके साथ हॉक्स टैम्पेस्ट लड़ाकू विमान उड़ा रहे थे। तब लड़ाकू विमानों ने वायुसेना के अंबाला स्टेशन से उड़ान भरी थी। लतीफ ने 1948 और 1965 की जंगों में भी सक्रिय रूप से भाग लिया था। लतीफ के एयर फोर्स चीफ के पद पर रहते हुए वायु सेना का बड़े स्तर पर आधुनिकीकरण हुआ। उन्होंने जगुआर लड़ाकू विमान की खरीद करने के लिए सरकार को मनाया था। वायुसेना दिवस के अवसर पर भारतीय वायुसेना के पहले एयर चीफ मार्शल सुब्रतो मुखर्जी का स्मरण करना भी आवश्यक है। उनको फादर ऑफ द इंडियन एयर फोर्स कहा जाता है। सुब्रतो मुखर्जी के पिता सतीश चंद्र मुखर्जी आईसीएस अफसर थे। सुब्रत मुखर्जी 1932 में वायुसेना में शामिल हुए। उन्होंने दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान भाग लिया। भारत की आजादी के बाद वे भारतीय वायुसेना के आधुनिकीरण में अहम रोल अदा किया। वे एक जाबांज पायलट थे। एयर चीफ मार्शल सुब्रतो मुखर्जी का 8 नवंबर 1960 को टोक्यो में खाना खाते समय निधन हो गया था। उनके शव को दिल्ली लाया गया और पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उसके बाद ही उनके नाम पर आज का सुब्रतो पार्क बना। यहां पर एयऱफोर्स से जुड़े विभिन्न स्कूल, दफ्तर और आवास हैं। उनके जीवनकाल में ही राजधानी में एयरफोर्स स्कूल 1955 में खुल गया था। इसका उदघाटन भी एयर चीफ मार्शल सुब्रत मुखर्जी ने ही किया था। इस स्कूल को खोलने का मकसद यह था ताकि एयर फोर्स से जुड़े लोगों के बच्चों को उच्चस्तरीय शिक्षा उनके घरों के पास ही मिल जाए। इस तरह, भारतीय वायुसेना के लिए 23 अकबर रोड का भी अत्यंत खास स्थान है। भारतीय वायुसेना के एयर चीफ मार्शल राजधानी के 23 अकबर रोड के बंगले में रहते हैं।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु पुष्पेश** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित। पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
**रांची कार्यालय**– 113 बी, बसंत बिहार, हरमू, झारखंड–834002; **गिरिडीह कार्यालय**– बाभनटोली, गिरिडीह, झारखंड। **संपादक : पूर्णेन्दु पुष्पेश❋; प्रबंध संपादक : राजेश मोहन सहाय। समाचार संपादक : राजेश कुमार, बिहार प्रभारी : संतोष श्रीवास्तव 'अंजान'**
फोन– 9142412511/9334444424/9102251947/9431366404; WhatsApp- 9142412511; Web : www.rashtriyamukhyadhara.com
❋समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ∘ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

## एक नजर

### जनता दरबार मे हुआ पांच मामलों का निष्पादन

**मांझागढ़।** अंचलाधिकारी अर्चिता भारती ने प्रत्येक शनिवार की तरह आज मांझागढ़ थाना परिसर में जनता दरबार लगाई जनता दरबार मे जमीनी विबाद सम्बंधित 8 मामले का पंजीकरण किया गया जिसमें 5 मामलों की सुनवाई की गई जिसमें दोनों पक्ष के सहमती से 5 मामलों का निष्पादन किया गया ।इसकी जानकारी अंचल अधिवक्ता श्यामदेव मांझी ने दिया।

### पटना के बेऊर और फुलवारी जेल में छापेमारी

**पटना।** पटना के बेऊर जेल और फुलवारी जेल में शनिवार की सुबह छापेमारी की गई। सुबह छह बजे के आसपास छापेमारी से जेल में हडकंप मच गया। जेल के अंदर वार्ड समेत सभी सेल की जांच पदाधिकारी के द्वारा की गई। एक-एक बंदियों को सर्च किया गया। पटना जिलाधिकारी के निर्देश पर छापेमारी को लेकर दो अलग अलग टीम गठित की गई थी। एसडीओ सदर, एएसपी दानापुर, सिटी एसपी पश्चिमी, बीएमपी के जवान समेत बिहार पुलिस के दर्जनों जवान को छापेमारी में शामिल किया गया। बेऊर और फुलवारी जेल में छापेमारी कोई नई बात नहीं है। रूटीन चेकअप के लिए पूर्व में भी इस तरीके से छापेमारी की जाती रही है।

### नाबालिग से रेप मामले में दूसरे आरोपी ने किया सरेंडर

**पटना।** पटना के रूपसपुर थाना क्षेत्र की रहने वाले नाबालिग छात्रा से रेप मामले मामले में शास्त्री नगर थाने में पीड़ित छात्रा की लिखित शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया था। पीड़िता के बयान पर उसके दो दोस्त को आरोपी बनाया गया था। आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। पहले आरोपी ने 4 दिन पहले तो दूसरे आरोपी ने शुक्रवार को पटना पॉस्को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। पटना के राजाबाजर स्थित एक होटल में नाबालिग छात्रा से 26 सितंबर को रेप की घटना घटी थी। इस मामले में पीड़िता के परिवार वालों ने 26 की रात में रूपसपुर थाना को सूचना दी थी। उसी समय शास्त्रीनगर थाना और रूपसपुर थाना के द्वारा पीड़िता के साथ घटना स्थल को देखा गया। पीड़िता के परिवार वालों ने 27 को FIR दर्ज कराया।

### ग्वालियर मेल रुकेगी भाटपार रानी स्टेशन

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर समेत उत्तर बिहार से गुजरने वाली गाड़ी सं. 11123/11124 ग्वालियर- बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस काभाटपार रानी स्टेशन पर ठहराव दिया गया है। इसके अलावा, सीतामढ़ी से नई दिल्ली जाने वाली लिच्छवी एक्सप्रेस फतेहपुर स्टेशन रुकेगी।बताया जा रहा है की यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर वाराणसी मंडल के भाटपार रानी स्टेशन पर गाड़ी सं. 11123/11124 ग्वालियर-बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस का प्रायौगिक तौर पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है । 15 अक्टूबर से गाड़ी सं. 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस 04.13 बजे भाटपार रानी स्टेशन पहुंचकर वहां से 04.15 बजे आगे के लिए चलेगी और दिनांक 15 अक्टूबर से गाड़ी सं. 11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस 02.18 बजे भाटपार रानी स्टेशन पहुंचकर वहां से 02.20 बजे आगे के लिए चलेगी।

### स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव, मुजफ्फरपुर के DM-SSP को किया तलब

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले के चर्चित किडनी कांड मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सुनवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव तथा जिले के DM-SSP को आयोग के समक्ष सशरीर उपस्थित होने का आदेश दिया है। साथ-ही-साथ आयोग ने मुख्य सचिव और डीजीपी बिहार को आदेश का अनुपालन कराने को अधिकृत किया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने प्रधान सचिव स्वास्थ्य विभाग से पीड़िता के किडनी प्रत्यारोपण पर चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट की मांग की थी। आयोग ने एसएसपी और डीएम मुजफ्फरपुर से मामले के संबंध में संबंधित रिपोर्ट की मांग की थी, जो आयोग को आजतक अप्राप्त है। सुनीता को किडनी प्रत्यारोपित किए जाने की दिशा में भी प्रधान सचिव स्वास्थ्य विभाग द्वारा सकारात्मक पहल अब तक नहीं की गई है।

बिहार में बड़े आंदोलन की तैयारी में किसान नेता टिकैतःपटना में बोले-

# एमएसपी गारंटी व मंडी कानून लागू करे राज्य सरकार, किसान मजबूत होंगे

**पटना।** किसान नेता राकेश टिकैत शनिवार (7 अक्टूबर) को पटना पहुंचे। उन्होंने बिहार में भूमि अधिग्रहण और मंडी कानून लागू करने की मांग की है। अगर लागू नहीं हुआ तो इसके लिए बिहार में बड़ा आंदोलन करेंगे। राकेश टिकैत तीन दिवसीय दौरे पर बिहार आए हैं। उन्होंने कहा तीन दिन में तीन जिलों में किसान महासभा करेंगे। बिहार सरकार किसानों को एमएसपी दरें नहीं दे रही है, इस वजह से किसान औने-पौने कीमतों में फसल बेचने को मजबूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा- यदि राज्य सरकार किसानों को एमएसपी दर देती तो आज बिहार के किसानों की स्थिति मजबूत होती। बता दें कि बिहार सरकार के पूर्व कृषि मंत्री और आरजेडी विधायक सुधाकर सिंह लगातार इसकी मांग करते रहे हैं। अब उनकी इस मांग के समर्थन में राकेश टिकैत भी आ गए हैं।



**मंडी कानून लागू नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन होगाः** पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि यदि राज्य सरकार मंडी कानून नहीं लागू करती है तो बिहार में किसानों के लिए एक बड़ा आंदोलन करेंगे। तीन दिन के लिए बिहार आए हैं, तीन जिलों में किसान सभा करेंगे। किसानों से उनकी राय लेंगे, फिर जरूरत पड़ी तो बिहार के मुखिया से भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि आज बिहार की पहचान यह हो गई है कि बच्चे या तो पढ़ाई में चले गए या लेबर बन गए। इसका कारण यह है कि यहां का एग्रीकल्चर सेक्टर खत्म कर दिया गया। एग्रीकल्चर खत्म करने और जमीन छीनने का काम हुआ है।

**बिहार को बचाना है तो बाजार समिति बहाल होः** टिकैत ने कहा कि बिहार को बचाना है तो सरकार बाजार समिति बहाल करे। बड़ी-बड़ी कंपनियां बिहार आ रही हैं और जमीन मांग रही है। मार्केट रेट के हिसाब से जैसे कीमतें बढ़ी हैं उसी हिसाब से किसानों को पैसा देना होगा। किसान का विनाश करके विकास नहीं होगा। किसानों के लिए एमएसपी गारंटी कानून बने। पांच हजार करोड़ अकेले मक्का के किसानों को नुकसान हो रहा है। एक लाख करोड़ का नुकसान किसानों को हो रहा है। यह रुपए बिहार आ जाए तो यहां के किसान बाहर नहीं जाएंगे। इसके लिए एक आंदोलन होगा।

### बकायेदार उपभोक्ताओं के काटे गए विद्युत कनेक्शन

**बिक्रमगंज/रोहतास।** दिनारा नगर पंचायत क्षेत्र के बिजली बिल भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटा जा रहा है। बिजली विभाग ने इसके लिए अभियान तेज कर दिया है। बताते चले कि शनिवार को दिनारा नगर पंचायत क्षेत्र के 13 बकायेदार उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटा गया है। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जिस उपभोक्ताओं पर बिजली बिल बकाया है, उनका बिजली कनेक्शन काटा जाय। कनीय विद्युत अभियंता, दिनारा विकाश कुमार शर्मा के द्वारा बताया गया कि जो उपभोक्ता क्रिस्त में बकाए की राशि को जमा करना चाहते हैं वो विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल बिक्रमगंज कार्यालय से संपर्क कर बकाया राशि का 50% जमा करने के पश्चात किस्तीकरण करा सकते हैं। जेई के द्वारा बताया गया कि दिनारा शहरी क्षेत्र में लगभग चार हजार सक्रिय उपभोक्ता हैं। सहायक विद्युत अभियंता द्वारा बताया गया कि उपभोक्ताओं का विद्युत संबंध बकाया राशि के कारण कनेक्शन कटने के बाद पुनः कनेक्शन बहाल करने हेतु रि-कनेक्शन चार्ज जमा करना होगा।

पशुपालन व मछलीपालन के एफपीओ

## राज्य में मछली, मुर्गी, बकरी और डेयरी एफपीओ के लिए पॉलिसी बनाई जाएगी

**पटना।** राज्य में डेयरी, मुर्गी, बकरी और मछलीपालन के लिए एफपीओ (फॉमर्स प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन) की पॉलिसी बनेगी। प्रत्येक एफपीओ में 5 हजार तक किसान जुड़ सकते हैं। शुक्रवार को पशु व मत्स्य संसाधन विभाग की प्रधान सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी ने यह बात कही। कोशी बेसिन विकास परियोजना के तहत बने 15 एफपीओ को 25-25 लाख रुपए की राशि देने के बाद एक दिवसीय कार्यशाला को वे संबोधित कर रही थीं। प्रधान सचिव ने कहा कि एफपीओ को दी जा रही राशि का सही उपयोग करें। राशि का दुरूपयोग करने की स्थिति में एफआईआर होगी। एफपीओ इस राशि का सही उपयोग कर मछली, मुर्गी और बकरी पालन के क्षेत्र में आगे बढ़ कर लाभ कमाएं। एफपीओ से जुड़े लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो। मत्स्य निदेशक निशात अहमद ने कहा कि 6200 परिवारों को सहायता प्रदान की गई है। 15 हजार से अधिक घरों के लोगों को प्रशिक्षित किया गया है। अब तक मछली पालन, मुर्गी पालन,



बकरी पालन और डेयरी के माध्यम से आय सृजन के लिए लाभार्थी परिवारों को कुल 70.28 करोड़ रुपए दी गई है।

**2022-23 में राज्य में 8.46 लाख टन मछली उत्पादनः** देश में बिहार पहला राज्य है जहां कृषि के अलावा पशु और मछलीपालन से जुड़े एफपीओ बन रहे हैं। कोसी बेसिन विकास परियोजना के तहत 15 एफपीओ में 12 हजार सदस्य हैं। कोसी बेसिन विकास परियोजना 2024 जून तक समाप्त हो जाएगा। एफपीओ को दी गई राशि के आधार पर मछली, मुर्गी और बकरी पालन के लिए बैंकों लोन ले सकेंगे। प्रधान सचिव ने कहा कि 2022-23 में राज्य में 8.46 लाख टन मछली उत्पादन हुआ है।

## गोपालगंज में भाजपा नेता पर हमला, सदर अस्पताल में भर्ती



**गोपालगंज।** गोपालगंज जिले के नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर शाम शहर के व्यस्त इलाके अंबेडकर चौक के पास भाजपा के नगर प्रवक्ता प्रदीप मिश्रा पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया. भाजपा नेता के सिर पर गहरी चोट है तथा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज में भर्ती कराया गया है. भाजपा नेता प्रदीप मिश्रा अम्बेडकर चौक के समीप किसी दूकान से खरीददारी कर रहे थे तभी चार की संख्या में आए हमलावरों ने पिस्टल के बट से सिर पर हमला कर दिया, और उनका सिर फट गया. स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया .घायल प्रदीप मिश्रा ने बताया की वे अंबेडकर चौक पर कुछ सामान खरीद रहे थे इसी दौरान शहर में ट्रैक्टर एजेंसी चलाने वाले फैजल उर्फ टॉफी अपने तीन साथियों के साथ पहुंचे और बिना किसी कारण के सिर्फ जाति देखकर उनके सर पर पिस्टल की बट से मार दिया. जिससे उनका सर फट गया . इधर सदर अस्पताल में नगर थाना की पुलिस ने घायल के बयान के आधार पर मामले की पड़ताल शुरू कर दी है . घटना की सूचना मिलते ही भाजपा के जिला अध्यक्ष संदीप गिरी, भाजपा नेता चंद्र मोहन पांडेय सहित दर्जनों लोग सदर अस्पताल में पहुंच गये. उन्होंने इस मामले में कार्रवाई करते हुए जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है तथा चेताया है कि अगर गिरफतारी नहीं हुई तो सड़क पर विरोध प्रदर्शन करेगी भाजपा.

### हताश भाजपा कर रही है अनर्गल बयानबाजी- सुमन मल्लिक

**पटना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रवक्ता सुमन कुमार मल्लिक ने कहा कि अवाम की नज़रो और दिल से उतर रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपनी गिरती शाख से बौखला गई हैं। श्री मल्लिक ने कहा की



अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में अपनी आसन्न दुर्गति को देख कर केंद्र की मोदी सरकार तिलमिला गयी हैं और वे और उनके गठबंधन के नेता सभी मर्यादा भूल कर अनर्गल बयानबाजी पर उतर गए हैं। श्री मल्लिक ने प्रधानमंत्री पर देश की भोली - भाली जनता को छलने का आरोप लगते हुए कहा की मंहगाई, बेरोजगारी, अवरुद्ध विकास और निजीकारण से परेशान देश की जनता, केन्द्र से नरेंद्र मोदी सरकार को हटाने का अब पूरा मन बना चुकी हैं। श्री मल्लिक ने कहा की भाजपा के नेता केन्द्र के साथ ही कुछ राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में सत्ता में आने का सपना देख रहें है, जो कि अब कभी पूरा नहीं होगा। उन्होंने कहा की आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार की सत्ता से विदाई निश्चित हैं। श्री मल्लिक ने कहा की देश की जनता अब सत्ता परिवर्तन चाहती हैं ताकि देश में विकास की गति पुनः पटरी पर लौट सके।

CM के पास अल्पसंख्यकों के लिए बहुत बड़ा एजेंडाः बैठक के बाद जेडीयू नेता बोले-

# मुख्यमंत्री को 2024 में पीएम बनाना है



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अल्पसंख्यक नेताओं के साथ अहम बैठक की है। बैठक के बाद छपरा से आए जेडीयू नेता मोहम्मद फैजाल आलम ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यकों के लिए बनाई योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही कहा कि आनेवाले दिनों में उनके पास अल्पसंख्यकों के लिए बहुत बड़ा एजेंडा है। सीएम ने किसी के बहकावे में ना आकर उनका साथ देने की बात कही है। बैठक के बाद सभी अल्पसंख्यक नेता-कार्यकर्ता बहुत खुश नजर आए। उनका कहना है कि नीतीश कुमार के साथ हम हैं और आगे भी रहेंगे। लोकसभा चुनाव में 40 की 40 सीट जीताने का काम करेंगे और 2024 में मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री बनाना है। सीएम आवास पर हुए इस बैठक में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह भी मौजूद रहे। जातीय गणना के आंकड़े सामने आने के बाद इस बैठक को अहम माना जा रहा है। सुबह दस बजे से ही मुख्यमंत्री निवास पर मुस्लिम नेताओं की भीड़ जुट गई थी। इस दौरान जदयू से जुड़े मुस्लिम नेताओं ने जातीय गणना के आंकड़े जारी करने को लेकर नीतीश कुमार की उपलब्धि बताई।

**केंद्र के विरोध के बाद भी करवाई जातीय गणनाः** समस्तीपुर से आए बिहार प्रदेश जदयू के राजनीतिक सलाहकार मोहम्मद शकील ने बताया कि मुख्यमंत्री ने साफतौर पर कहा कि केंद्र सरकार के विरोध के बावजूद जातीय गणना करवाई। केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट तक चली गई। बैठक में मुसलमानों की आबादी और उनकी भागीदारी को देखते हुए किस तरीके से मुसलमान का उत्थान हो और वह आगे बढ़े। इसके लिए सारी बातें हुईं। जो वंचित हैं और समाज में दबे कुचले हैं तो उनको भी आगे बढ़ाने की कोशिश की जाएगी। औरंगाबाद से आए जिलाध्यक्ष मुमताज अहमद ने कहा कि देश में भाईचारा को आरएसएस द्वारा खत्म किया जा रहा है। उनका मकसद है संविधान को खत्म करना और कानून के तहत हमें जो मान-सम्मान मिलता है, उसको समाप्त करना। इसके खिलाफ नीतीश कुमार के नेतृत्व के पूरे बिहार वासियों को गोलबंद होना है। हम घर-घर तक जाकर इस बात को पहुंचाएंगे कि सांप्रदायिक शक्तियों को समाप्त करना है। इसके लिए इंडिया गठबंधन को एक-एक मत देकर 40 में 40 सीट जीताकर हम यहां से भेजें, ताकि दिल्ली की गाड़ी पर सामाजिक न्याय का झंडा बुलंद हो। औरंगाबाद से आए जिलाध्यक्ष मुमताज अहमद ने कहा कि देश में भाईचारा को RSS द्वारा खत्म किया जा रहा है। औरंगाबाद से आए जिलाध्यक्ष मुमताज अहमद ने कहा कि देश में भाईचारा को RSS द्वारा खत्म किया जा रहा है। समस्तीपुर जिला मुख्य प्रभारी रिजवान ने कहा कि बिहार के कोने-कोने से अल्पसंख्यक मीटिंग में पहुंचे थे। इसमें मुख्यमंत्री ने कहा किया है कि भाजपा की बी टीम जो बिहार में INDIA एलायंस के वोट को काटने का काम करेगी, उसे असफल करना है। हम लोग पूरे बिहार में भाजपा के वोटकटवा बी टीम को वोट को काटने से रोकने का काम करेंगे। सीतामढ़ी से आए अहसन रजा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमसे पूछा कि आप लोगों की क्या मंशा है। जो हमने अल्पसंख्यक के लिए काम किया है उसके बारे में आप लोगों का क्या कहना है? मुख्यमंत्री जात धर्म से ऊपर उठकर लोगों के लिए काम करते हैं। खासतौर से मुसलमान के भी इन्होंने बहुत सारा काम किया है। 2024 का चुनाव हो या 2025 का सभी मुसलमान नीतीश कुमार के झंडे तले हैं।

**बिहार में 17 फीसदी से ज्यादा मुस्लिमः** पिछले दिनों गांधी जयंती के मौके पर राज्य सरकार की तरफ से जाति आधारित गणना की रिपोर्ट पेश की गई। इसमें अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों की संख्या 17.70% बताई गई है। राज्य में यह समुदाय दूसरे नंबर पर है। ऐसे में किसी चुनाव को जीतने के लिए इस समाज का सपोर्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## मांझा के स्कूलों से ली गई अमृत वाटिका के लिए कलश में मिट्टी

**मांझागढ़।** नेहरू युवा केंद्र गोपालगंज के तत्वावधान में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखंड के हंसराज पब्लिक स्कूल के प्रांगण में पहुंच कर नेहरू युवा केंद्र के सदस्यों ने अमृत कलश में मिट्टी ली।इस दौरान काफी संख्या में बच्चों ने अमृत कलश में मिट्टी डाली। वहीं नेहरू युवा केंद्र के सदस्यों ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को भारत सरकार के द्वारा पूरे देश में चलाया जा रहा है। अमृत कलश में सभी लोग भाग ले तथा अपनी घर की थोड़ा मिट्टी या चावल का एक दाना इसमें सहयोग करें। इसके लिए घर घर पहुंच कर लोगों से उनके



घर की मिट्टी इकट्ठा कर रहे है।वहीं सदस्यों ने अमृत कलश यात्रा में भागीदारी हेतु लोगों से अपील किया। मौके पर नेहरू युवा केन्द्र इरसाद आलम,भारत स्काउट गाइड के जिला संगठन आयुक्त रवि कुमार सिंह,शिक्षक जितेन्द्र कुमार सहित अन्य थे।

# अतिपिछड़ा समाज के लिए युगपुरुष हैं नीतीश, पूरा देश कर रहा है अनुसरणः राजीव रंजन

**पटना।** आज पटना के हार्डिंग रोड में अतिपिछड़ा समाज के प्रमुख नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में जदयू के राष्ट्रीय महसचिव व प्रवक्ता श्री राजीव रंजन, जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ धर्मेन्द्र चन्द्रवंशी, भारतीय धानुक महासंघ के अध्यक्ष शंकर प्रसाद, कानू विकास संघ के अध्यक्ष श्री अजय कुमार आदि की सहभागिता रही. बैठक में उपस्थित नेताओं ने जातिगत गणना की सफलता के लिए मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार का आभार प्रकट करते हुए इससे अतिपिछड़ा समाज के विकास के लिए क्रांतिकारी कदम करार दिया. इस अवसर पर उपस्थित अतिपिछड़ा समाज के नेताओं ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व मे आस्था जताते हुए उनके किये कार्यों को बिहार के जन जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया. मौके पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को अतिपिछड़ा समाज का युगपुरुष बताते हुए जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता श्री राजीव रंजन ने कहा कि श्रद्धेय कर्पूरी ठाकुर के बाद श्री नीतीश कुमार ऐसे पहले राजनेता हैं जिन्होंने अतिपिछड़ा समाज के दुःख दर्द को समझा और उन्हें दूर करने के लिए पूरी ईमानदारी से प्रयास किये हैं. यह उन्हीं की करायी जातिगत गणना की देन है कि जिस अतिपिछड़ा समाज को राजनीतिक दल वोटबैंक से अधिक महत्व नहीं देते थे, आज उसके विकास की बात राष्ट्रीय विमर्श बन चुका है. नीतीश जी के कारण ही आज भाजपा जैसे अतिपिछड़ा विरोधी दल को भी इस समाज के आगे-पीछे घुमने पर मजबूर होना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि वास्तव में नीतीश जी की नीतियों का लोहा आज पूरा देश मान रहा है. बिहार की देखादेखी आज सभी राज्यों में जातिगत गणना करवाने की होड़ मच चुकी है. उड़ीसा से इसकी शुरुआत भी हो चुकी है, जहां अतिपिछड़ों की संख्या 45ः होने की बात सामने आ रही है. छतीसगढ़ और राजस्थान जैसे राज्यों में तो यह चुनावी वादा बन चुका है. वह दिन दूर नहीं जब केंद्र सरकार को भी इसे देशव्यापी स्तर पर करवाने को मजबूर होना पड़ेगा.



हकीकत में श्री नीतीश कुमार की इस पहल ने पूरे देश को अतिपिछड़ा समाज की ताकत दिखला दी है. इससे राजनीतिक दलों को समझ में आ गया है कि अब अतिपिछड़ों को बरगला कर उन पर शासन करने के दिन लद चुके हैं. अब अपनी संख्या के दम पर अतिपिछड़ा समाज खुद आगे बढ़ कर शासन की बागडोर थामने वाला है. केंद्र सरकार से देशव्यापी स्तर पर जातिगत गणना करवाने की मांग करते हुए जदयू महासचिव ने कहा कि बिहार के बाद ओड़िसा में अतिपिछड़ा समाज के बहुसंख्यक साबित होने के बाद यह तय है कि यदि राष्ट्रीय स्तर पर गणना करवाई जाए तो अतिपिछड़ा समाज की संख्या देश की आधी आबादी से भी अधिक हो सकती है. केंद्र सरकार से हमारी मांग है कि जल्द से जल्द पूरे देश में जातिगत गणना करवाए. इससे न केवल पूरे देश भर में अतिपिछड़ों की वास्तविक स्थिति पता चलेगी बल्कि उन्हें लक्षित कर के योजनायें बनाने में भी आसानी होगी। इस मौके पर जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ0 धर्मेन्द्र चन्द्रवंशी ने श्री नीतीश कुमार को अतिपिछड़ा समाज का सबसे बड़ा हितैषी बताते हुए कहा कि नीतीश जी के इतने वर्षों के कार्यकाल में सरकार ने समाज के हर तबके को केन्द्रित करके काम किये हैं. उन्होंने कहा कि अतिपिछड़ा समाज के युवा विशेषकर बेटियां अशिक्षा से प्रभावित थी, लेकिन श्री नीतीश सरकार द्वारा चलाई गयी साईकिल योजना, पोशाक योजना, छात्रवृत्ति योजना आदि ने पूरी तस्वीर बदल कर रख दी. इसी तरह बाल विवाह और शराब के खिलाफ उठाये गये कदमों का भी सर्वाधिक लाभ इसी समाज को मिला है. भारतीय धानुक महासंघ के अध्यक्ष शंकर प्रसाद व कानू विकास संघ के अध्यक्ष अजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि श्री नीतीश सरकार के कारण ही आज बिहार के हर गांव में बिजली, पानी और सड़क की सुविधा पहुंच चुकी है. जीविका के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं में स्वावलंबन की भावना जागृत हुई है. अतिपिछड़ा समाज के लोग इससे भी बड़ी संख्या में लाभान्वित हुए हैं. यह उन्हीं के किये कार्यों का प्रतिफल है कि आज बिहार की 10.98 की विकास दर, देश के विकास दर से भी अधिक है. राज्य के विकास में हुई यह बढ़ोतरी से आम बिहारवासियों के जीवनस्तर में भी सुधार हुआ है. उनकी आमदनी भी लगातार बढ़ रही है. आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक बिहार में प्रति व्यक्ति सालाना आय 6400 बढ़कर 54,383 रुपए हो गई है. इसका सबसे अधिक लाभ अतिपिछड़ा समाज को ही मिला है. इसके अतिरिक्त सड़क, बिजली पानी की व्यवस्था में हुई सुधार ग्रामीण इलाकों में आई समृद्धि का लाभ भी इसी वर्ग को मिला है. बैठक में लोहार कल्याण समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, धानुक महासंघ के संरक्षक कार्तिक प्रसाद, कानू विकास संघ के प्रधान महासचिव कृष्ण नंदन साव, धानुक महासंघ के उपाध्यक्ष विजय कुमार राय, चन्द्रवंशी समाज के वरिष्ठ नेता सुनील चन्द्रवंशी, गजेन्द्र सिंह, अशोक चन्द्रवंशी, अजित कुमार, प्रमोद महतो, शशिभूषण, पप्पू कानू आदि उपस्थित रहें।

## पशुपालकों के लिए खुशखबरी, नवरात्र के पहले दिन शुरू होगी ज्ञान डेयरी

**गोरखपुर, एजेंसी।** गोरखपुर जिले में गीडा क्षेत्र में लगी ज्ञान डेयरी प्लांट का उद्घाटन 15 अक्तूबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। नवरात्र के पहले दिन होने वाले इस कार्यक्रम के लिए शुक्रवार को गीडा सीईओ ने प्लांट का निरीक्षण किया।

गीडा सेक्टर-26 में 20,067 वर्ग मीटर में ज्ञान डेयरी की स्थापना की गई है। पिछले साल ही इसका निर्माण कार्य आरंभ हुआ था। कंपनी यहां दूध की पैकेजिंग के अलावा छाछ, लस्सी, दही तथा दूध से बने अन्य उत्पाद भी बनाएगी। इसके लिए हर दिन पांच लाख लीटर दूध की आवश्यकता पड़ेगी। दूध की पूर्ति के लिए कंपनी ने गोरखपुर के अलावा अगल-बगल के जिलों के पशुपालकों से भी अनुबंध किया है।

कंपनी के महाप्रबंधक जीपी तिवारी ने बताया कि प्लांट के उद्घाटन के लिए समय मिल गया है। उद्घाटन के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। प्लांट शुरू करने से पहले ट्रायल किया जा रहा है। चार दिन में ट्रायल भी पूरा हो जाएगा।

## डॉक्टर-एजेंटो ने मिलकर रची शर्मनाक साजिश, प्रसव के बाद बिकवा दिया नवजात ; जागी मां की ममता तो हुआ ये अंजाम

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में लोहामंडी स्थित एक हॉस्पिटल में प्रसव के बाद नवजात शिशु को बेचने का मामला सामने आया है। मामले में डॉक्टर सहित तीन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। डॉक्टर पर बच्चे को मृत बताकर डिलीवरी कराने का आरोप है। पुलिस का कहना है कि बच्चा दिल्ली की दंपती ने खरीदा है। एजेंटों के माध्यम से बिक्री की गई। उसकी बरामदगी के लिए टीम लगी है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जगदीशपुरा थाना क्षेत्र की नीलम बुधवार को पुलिस आयुक्त से गुहार लगाने पहुंचीं। उन्होंने बताया कि आठ महीने की गर्भवती होने पर उन्हें 7 जुलाई को लोहामंडी स्थित ऊषा देवी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। तब हॉस्पिटल की डॉक्टर ने बताया कि गर्भ में बच्चे की धड़कन नहीं है। ऑपरेशन करना होगा। 20 हजार रुपये का खर्च आएगा।

हॉस्पिटल में ही पश्चिमपुरी की रहने वाली माया नाम की महिला मिली। उसने कहा कि बच्चा जिंदा हो तो मुझे दे देना। इलाज का खर्च वो उठा लेंगी। इस पर नीलम तैयार हो गई। माया ने 20 हजार जमा करा दिए। बिना ऑपरेशन के नॉर्मल डिलीवरी से बच्चा पैदा हुआ। उसे कोई समस्या नहीं थी। दो दिन बाद वो बेटे को लेने माया के पास गई। पता चला कि उसने किसी ज्ञान सिंह को दे दिया है। ज्ञान सिंह ने भी बच्चे को ज्यादा कीमत में दिल्ली के दंपती को बेच दिया। अब वो अपने बच्चे के लिए परेशान है।

**एसीपी को दी गई जांच:** पुलिस आयुक्त ने एसीपी लोहामंडी दीक्षा सिंह को जांच के आदेश किए। एसीपी ने बताया कि मामले में अपहरण, धोखाधड़ी, षडयंत्र, जान से मारने की धमकी सहित अन्य धारा में केस दर्ज किया है। नवजात को दिल्ली में बेचने की जानकारी मिली है। टीम को वहां भेजा जा रहा है।

**पति को जेल भेजने की दी धमकी:** पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। वह थाना लोहामंडी भी गई। मगर, पुलिस ने हॉस्पिटल के डॉक्टर के साथ मिलकर पति को धमकाया। जेल भेजने की धमकी दी। कोरे कागज पर हस्ताक्षर भी करा लिए।

**बच्चे हो चुके हैं चोरी:** शहर में बच्चों की खरीद-फरोख्त ही नहीं, चोरी के मामले भी सामने आ चुके हैं। ट्रांस यमुना कॉलोनी में घर के अंदर से बच्ची चोरी हो गई थी। लेडी लॉयल अस्पताल से भी बच्ची को चोरी कर लिया गया था। इन घटनाओं का खुलासा नहीं हो सका था।

## कानपुर में भीषण आग : सेना की वर्दी बनाने वाली फैक्टरी में लगी आग, एक दर्जन गाड़ियां आग बुझाने में जुटी

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में नौबस्ता के मछरिया में गुरुवार देर रात सेना की वर्दी बनाने वाली फैक्टरी में भीषण आग लग गई। फैक्टरी से आग लपटें उठती देख रास्ते से गुजर रही जेब्रा पुलिस की नजर पड़ी, तो आनन फानन में फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची किदवईनगर, फजलगंज फायर स्टेशन से चार गाड़ियों ने आग बुझाना शुरू किया।

आग की भयावहता देख शहर व आसपास के जिलों से कई फायर स्टेशनों से पहुंची करीब एक दर्जन गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई हैं। नौबस्ता के केशव विहार कॉलोनी निवासी सुनील कुमार की संजयनगर में आर्मी सूट बनाने का कारखाना व गोदाम है। ऊपरी तल पर करीब 20 मजदूर भी रहते हैं।

गुरुवार देर रात करीब ढाई बजे भूतल में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। इसपर मजदूर जान बचाकर छत पर भागे। इधर रास्ते से गुजर रही जेब्रा ने लपटें उठती देखा, तो फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड के जवानों ने मजदूरों का रेस्क्यू करने के बाद आग बुझाना शुरू किया।

**एक दर्जन से अधिक गाड़ियां मौजूद, पड़ोसियों की गल गई पानी की टंकियां:** भीषण आग की जानकारी होने पर सुबह पुलिस कमिश्नर आरके स्वर्णकार समेत अन्य अधिकारी भी मौके पर निरीक्षण के लिए पहुंचे। फिलहाल करीब एक दर्जन गाड़ियां आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही हैं। फैक्टरी रिहाइशी इलाके में बनी हुई है। अंदर कैमिकल रखा होने से आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया।

स्थानीय लोगों के मुताबिक फैक्ट्री में 20 मजदूर परमानेंट रहते हैं। जो खाना बनाने के लिए छोटा सिलेंडर का प्रयोग करते थे। आग से एक के बाद एक कोई सिलेंडर फटने से इलाके में दहशत फैल गई। लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। वही दमकल गर्मियों ने स्थानीय पुलिस की मदद से 50 से अधिक मकान को खाली कराया।

रिहायशी इलाके में अवैध रूप से फैक्टरी संचालित हो रही थी। घटना में कोई जनहानि नहीं है। फैक्टरी मालिक को नोटिस देकर जवाब तलब किया जाएगा। -दीपक कुमार, चीफ फायर ऑफिसर

सूत्रों के अनुसार सेवा की वर्दी बनाने वाली फैक्टरी में लगी आग और धमाके की सूचना पर फोरेंसिक टीम, स्क्वाड के साथ मिलिट्री इंटेलिजेंस के लोग भी वहां पहुंचे। वहां जांच पड़ताल के पास वापस लौटा आए।

# देवरिया सामूहिक हत्याकांडः बीआरडी मेडिकल कॉलेज पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक

## *अनमोल के घरवालों से की मुलाकात*

**गोरखपुर , एजेंसी।** गोरखपुर बीआरडी मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक पहुंचे। यहां उन्होंने देवरिया सामूहिक हत्याकांड में घायल अनमोल के परिजनों से मुलाकात की। डॉक्टरों से पूरी जानकारी ली और परिजनों को आश्वस्त किया कि सरकार दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। इसके बाद उन्होंने डेंगू व मलेरिया को लेकर अस्पतालों में स्पेशल बेड आरक्षित करने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएम ने कहा कि इलाज में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया कि सीएचसी व पीएचसी सेंटरों पर जरूरी संसाधन उपलब्ध कराएं।

**यह है मामला:** बता दें कि देवरिया जिले में रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गांव में सोमवार को सुबह छह बजे जमीन के विवाद में एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी गई। इससे गुस्साएं



पूर्व जिला पंचायत सदस्य के पक्ष के लोग दूसरे पक्ष के घर में घुसकर पति, पत्नी और उसके तीन संतानों को गोली मारकर और धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी, जबकि एक बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया है।

## बच्चे को बंधक बनाकर चोरी कर रहे चोर को लोगों ने दबोचा, धुनाई कर पुलिस को सौंपा

**मथुरा एजेंसी।** तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन में घर में घुसे चोर ने बृहस्पतिवार की रात को एक बच्चे को बंधक बनाकर चोरी करने का प्रयास किया। लेकिन उसे दबोच लिया गया। इसके बाद लोगों ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस द्वारा इस मामले में मुकदमा लिखा जा रहा है।



घटना वृंदावन कोतवाली क्षेत्र के चैतन्य विहार कॉलोनी की है। यहां सेक्टर-5 में इंद्राचार्य के तीन मंजिला मकान के प्रथम तल पर एक बैंक में कार्यरत दुर्गानंद झा किराए पर रहते हैं। गुरुवार की रात एक चोर उनके फ्लैट में घुस गया। उनके 14 वर्षीय बच्चे को कमरे के अंदर बाथरूम में ले जाकर बंद कर दिया। इसके बाद अलमारी खंगालने लगा।

उसके हाथ मंगलसूत्र व सोने के जेवरात हाथ लग गए। तभी दरवाजा की आवाज सुनकर बैंककर्मी और परिवार के सदस्य बच्चे के कमरे की ओर गए तो आरोपी चोरी करते हुए एक व्यक्ति दिखाई दिया। कमरे का गेट तोड़कर चोर को पकड़ लिया। चोर को काबू में करने के लिए उसके सिर पर बैट से प्रहार किया। इससे वह लहूलुहान हो गया।

घटना की जानकारी होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस को सूचना दी गई। केशवधाम पुलिस चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि चोर को कोतवाली ले जाया जा रहा है। वहां उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## यूपी के प्रतापगढ़ जंक्शन समेत 3 रेलवे स्टेशन के बदले नाम

**प्रतापगढ़ एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के तीन स्टेशनों के नाम बदल दिए गए हैं। रेलवे ने उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में तीन स्टेशनों का नाम बदलने की घोषणा की है। गृह मंत्रालय ने जुलाई में इन स्टेशनों के नाम बदलने को मंजूरी दी थी। इन स्टेशनों में प्रतापगढ़ जंक्शन, अंतू स्टेशन और बिशनाथगंज स्टेशन शामिल हैं।




रेलवे की ओर से प्रेस रिलीज कर बताया कि प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन कर दिया गया। अंतू रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर मां चंद्रिका देवी धाम अंतू और बिशनाथगंज का नाम बदलकर शनिदेव धाम बिशनाथगंज कर दिया गया है। प्रतापगढ़ के सांसद संगम लाल गुप्ता ने केंद्र से तीन स्टेशनों का नाम बदलने का आग्रह किया था।

## मुख्तार अंसारी का इनामिया शूटर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, अवैध पिस्टल और कारतूस बरामद

**मऊ , एजेंसी।** माफिया मुख्तार अंसारी गिरोह के नजदीकी व मन्ना सिंह हत्याकांड में गवाह राम सिंह मौर्या व गनर की हत्या मामले में सह अभियुक्त एवं गैंगस्टर एक्ट में फरार वांछित 25 हजार इनामिया शातिर अपराधी व शूटर चंदौली जनपद के सकलड़ीहा थाना के पवरा निवासी रामदुलारे को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से अवैध पिस्टल कारतूस बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के कम में एसओजी, सर्विलांस व थाना दक्षिण टोला पुलिस ने गुरुवार रात्रि 10 बजे के चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर मतलपुर मोड़ के पास से मुख्तार अंसारी के गिरोह आईएस 191 का नजदीकी व मन्ना सिंह हत्याकांड में गवाह राम सिंह मौर्या व गनर की हत्या मामले में सह अभियुक्त था। वह वर्ष 2010 से गैंगस्टर एक्ट में फरार था। पुलिस द्वारा उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

## शौकीन ने बेटी का ऐसा हाल किया...उसे हमारे हवाले कर दो, परिजन बोले- कोर्ट के चक्कर में हमें नहीं पड़ना

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद के मोदीनगर के जगतपुरी कॉलोनी में गुरुवार की शाम कोचिंग के लिए जा रही कक्षा नौ की 16 वर्षीय छात्रा पर 35 वर्षीय युवक ने तलवार से हमला कर दिया। छात्रा के घर के पास ही उस पर ताबड़तोड़ प्रहार किए गए। उसके लहूलुहान होकर जमीन पर गिर जाने के बाद हमलावर ने भागने की कोशिश की, लेकिन बर्बरता से किया गया यह हमला देख रहे लोगों ने साहस करके उसका पीछा किया और उसे पकड़कर पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया।

घटना की सूचना पर पहुंचे पुलिस अफसरों के सामने छात्रा के पिता और कॉलोनी के लोगों ने कहा कि उन्हें केस दर्ज नहीं कराना है। वे कोर्ट-कचहरी के चक्कर में नहीं पड़ना चाहते हैं। सबने एक ही मांग रखी कि हमलावर शौकीन उनके हवाले कर दिया जाए।

यह घटना गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। हमलावर की पहचान छात्रा के पिता के साथ मजदूरी करने वाले शौकीन के रूप में हुई है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। दूसरी ओर छात्रा और आरोपी अलग-अलग समुदाय के होने की वजह से इलाके में सांप्रदायिक तनाव फैल गया। मौके पर भारी भीड़ जमा हो जाने पर आसपास के थानों की फोर्स भी लगा दी गई।

रंगाई-पुताई का काम करने वाले छात्रा के पिता ने बताया कि बेटी को



निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत बेहद गंभीर है। उस पर सिर और गर्दन सहित चार जगह हमला किया गया। शौकीन नशे में धुत था। साथ काम करने की वजह से उसका घर में आना-जाना है। उसे मालूम था कि बेटी चार बजे कोचिंग सेंटर जाती है। वह पहले से आ गया। जैसे ही बेटी घर से निकली, उसका पीछा करने लगा। थोड़ी दूर पीछा करने के बाद उसने हमला कर दिया। वह बस एक ही बात कहे जा रहा था, आज तुझे जिंदा नहीं छोड़ूंगा। लोग उसे पकड़ने के लिए दौड़े तो उसने तलवार को तालाब में फेंक दिया।

**कार्रवाई के लिए हंगामा:** हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिला महामंत्री नीरज शर्मा, मधुर नेहरा और बजरंगदल के पंकज कंसल बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी पर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव ने उन्हें कार्रवाई का भरोसा देकर शांत किया।

**प्लीज अंकल... मुझे छोड़ दो:** मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि शौकीन ने पहला वार छात्रा के सिर पर किया। छात्रा के सिर से खून का फव्वारा छूटा। इसके बाद वह भागी तो शौकीन ने पीछा किया। 100 मीटर तक गली में सड़क से दीवारों तक खून के बूंदे गिरीं। इसके बाद शौकीन ने उसे पकड़ लिया। वह रोते हुए कह रही थी, अंकल प्लीज... मुझे छोड़ दो... मैं आपकी बेटी जैसी हूं, लेकिन शौकीन का दिल नहीं पसीजा। उसने ताबड़तोड़ प्रहार किया। छात्रा लहूलुहान हो गई और बेहोश होकर गिर पड़ी। इस पर लोग शौकीन की ओर दौड़े। तब वह भागने लगा।

**केस नहीं चाहिए, हमलावर को सौंप दो:** घटना की सूचना पर पहुंचे पुलिस अफसरों के सामने छात्रा के पिता और कॉलोनी के लोगों ने कहा कि उन्हें केस दर्ज नहीं कराना है। वे कोर्ट-कचहरी के चक्कर में नहीं पड़ना चाहते हैं। सबने एक ही मांग रखी कि हमलावर शौकीन उनके हवाले कर दिया जाए। पुलिस अफसरों ने समझाया कि वे कानून हाथ में न लें। पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। इस पर लोग शांत हुए।

## पांच फीट की लौकी देख कर रह गए सब दंग, यहां पर उगाया गया है इसे

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ के मंगलायतन विश्वविद्यालय के कृषि संकाय द्वारा नरेंद्र शिवानी प्रजाति की करीब पांच फीट की लौकी उगाई गई है। प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने लौकी के ऐसे बीज तैयार किए हैं। इसकी पैदावार से किसान अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। कुलपति प्रो. पीके दशोरा, प्रति कुलपति प्रो. सिद्दी विरेशम, कुलसचिव बिग्रेडियर समरवीर सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. दिनेश शर्मा ने कृषि संकाय के अध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार के साथ लौकी का अवलोकन किया।



कुलपति ने लौकी की लंबाई व चौड़ाई की नाप कराई। एक लौकी की लंबाई चार फुट आठ इंच है और मोटाई करीब नौ इंच है। अभी और लंबाई बढ़ने की संभावना है। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय में यह लौकी किसानों को जागरूक करने एवं शुद्ध बीज तैयार करने के लिए उगाई जा रही है। कुलसचिव ने बताया कि विश्वविद्यालय किसानों को जागरूक करने के साथ उन्हें उन्नत किस्मों से बेहतर लाभ कमाने के लिए प्रशिक्षित करेगा।

विभागाध्यक्ष ने बताया कि इस लौकी की फसल की बुआई जुलाई में की गई थी। इस किस्म का औसत उत्पादन 700-800 कुंतल प्रति हेक्टेयर है। इसका स्वाद व पोषक तत्व दूसरी प्रजातियों के समान ही होते हैं। दिसंबर तक इसका बीज तैयार हो जाएगा। इस अवसर पर डा. आकांक्षा सिंह, डा. विकास यादव, डा. शारदा दुबे, डा. पुष्पा यादव, डा. पवन कुमार सिंह, डा. मयंक प्रताप आदि थे।

## चंदौली में हड़कंपः बांध में युवक की तैरती लाश की सूचना पर दौड़ पड़ी पुलिस, कुछ दिन पहले एक महिला का मिला था शव

**चंदौली , एजेंसी।** बीते सितंबर महीने में हत्या कर सूटकेस में बंद कर फेंकी गई महिला की लाश की गुत्थी अभी चकरघट्टा पुलिस सुलझा नहीं सकी थी कि शुक्रवार की सुबह फिर एक युवक की हत्या कर लाश को भैसौड़ा बांध में फेंकने से इलाके में सनसनी फैल गई। भोर के वक्त तैरती लाश देख ग्रामीणों के बीच हड़कंप मच गया और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। चकरघट्टा थाना क्षेत्र के भैंसौड़ा बांध में तैरती शव मिलने की सूचना पर पुलिस दौड़ पड़ी। पुलिस ने बांध से लाश को बाहर निकलवाया। करीब पैंतीस साल के युवक की लाश थी। आशंका है कि गला दबाकर हत्या करने के बाद लाश को ठिकाने लगाने हेतु बांध में रात को फेंका गया है। अभी तक युवक के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। आसपास खबर फैलने की वजह से ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई थी।

**15 सितंबर को मिली थी सूटकेस में लाश**

पुलिस ने मौजूद लोगों से शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन पहचान नहीं हो पाई है। शव फूल गया था और उस पर नीला टी-शर्ट, काली बनियान और नीला जींस पैंट मौजूद था। पुलिस आसपास के गांवों में किसी युवक के गायब होने की जानकारी जुटा रही है ताकि पहचान हो सके। मौके पर पहुंची पुलिस ने गला दबाकर हत्या की आशंका जताई है। नाक के पास से खून का स्राव हो रहा था। देखने से लग रहा था कि 24 घंटे के भीतर ही उसकी हत्या की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

चकरघट्टा थाना क्षेत्र में ही 13 सितंबर को एक महिला की हत्या कर लाल सूटकेस में बंद कर महदेवा जंगल में फेंकी गई लाश मिली थी। पहचान ना हो सके इसके लिए शव को जलाने की भी कोशिश की गई थी। पुलिस अब तक इसकी शिनाख्त तक नहीं कर सकी है। ऐसे में हत्यारे पकड़े जाने की बात तो दूर की कौड़ी है।

सीओ आपरेशन कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि शव काफी फूला हुआ था, इस वजह से कुछ स्पष्ट नहीं हो पाया। देखने से लग रहा है कि गला दबाकर हत्या की गई है। अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है, पहचान के लिए तस्वीर अन्य थानों में सर्कुलेट कर दी गई है। यदि कोई जानने वाला सामने आता है तो बेहतर होगा। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## डेंगू का प्रकोप बढ़ा, पांच और मरीज मिले

**अमेठी एजेंसी।** जिले के अलग अलग क्षेत्रों में बृहस्पतिवार को डेंगू के पांच और मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग इन डेंगू के मरीजों की केस हिस्ट्री तैयार करने में जुटा है। इसके आधार पर निरोधात्मक कार्रवाई के लिए टीमें लगाई गई हैं। स्वास्थ्य टीमों को सतर्क किया गया है। बृहस्पतिवार को कार्ड की जांच में पांच डेंगू के संदिग्ध मरीज मिले थे। इनकी एलाइजा जांच के लिए भेजी गई रिपोर्ट आने के बाद पांच लोग डेंगू से बीमार मिले हैं। जिला मलेरिया अधिकारी शेषधर द्विवेदी ने कहा कि प्रभावित गांवों में रैपिड रिस्पांस टीम को भेजकर बुखार से पीड़ित 40 लोगों का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। कहा कि गांव में साफ-सफाई के साथ दवा का छिड़काव कराया जा रहा है।

इसके अलावा संयुक्त जिला अस्पताल की ओपीडी में 1247 लोगों ने पंजीकरण कराया। जिसमें से 578 मरीज बुखार के मरीज मिले हैं। अस्पताल में चिकित्सक डॉ. शुभम पांडेय के कक्ष में मरीजों की भीड़ रही। सीएमएस डॉ. बीपी अग्रवाल ने बताया कि अस्पताल में मरीजों की सहूलियत के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

**कीवी व पपीते की कीमतों में उछाल:** डेंगू के बढ़ रहे मामलों के बीच अब प्लेटलेट्स बढ़ाने वाली चीजों की मांग बढ़ने लगी है। बाजार में इन दिनों कीवी व पपीते की मांग बढ़ गई है। कीवी की मांग में पिछले एक माह में जबरदस्त इजाफा हुआ है। पिछले माह 10-15 रुपये प्रति पीस बिकने वाली कीवी अब 35 से 40 रुपये बिक रही है। वहीं 30 से 40 रुपये प्रति किलो बिकने वाला पपीता 60 रुपये, 40 से 50 रुपये प्रति पीस बिक रहा पानी वाला नारियल इस समय 60 रुपये बिक रहा है।

## बैंक मैनेजर से लूट मामले में पुलिस को कामयाबी, दो बदमाश दबोचे; गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई

**गाजियाबाद एजेंसी।** इंदिरापुरम पुलिस ने बैंक मैनेजर विकमेंद्र प्रताप सिंह को गाड़ी में बंधक बनाकर लूट करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। एक बदमाश आनंद गौतम और दूसरा गौरव वाल्मीकि निवासी मोदीनगर है। डीसीपी शुभम पटेल ने बताया कि मुख्य बदमाश आनंद गौतम पर जनपद के विभिन्न थानों में लूट और अन्य धारा के 7 मुकदमे दर्ज हैं। जबकि गौरव पर एक मुकदमा है। आंनद गौतम जेल से छूटकर लूट की योजना बनाने लगा था। डीसीपी ने चेकिंग के दौरान बदमाशों को पकड़ने वाली टीम को 25000 रुपये इनाम की घोषणा की है। वहीं दोनों बदमाश पर गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।



## बच्चों पर कुत्तों ने किया हमला : एक मासूम को दो जगह काटा, सोसायटी में काफी देर चला हंगामा, पहले भी हुआ था विरोध

**गाज़ियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद के राज नगर एक्सटेंशन की गुलमोहर सोसायटी के सेंट्रल पार्क में खेल रहे बच्चों पर गुरुवार शाम कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। जिसमें सोसायटी निवासी हिमांशु शर्मा के बेटे स्वास्तिक शर्मा को कुत्तों ने दो जगह काट लिया। साथ में खेलने अन्य बच्चों ने घटना की जानकारी परिवार वालों को दी तो देर रात हंगामा शुरू हो गया। इसके बाद परिजन कुत्ते को पालने वाली महिला के घर पहुंचे और विरोध जताया। इस पर महिला ने परिजनों पर अभद्रता का आरोप लगाया। सूचना पर नंदग्राम थाने से पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझ कर मामला शांत कराया। इसके बाद भी जब मामला शांत नहीं हुआ तो समिति के लोगों ने नंद ग्राम थाने पहुंचकर महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। शुक्रवार को हिमांशु शर्मा अपने बेटे को लेकर अस्पताल गए जहां उसका उपचार किया गया। मामले में पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

**बच्चों ने किया था पैदल मार्च:** गुलमोहर गार्डन सोसायटी में पहले भी कुत्तों के काटने का मामला सामने आ चुका है। पिछले महीने समिति के बच्चों ने कुत्तों के खिलाफ पैदल मार्च किया था। सोसायटी निवासी डॉक्टर नीतिका शुक्ला का कहना है कि आवारा कुत्तों की समस्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है। कुछ पशु प्रेमियों की हठ धर्मिता की वजह से यह समस्या बढ़ गई है। पिछले दो महीने में समिति के चार-पांच बच्चों को कुत्ते काट चुके हैं। कुत्तों के लिए टाइप फीडिंग पॉइंट से अलग हटकर खाना पीना दिया जाता है। विरोध करने पर पशु प्रेमी धमकी देते हैं। राजनगर एक्सटेंशन की केडीपी ग्रैंड समान सोसायटी में गुरुवार की शाम वॉक कर रहे एक बुजुर्ग पर कुत्ते ने हमला किया। थोड़ी ही दूर पर मौजूद एओए अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने बुजुर्ग को कुत्ते से बचाया।

# मोदी के विजय रथ को रोकने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्षी एकजुटता का आह्वान किया

**पटना, एजेंसी।** 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजय रथ को रोकने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्षी एकजुटता का आह्वान किया, जिसमें अधिकांश विपक्षी दल साबित हुए। इसके बाद उन्होंने जाति गणना की रिपोर्ट को जारी करके अपनी मंशा को उजागर कर दिया है। उनके इस कदम से सत्ता पक्ष को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है। भारत में जाति इतना संवेदनशील मुद्दा है कि यह महिला आरक्षण जैसे मुद्दे पर भारी साबित हो सकता है। हालांकि, राष्ट्रवाद ऐसा मुद्दा है जिसके सामने यह नहीं टिक पाता है और बीजेपी खुलकर इस मुद्दे को भुनाती है।



अब बात नीतीश कुमार की। वह ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिनके पास सिर्फ 48 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। बिहार विधानसभा में वह तीसरी बड़ी पार्टी हैं। उन्होंने अपनी प्रासंगिकता को बनाकर रखा है, जो कि उनकी राजनीति करने का स्टाइल है। यही कारण है कि नीतीश कुमार जिस जाति (कुर्मी) से आते हैं, वह बिहार की आबादी में मात्र 2.87 प्रतिशत है। इसके बावजूद वह करीब 18 वर्षों से मुख्यमंत्री बने हुए हैं। नीतीश कुमार को एक कुशल रणनीतिकार और सोशल राजनीति में माहिर खिलाड़ी माना जाता है। जाति गणना को उनके मास्टरस्ट्रोक के तौर पर देखा जा रहा है। बिहार की राजनीति की समझ रखने वाले लोगों का कहना है कि जाति गणना करवाकर नीतीश कुमार ने बिहार से लेकर दिल्ली तक अपनी प्रासंगिता को बढ़ाया है, बल्कि अपने साथी राजद को भी नियंत्रित करने की कोशिश की है। आपको बता दें कि राजद के कई नेता दबी जुबान तेजस्वी यादव के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी की लगातार मांग कर रहे हैं।

जेडीयू के अलावा नीतीश कुमार की महागठबंधन सरकार में राजद, कांग्रेस और वाम दलों का एक समूह शामिल है। 2020 का विधानसभा चुनाव भाजपा के साथ गठबंधन में लड़ने के बाद नीतीश ने 2022 में राज्य के विपक्षी गुट से हाथ मिला लिया। बिहार विधानसभा में राजद सबसे बड़ी पार्टी है। लेकिन जाति सर्वेक्षण के साथ नीतीश कुमार ने अपनी ताकत बढ़ा ली है। उन्होंने दोहराया है कि वह सिर्फ कुर्मियों के नेता नहीं हैं, बल्कि अत्यंत पिछड़े वर्गों (ईबीसी) के भी नेता हैं। जाति सर्वेक्षण के अनुसार, बिहार की आबादी में ईबीसी का प्रतिशत 36 है। वहीं, बिहार की आबादी में 14 प्रतिशत यादव हैं। राजद यादव-मुस्लिम गठबंधन पर निर्भर है, लेकिन यहां भी नीतीश कुमार ने जाति सर्वेक्षण से सेंध लगाने की कोशिश की है। एक रिपोर्ट के मुताबिकमुसलमानों को ईबीसी में शामिल कर नीतीश कुमार ने मुस्लिम राजनीति के पिच पर खेलने की कोशिश की है। वह पसमांदा मुस्लिम के एक वर्ग को आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। यही कारण है कि नीतीश कुमार ने पसमांदा मुसलमानों के नेता अली अनवर अंसारी को आगे बढ़ाया।

# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस आई तो जातीय सर्वे कराएगी-प्रियंका गांधी

**कांकेर, एजेंसी।** कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने छत्तीसगढ़ की जनता से वादा किया है कि यदि उनकी पार्टी फिर सरकार बनती है तब राज्य में बिहार की तरह जाति आधारित जनगणना कराएगी। कांकेर जिले के गोविंदपुर में शुक्रवार को नगरीय निकाय एवं पंचायती राज महासम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने जनता से सरकार बनने पर गरीबों के लिए 10 लाख मकान बनाने का भी वादा किया।

उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार अमीर लोगों के लिए है और उसे गरीबों एवं मध्यम वर्ग की कोई चिंता नहीं है। प्रियंका गांधी ने कहा, अगर कांग्रेस पार्टी फिर छत्तीसगढ़ में सत्ता में आती है, तो बिहार में किए गए जातिगत सर्वेक्षण की तर्ज पर इस राज्य में भी जातिगत जनगणना कराई जाएगी।

छत्तीसगढ़ में इस घोषणा को अन्य पिछड़ा वर्ग को लुभाने के लिए एक बड़े कदम के रूप में देखा जा रहा है, जो राज्य की आबादी का लगभग 45 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा , मोदी जी कहते हैं कि यह उनकी गारंटी है (वह जो भी वादा करते हैं उसे पूरा करने की) लेकिन हर नागरिक के बैंक खाते में 15 लाख रुपये जमा करने और करोड़ों रोजगार पैदा करने की मोदी की गारंटी का क्या हुआ? जब भी कोई सवाल पूछा जाता है तो मोदी जी एक नई गारंटी दे देते हैं। उनकी गारंटी खोखली गारंटी है।

वाड्रा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने देश में किसानों को कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा, देश में किसान प्रतिदिन 27 रुपये कमा रहे हैं, लेकिन अडानी और अन्य उद्योगपति प्रतिदिन 1,600 करोड़ रुपये कमा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, वे (भाजपा) बस यही चाहते हैं कि देश की संपत्ति उनके उद्योगपति मित्रों को सौंप दी जाए और फिर इसे उनके माध्यम से पार्टी में भेज दिया जाए। और फिर वे चुनावों में (पैसा) खर्च करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य सत्ता में बने रहना है, जनता का कल्याण नहीं है। प्रियंका गांधी ने राज्य में रमन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार (2003-2018 तक) पर भी निशाना साधा और कहा कि भाजपा शासन के दौरान राज्य में हिंसा का शासन था, जबकि कांग्रेस ने पांच वर्षों में राज्य को हिंसा के चंगुल से बाहर निकाला।

## राजस्थान में बीजेपी ने जमीन नीलामी का किया था दावा, पोस्टर वाले किसान ने करा दी किरकिरी

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान बीजेपी का अपने विधानसभा चुनाव अभियान नहीं सहेगा राजस्थान के तहत जारी किया गया एक पोस्टर विवादों में आ गया है। दरअसल, पोस्टर किसानों के मुद्दे से जुड़ा है जिसमें पार्टी ने दावा किया है कि राजस्थान में उन्नीस हजार से ज्यादा किसानों की जमीन नीलाम कर दी गई है। पोस्टर पर लिखा था 19 हजार से अधिक किसानों की जमीनें नीलाम, नहीं सहेगा राजस्थान। इस पोस्टर में पार्टी ने एक किसान की तस्वीर लगाई है। अब उसी किसान ने दावा किया है कि बिना इजाजत उसका फोटो इस्तेमाल किया गया है।

राजस्थान के जैसलमेर जिले के रामदेवरा शहर में रिखी की ढाणी के निवासी मधुरम जयपाल (70) ने दावा किया कि पोस्टर में इस्तेमाल की गई तस्वीर उनकी है। उन्होंने कहा कि हाल ही में उनके एक रिश्तेदार जयपुर आए थे, इस दौरान उन्होंने पोस्टर देखे और तस्वीरें सोशल मीडिया ग्रुप में शेयर कीं। इसके बाद उन्हें इसकी जानकारी हुई। यहां बताया गया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए बीजेपी ने नहीं सहेगा राजस्थान चुनाव अभियान शुरू किया है। यह अभियान 16 जुलाई को शुरू किया गया था जब बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्य की राजधानी में एक बैठक की थी। इस अभियान के तहत बीजेपी ने सरकार का विरोध करने और आम लोगों से जुड़ने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए।

अभियान के तहत 1 अगस्त को जयपुर में सरकार की जबरदस्त घेराबंदी की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसका आह्वान किया था। अभियान को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए बीजेपी ने कई नए नारे भी गढ़े। इनमें महिलाओं पर अत्याचार नहीं सहेगा राजस्थान, पेपर लीक नहीं सहेगा राजस्थान, परेशान हो रहा युवा, दलितों पर अत्याचार नहीं सहेगा राजस्थान आदि नारे शामिल थे। इन पोस्टरों में से एक पोस्टर किसान मुद्दे से जुड़ा है। जिसमें पार्टी ने दावा किया कि राजस्थान में उन्नीस हजार से ज्यादा किसानों की नीलामी हुई है। इन पोस्टरों में मधुरम जयपाल की फोटो का इस्तेमाल किया गया है।

मधुरम ने हिंदुस्तान टाइम्स को बताया कि पहले तो बेटे भूराराम ने बताया तो मेरे कुछ समझ में ही नहीं, क्योंकि बैनर में जमीन नीलामी की बात थी। लेकिन मेरी तो कोई जमीन ही नीलाम नहीं हुई। भूराराम ने एचटी से पुष्टि की कि बीजेपी के पोस्टर में दिखाई गई तस्वीर उनके पिता मधुरम की है।

*पूछताछ में उसने बताया कि छात्रा ने उसे खाना देने से मना कर दिया था*

# पुलिस की पिस्टल छीनकर भागा, मुठभेड़ में शौकीन घायल; ट्यूशन जा रही हिंदू लड़की पर तलवार से किए थे कई वार





**नईदिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद में नौवीं की छात्रा को तलवार से लहूलुहान करने वाला शौकीन गुरुवार रात पुलिसकर्मी की पिस्टल छीनकर हिरासत से भाग निकला। पीछा करने पर उसने गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में वह गोली लगने से घायल हो गया। पूछताछ में उसने बताया कि छात्रा ने उसे खाना देने से मना कर दिया था, जिसके चलते गुस्से में उसने घटना को अंजाम दे डाला। आरोपी से पूछताछ जारी है। जगतपुरी कॉलोनी निवासी संजय की बड़ी बेटी 15 वर्षीय दिव्या नौवीं कक्षा की छात्रा है। गुरुवार शाम चार बजे दिव्या घर से ट्यूशन के लिए निकली थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले 35 वर्षीय शौकीन ने तलवार से ताबड़तोड़ वार कर उसे बुरी तरह से लहूलुहान कर दिया। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने शौकीन को दबोचकर जमकर धुनाई की और फिर पुलिस के हवाले कर दिया। डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद्र यादव ने बताया कि गुरुवार देर रात मोदीनगर पुलिस मेडिकल परीक्षण कराने के लिए शौकीन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गई थी।

सीएचसी का गेट बंद होने के कारण उसे गाड़ी से उतारकर पैदल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान शौकीन ने पुलिसकर्मी की पिस्टल छीनकर भागने की कोशिश की। पीछा करने पर उसने पेड़ की आड़ में छिपकर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी फायरिंग की। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से शौकीन घायल हो गया। उसके कब्जे से पिस्टल और घटना में प्रयुक्त तलवार बरामद कर ली गई है।

शौकीन और छात्रा का पिता संजय साथ रहकर रंगाई-पुताई का काम करते हैं। विवाद के कारण शौकीन की पत्नी उससे अलग रहती है, जिसके चलते शौकीन संजय के घर पर खाना खाता था। शौकीन ने पूछताछ में बताया कि कुछ दिनों से संजय के परिजनों का व्यवहार उसके प्रति बदल गया था। खाने के समय दिव्या और उसकी दादी आए दिन अपमानित करते थे। दो-तीन दिन से दिव्या उसे खाना देने में आनाकानी कर रही थी। गुरुवार को भी उसने रोटी मांगी तो दिव्या ने ट्यूशन जाने की बात कहते हुए खाना देने से इनकार कर दिया। यह बात उसे नागवार गुजरी और उसने नशे में दिव्या पर तलवार से वार कर दिए। हमले में घायल छात्रा की हालत गंभीर बनी है। ऑपरेशन के बाद उसे आईसीयू में रखा गया है। चिकित्सकों का कहना है कि छात्रा की हालत के संबंध में अभी निश्चित तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता। उसकी रिकवरी की दर कम है।

## दिल्ली मेट्रो में बॉबी डार्लिंग ने यात्री को बुरी तरह पीटा, गंदी गालियां दी; सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और बिग बॉस के पहले सीजन में नजर आई बॉबी डार्लिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक्ट्रेस दिल्ली मेट्रो के अंदर एक शख्स के साथ लड़ाई करती नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं दोनों के बीच छीनाझपटी, गाली-गलौच होती है जो हाछापाई तक पहुंच जाती है। वायरल हो रहे वीडियो में उन्हें पुरुष यात्री के साथ दुर्व्यवहार करते हुए देखा जा सकता है। एक सीआईएसएफ जवान स्थिति को संभालते और दोनों के बीच लड़ाई को रोकने की कोशिश करते हुए देखा जा सकता है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दिख रहा है कि बॉबी डार्लिंग के हाथ में एक सफेद रंग का बैग है, जिसमें शायद कोई सामान है। जिसे शख्स खींचने की कोशिश करता है। वहीं सीआईएसएफ जवान हस्तक्षेप करके लड़ाई को रोकने की कोशिश करता है। इस दौरान एक्ट्रेस पुरुष यात्री को ढेरों गंदी गालियां देती हैं और उसे पीटते हुए नजर आ रही हैं। शख्स उन्हें दूर जाने और कहीं और बैठने के लिए कहता है। इसपर एक्ट्रेस कहती हैं चला जा वरना पिट जाएगा। वहीं मेट्रो में मौजूद सीआईएसएफ जवान जब हस्तक्षेप करने आता है तो एक्ट्रेस गाली कहती हैं कि ये कबसे लड़ रहा है। इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर नाम के अकाउंट से बुधवार को शेयर किया गया है। यूजर ने इसके कैप्शन में लिखा-रिलैक्स गायज! दिल्ली मेट्रो है, चलता है। इसे अबतक 15 हजार से ज्यादा लोग देख चुके हैं। वहीं सिर्फ लोगों ने कमेंट किया है। एक यूजर ने लिखा है, ये क्या हो रहा है।

# वेस्ट बैंक में इजरायली निवासी ने फिलिस्तीनी की गोली मारकर की हत्या

**रामल्लाह, एजेंसी।** वेस्ट बैंक शहर नब्लस के पास एक इजरायली निवासी ने शुक्रवार को 19 वर्षीय फिलिस्तीनी की गोली मारकर हत्या कर दी। चिकित्सा सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की पुष्टि की। रामल्लाह स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, लबीब अल-दामिरी को नब्लस के दक्षिण में हुवारा शहर में मार दिया गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि दामिरी को फिलिस्तीनी निवासियों और दर्जनों इजरायली निवासियों के बीच हुई झड़प के दौरान गोली मार दी गई थी, जिन्होंने गांव पर हमला किया, घरों और दुकानों में तोड़फोड़ की और वाहनों को जला दिया। इस बीच, इज़रायली मीडिया आउटलेट्स ने कहा कि फिलिस्तीनी दंगाईयों द्वारा एक इजरायली निवासी की कार पर पत्थरों से हमला करने के बाद हुवारा में झड़पें शुरू हो गईं, और निवासी



को मामूली चोटें आईं। फिलिस्तीनी राष्ट्रपति पद के प्रवक्ता नबील अबू रूडीनेह ने एक प्रेस बयान में कहा, फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ हत्या और शहरों और गांवों पर हमला करने की नीति को लागू करने पर जोर देकर इजरायल ने सभी रेड लाइन्स को पार कर लिया। उन्होंने वेस्ट बैंक में इजरायली सेना और बसने वालों द्वारा किए गए अपराधों के लिए इजरायली और अमेरिकी प्रशासन को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया। गुरुवार को, इजरायली सेना ने एक फिलिस्तीनी व्यक्ति को मार डाला, जिस पर हुवारा में एक इजरायली वाहन पर गोलीबारी के लिए जिम्मेदार होने का आरोप था, और दो अन्य को तुल्कर्म शहर के पास शुफा गांव में झड़प के दौरान मार डाला गया था।

## लूलू ग्रुप के अध्यक्ष ने की भारतीय प्रधानमंत्री के लीडरशिप की जमकर तारीफ

**अबू धाबी , एजेंसी।** लूलू ग्रुप ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। लूलू ग्रुप के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक यूसुफ अली ने कहा है कि संयुक्त अरब अमीरात भारत में काफी निवेश कर रहा है और दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध हैं।

उन्होंने आगे कहा कि दोनों देश और उनके संबंध दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। यूएई भारत से बहुत सारे उत्पाद आयात करता है। यूएई भारत को पेट्रोलियम उत्पाद और पेट्रोलियम उप-उत्पाद निर्यात करता है । उन्होंने आगे कहा,भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच संबंध आजकल और भी करीब आ रहे हैं। मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की तीन बार भारत यात्रा कर चुके हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कई बार संयुक्त अरब अमीरात आ चुके हैं। अबू धाबी चैंबर द्वारा आयोजित भारत और संयुक्त अरब अमीरात के शीर्ष व्यापारिक नेताओं के साथ बैठक में यूसुफ अली ने कहा कि भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व के तहत भारत को एक उभरती हुई शक्ति और दुनिया की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्थाओं में से एक माना जाता है। उन्होंने कहा कि यूएई और भारत का साझा फोकस शांति, स्थिरता और आर्थिक प्रगति है। उन्होंने कहा कि 3.54 मिलियन भारतीय यूएई की अर्थव्यवस्था के विकास का अभिन्न अंग हैं ।

# परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि का अनुमोदन रद्द करेंगे, संसद अध्यक्ष बोले- वाशिंगटन-ब्रुसेल्स ने छेड़ा युद्ध

**मॉस्को, एजेंसी।** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा एटमी परीक्षण फिर शुरू करने की संभावना जताने के बाद रूस ने संकेत दिया कि वह व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) का अनुमोदन रद्द करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। क्रेमलिन (रूसी संसद) अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोदिन ने कहा, दुनिया की स्थिति बदल गई है और वाशिंगटन व ब्रुसेल्स ने हमारे विरुद्ध युद्ध छेड़ दिया है। पुतिन ने बृहस्पतिवार को कहा था कि रूस के परमाणु सिद्धांत को आगे बढ़ाने की जरूरत नहीं है, लेकिन वह अभी यह कहने के लिए तैयार नहीं हैं कि रूस को परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने की आवश्यकता है या नहीं। पुतिन के कुछ घंटों बाद ही रूसी शीर्ष नेता व संसद अध्यक्ष वोलोदिन ने कहा कि अब हमें (रूस को) सीटीबीटी की पुष्टि को रद्द करने पर विचार करना है, क्योंकि अमेरिका ने इस पर हस्ताक्षर किए हैं लेकिन इसकी पुष्टि नहीं की है। पुतिन और वोलोदिन से संकेत मिलता है कि रूस सीटीबीटी के समर्थन को रद्द करने का मन बना चुका है, जो एटमी धमाके पर पाबंदी लगाता है। मौजूदा समय में रूस और अमेरिका के बीच तनाव 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट के बाद किसी भी दौर से अधिक है। ऐसे में रूस, अमेरिका या दोनों देशों के द्वारा परमाणु परीक्षणों को फिर से शुरू करना पूरी दुनिया को अत्यधिक अस्थिर करने वाला होगा। रूस को सोवियत संघ के परमाणु हथियार विरासत में मिले हैं। पुराने सोवियत संघ से मिले इन्हीं हथियारों की बदौलत रूस के पास दुनिया का एटमी हथियारों का सबसे बड़ा जखीरा है। ऐसे में यह तनाव वैश्विक संकट खड़ा कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 1945 और 1996 की व्यापक परमाणु परीक्षण-प्रतिबंध संधि के बीच पांच दशकों में, 2,000 से अधिक परमाणु परीक्षण किए गए। इनमें से 1,032 अमेरिका ने और 715 सोवियत संघ ने किए। सोवियत संघ ने अपने विघटन से पूर्व आखिरी बार 1990 में परीक्षण किया, जबकि अमेरिका ने आखिरी बार 1992 में परीक्षण किया था। सीटीबीटी के बाद से अब तक 10 परमाणु परीक्षण हो चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, भारत ने 1998 में दो, पाकिस्तान ने भी 1998 में दो और उत्तर कोरिया ने 2006, 2009, 2013, 2016 (दो बार) और 2017 में परीक्षण किए। अमेरिका में परमाणु हथियारों का भंडार है और ये हथियार कई साल पुराने हैं इसलिए अब अगले साल नेवादा के रेगिस्तान में इनके परीक्षण की तैयारी की जा रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन हथियारों के भूमिगत परीक्षण से कोई भी भयावह अनहोनी होने का जोखिम है। राष्ट्रीय रक्षा लैब के विशेषज्ञ 1992 में भूमिगत परीक्षण रोकने के बाद से एटमी हथियारों की विश्वसनीयता की पुष्टि नहीं कर पाए हैं। लेकिन ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि वे नियंत्रित तरीके से और बिना बड़ा एटमी धमाका किए, इन हथियारों का परीक्षण करने जा रहे हैं।

## मेक्सिको में अवैध तरीके से अमेरिका जा रहे प्रवासियों की बस पलटी, 16 की मौत व 29 घायल



**वेनेजुएला, एजेंसी।** दक्षिणी मेक्सिको में शुक्रवार तड़के एक बस हादसे में वेनेजुएला और हैती के कम से कम 18 प्रवासियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मेक्सिको के नेशनल इमिग्रेशन इंस्टीट्यूट ने शुरू में 18 लोगों की मौत होने की बात कही थी, लेकिन बाद में मृतक संख्या घटा दी गई। ये प्रवासी अमेरिका में अवैध घुसपैठ के लिए डोंकी लगाने के इरादे से बस में जा रहे थे । दक्षिणी राज्य ओक्साका में अभियोजकों ने बताया कि कुछ शव क्षत-विक्षत हो गए थे, जिसकी वजह से गिनती में गलती हुई और मरने वाले लोगों की वास्तविक संख्या 16 है। सूत्रों के मुताबिक, मृतकों में दो महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हादसे में 29 लोग घायल हुए हैं और उनकी स्थिति के बारे में तत्काल कोई सूचना नहीं मिली है। हादसे से जुड़ी तस्वीरों में ओक्साका में राजमार्ग पर एक मोड़ के किनारे पलटी हुई बस को देखा जा सकता है। टेपेलमेमे शहर में हुई इस दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। नेशनल इमिग्रेशन इंस्टीट्यूट ने बताया कि वाहन में कुल 55 प्रवासी सवार थे, जिनमें से ज्यादातर वेनेजुएला के रहने वाले थे। अमेरिकी सीमा की तरफ जाने वाले प्रवासियों की संख्या में वृद्धि के बीच मेक्सिको में हादसे में प्रवासियों मौतों की यह ताजा घटना है। दरअसल, प्रवासन अधिकारी अक्सर नियमित बसों पर छापा मारते हैं, इसलिए बड़ी संख्या में प्रवासी और तस्कर अनियमित बस, ट्रेन या फिर मालवाहक ट्रक में सवार होकर दूसरे देशों की सीमा में घुसने के जोखिम भरे तरीके अपनाते हैं।

# तुर्की सेना ने 26 कुर्द आतंकवादियों को मार गिराया

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्की रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसके बलों ने सीरियाई कुर्द पीपुल्स डिफेंस यूनिट्स (वाईपीजी) के हमले का जवाब दिया और 26 कुर्द आतंकवादियों को मार गिराया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने मंत्रालय के एक बयान के हवाले से बताया कि अंकारा की जवाबी कार्रवाई वाईपीजी द्वारा गुरुवार देर रात उत्तरी सीरिया में तुर्की सेना के यूफ्रेट्स शील्ड ऑपरेशन क्षेत्र में दाबिक बेस क्षेत्र पर हमला शुरू करने के बाद हुई।

मंत्रालय के अनुसार, तुर्की के युद्धक विमानों ने भी वाईपीजी के खिलाफ हवाई हमले किए और गुरुवार रात ताल रिफात, जजीरा और डेरिक क्षेत्रों में 30 ठिकानों को निशाना बनाया। सेमी-ऑफिशियल अनादोलु एजेंसी ने बताया कि



गुरुवार तड़के, राष्ट्रीय खुफिया संगठन (एमआईटी) ने वाईपीजी के हथियारों और गोला-बारूद के गोदामों पर सशस्त्र ड्रोन से हमला किया। रविवार को अंकारा में एक आत्मघाती बम विस्फोट के बाद युद्धग्रस्त देश में सीरियाई कुर्द समूह और तुर्की बलों के बीच तनाव बढ़ गया। प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) ने रविवार को तुर्की के आंतरिक मंत्रालय के सामने हुए हमले की जिम्मेदारी ली, जिसमें एक हमलावर ने खुद को उड़ा लिया और दूसरा पुलिस की गोलीबारी में मारा गया। हमले में दो पुलिस अधिकारी घायल हो गये। आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने कहा कि एक अन्य घटनाक्रम में, तुर्की पुलिस ने शुक्रवार को 11 प्रांतों में पीकेके के 75 संदिग्ध सदस्यों को हिरासत में लिया। तुर्की सेना ने रविवार से उत्तरी इराक में पीकेके ठिकानों के खिलाफ तीन हवाई अभियान चलाए हैं।

तुर्की सेना ने पड़ोसी देश के भीतर अपनी सीमा पर वाईपीजी मुक्त क्षेत्र बनाने के लिए 2016 में ऑपरेशन यूफ्रेट्स शील्ड, 2018 में ऑपरेशन ओलिव ब्रांच, 2019 में ऑपरेशन पीस स्प्रिंग और 2020 में उत्तरी सीरिया में ऑपरेशन स्प्रिंग शील्ड लॉन्च किया। तुर्की, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध पीकेके तीन दशकों से अधिक समय से अंकारा सरकार के खिलाफ विद्रोह कर रहा है।

एशियाई खेलों में पदकों का शतक

# 100 से अधिक मेडल्स जीतकर भारत ने तोड़ दिए सभी रिकॉर्ड्स

**हांगझोउ, एजेंसी**

7 अक्टूबर 2023 भारतीय खेल के इतिहास में हमेशा एक यादगार दिन बना रहेगा क्योंकि आज के दिन भारत ने एशियाई खेलों में पदकों का शतक पूरा किया। भारत ने शनिवार को 19वें एशियाई खेलों के अंतिम दिन पहली बार अपना 100वां पदक जीता। कुश्ती, तीरंदाजी (रिकर्व), हॉकी, सेपकटकरा और ब्रिज में जीते गए पदकों और पुरुष क्रिकेट और दोनों कबड्डी टीमों द्वारा पदकों के बाद पदक तालिका में तीन अंकों का आंकड़ा पार किया।

दिन की शुरुआत 95 पदकों से करते हुए भारत ने आधिकारिक तौर पर अपने शतक तक पहुंचने के लिए अपने निश्चित पांच पदक - तीरंदाजी में चार और कबड्डी में एक - हासिल किया। यह एशियाई खेलों में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने जकार्ता में पिछले संस्करण में अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को भी पीछे छोड़ दिया। इससे पहले भारत ने 2018 में 70 मेडल जीते थे।

भारत ने अब तक 25 स्वर्ण पदक, 35 रजत पदक और 40 कांस्य पदक जीते हैं। यह केवल दूसरी बार है जब भारत ने तीन



प्रमुख खेलों - ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों में से किसी में 100 से अधिक पदक जीते हैं। उन्होंने 2010 में नई दिल्ली में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में 101 पदक जीते थे। लेकिन भारत इस आंकड़े को आसानी से तोड़ने के लिए तैयार है क्योंकि दिन आगे बढ़ने के साथ तीन और पदक आने की गारंटी है। अगर पहलवानों की संख्या में इजाफा हो जाए तो दिन के अंत तक भारत 105 पदकों के पार पहुंच सकता है। यह दो दशक पहले की तुलना में एक बड़ी छलांग है जब भारत 2002 के बुसान एशियाई खेलों में 36 पदक लेकर लौटा था। 2006 में दोहा में भारत की संख्या 53 थी और चार साल बाद गुआंगज़ौ में यह 65 थी। 2014 इंचियोन एशियाड में थोड़ी गिरावट आई जिसमें केवल 57 पदक मिले, इससे पहले कि भारत जकार्ता और पालेमबांग में 70 पदकों के साथ पांच साल बाद ट्रैक पर वापस आ गया। इस बार उनकी अब तक की सबसे अच्छी संख्या थी।भारत के पदकों के शतक तक पहुंचने में एथलेटिक्स (अब तक का सर्वश्रेष्ठ 29 पदक) और निशानेबाजी (22) का सबसे बड़ा योगदान रहा है। यह प्रभावशाली प्रदर्शन अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए अच्छा संकेत है।

## प्रधानमंत्री ने एशियाई खेलों में सौ पदक होने पर बधाई दी, 10 अक्टूबर को करेंगे स्वागत

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों में भारत के सौ पदक पूरे होने को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वह भारतीय दल का 10 अक्तूबर को स्वागत करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया ,''हर अद्भुत प्रदर्शन ने इतिहास रचा और हमारा हृदय गर्व से भर दिया। मैं दस अक्तूबर को हमारे एशियाई खेलों के दल का स्वागत करूंगा और खिलाड़ियों से बात करूंगा।''

पीएम मोदी ने कहा कि भारत के लोग रोमांचित हैं कि हमने 100 पदकों की उपलब्धि हासिल की। उन्होंने कहा ,''एशियाई खेलों में भारत के लिये महत्वपूर्ण उपलब्धि। मैं हमारे शानदार खिलाड़ियों को बधाई देता हूं जिनके प्रयासों से भारत ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।''

इस बार 100 पार का लक्ष्य लेकर उतरे भारतीय दल ने 100 से ज्यादा पदक जीत लिए हैं। आजादी के 75वें वर्ष के अमृतकाल में देश ने 19वें



एशियाई खेलों में पदकों का शतक पूरा किया है। स्पर्धाओं के 13वें दिन भारत ने हॉकी के स्वर्ण सहित नौ पदक जीतकर पदकों की संख्या 95 तक पहुंचाई। 14वें दिन की शुरुआत में ही भारतीय तीरंदाजों ने चार पदक दिलाए और फिर कबड्डी टीम ने स्वर्ण जीतकर भारत का पदकों का शतक पूरा कर दिया।

भारत को पहले दिन पांच, दूसरे दिन छह, तीसरे दिन तीन, चौथे दिन आठ, पांचवें दिन तीन, छठे दिन आठ, सातवें दिन पांच, आठवें दिन 15, नौवें दिन सात, दसवें दिन नौ, 11वें दिन 12, 12वें दिन पांच और 13वें दिन नौ पदक मिले थे। 14वें दिन पांचवां पदक जीतने के साथ ही भारत के पदकों का शतक हो गया। भारत के पदकों का शतक कराने में तीरंदाजी और एथलेटिक्स में मिले पदकों का योगदान सबसे ज्यादा रहा। अभी देश की झोली में कई और पदक आने बाकी हैं। पुरुष क्रिकेट टीम से लेकर कबड्डी टीम और बैडमिंटन में स्वर्ण पदक मिलने की उम्मीद है।

## वर्षा प्रभावित मैच में भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने जीता गोल्ड



**हांगझोउ, एजेंसी**

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने एशियाई खेलों में अपने पदार्पण मैच में स्वर्ण पदक जीत लिया है क्योंकि अफगानिस्तान के खिलाफ फाइनल मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। रुतुराज गायकवाड़ की अगुवाई वाली टीम को उच्च वरीयता प्राप्त होने के कारण विजेता घोषित किया गया। बल्लेबाजी के लिए उतरी अफगानिस्तान का स्कोर 18.2 ओवर में 5 विकेट पर 112 रन था, जब लगातार बारिश के कारण झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी क्रिकेट फील्ड में खेल रुका और मैच फिर शुरू नहीं हुआ। अफगानों की शुरुआत खराब रही और उनके शीर्ष तीन खिलाड़ी जुबैद अकबरी (5), मोहम्मद शहजाद (4) और नूर अली जादरान (1) सस्ते में आउट हो गए, जिसके बाद चार ओवर के अंदर उनका स्कोर 12/3 हो गया।

शिवम दुबे (1-0-4-1) को पहली सफलता मिली जब उन्होंने अपने पहले ओवर में अकबरी को आउट किया। भारतीय तेज गेंदबाज की बढ़ती गेंद पर हुक शॉट लगाने जा रहे अकबरी आउट हो गए। अगले ओवर में विकेटकीपर-बल्लेबाज शहजाद बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (3-0-17-1) की गेंद पर कैच आउट हो गए। रवि बिश्नोई के डीप स्क्वायर लेग से जितेश शर्मा के स्टंप उखाड़ने में मदद करने के बाद जादरान रन आउट हो गए।

इसके बाद शाहिदुल्लाह ने अफसर ज़ज़ई (15) के साथ साझेदारी में 43 गेंदों में नाबाद 49 (3×4, 2×6) रन बनाकर अपनी पारी को पुनर्जीवित किया। लेकिन भारत ने पलटवार किया जब लेग स्पिनर बिश्नोई (4-0-12-1) ने 37 रन की साझेदारी को तोड़ दिया और जजई को आउट कर दिया। दूसरे छोर से बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज़ अहमद ने करीम जनत को 1 रन पर आउट किया।

इससे कप्तान गुलबदीन नैब क्रीज पर आए और उन्होंने शाहिदुल्लाह के साथ 60 रन की साझेदारी करके अफगानिस्तान के स्कोर को कुछ हद तक सम्मानजनक स्थिति प्रदान की। लेकिन बारिश के खलल डालने के कारण मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका और श्रीलंका के मैच रेफरी ग्रीम लेब्रॉय ने मैच रद्द कर दिया जिससे भारत ने एशियाई खेलों में क्रिकेट में अपना पहला स्वर्ण पदक पक्का कर लिया।

## सात्विक-चिराग ने गोल्ड जीतकर इतिहास रचा, फाइनल में साउथ कोरियाई जोड़ी को रौंदा

**हांगझोउ, एजेंसी**

हांगझोउ में खेले जा रहे 19वें एशियन गेम्स में भारत का धमाकेदार प्रदर्शन जारी है। भारत ने शनिवार को न सिर्फ मेडल टेली में पहली बार 100 के पार पहुंचने को रिकॉर्ड बनाया बल्कि एशियाई खेलों में पहली बार बैडमिंटन का गोल्ड मेडल अपने नाम किया। बैडमिंटन के पुरुष युगल फाइनल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने साउथ कोरियाई जोड़ी को 21-18, 21-16 से हराकर एशियाई खेलों में भारत को पहला बैडमिंटन गोल्ड मेडल दिलाया। बता दें कि, बैडमिंटन में पहली बार एशियाई खेलों में भारत ने गोल्ड मेड जीता है। भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने जकार्ता 2018 एशियन गेम्स में महिला एकल स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीता था। दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने कोरियाई जोड़ी को 56 मिनट के खेल में 21-18, 21-16 से हराया। इस बीच सात्विक और चिराग ने कुछ अच्छे ड्रॉप शॉट, स्मैश और बैकहैंड शॉट लगाते हुए पहला गेम 29 मिनट का समय लेकर 21-18 से अपने नाम किया।



वहीं दूसरा गेम भी बेहद रोमांचक रहा और दोनों ही टीमों ने लगातार बेहतरीन प्रयास किया। लेकिन भारतीय जोड़ी ने विरोधी जोड़ी को एक भी मौका नहीं दिया। ब्रेक तक भारतीय जोड़ी ने 11-8 की बढ़त बनाए रखी। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद लगातार कई शानदार शॉट लगाते हुए विरोधी टीम को गलती करने के लिए मजबूर किया। आखिर में एशियाई खेल 2023 भारत बैडमिंटन में तीन पदक के साथ अभियान खत्म किया जिसमें एक गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं।

## भारतीय महिला कबड्डी टीम ने दोबारा जीता स्वर्ण

**हांगझोउ।** भारतीय महिला कबड्डी टीम ने पांच साल के अंतराल के बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक हासिल कर लिया। भारतीय टीम ने शनिवार को यहां ज़ियाओशान गुआली स्पोर्ट्स सेंटर में फाइनल में चीनी ताइपे को एक अंक से हराकर खिताब अपने नाम किया।

फाइनल में, भारतीय महिला टीम को पहली बार चीनी ताइपे से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, जिसने सेमीफाइनल में गत चैंपियन ईरान को हराया था, भारतीय टीम 26-25 से विजेता बनी।

इंडोनेशिया में 2018 खेलों में, भारत फाइनल में ईरान से 24-27 से हार गया था और उसे रजत पदक



से संतोष करना पड़ा। यह केवल तीसरी बार था जब एशियाई खेलों में महिला कबड्डी खेली जा रही थी और दो बार के गत चैंपियन भारत को मिली हार देश के कबड्डी अधिकारियों के लिए एक बड़ी शर्मिंदगी थी।

भारतीय कबड्डी प्रतिष्ठान के लिए अपमानजनक बात यह थी कि कांस्य पदक मैच में पाकिस्तान से हारने के बाद, पुरुष टीम देश के एक स्वदेशी खेल में विजयी मंच पर पहुंचने में असफल रही। शनिवार को हांगझोउ में भारतीय महिला टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर कम से कम देश का गौरव तो बहाल किया। लेकिन यह करीबी मामला था.आठ चीनी ताइपे खिलाड़ियों को आउट करने और छह बोनस अंक हासिल करने के बाद पहले हाफ की समाप्ति पर भारतीय 14-9 से आगे थे। चीनी ताइपे ने छह खिलाड़ियों को आउट किया और एक बोनस अंक हासिल किया क्योंकि भारतीयों ने अच्छा बचाव किया।

लेकिन दूसरे हाफ में, भारतीयों ने आठ खिलाड़ियों को आउट किया लेकिन केवल दो बोनस अंक ही हासिल कर पाए जबकि चीनी ताइपे ने 12 खिलाड़ियों को आउट किया और सिर्फ एक बोनस अंक हासिल किया।

# व्यापार

## विदेशी मुद्रा भंडार 3.79 अरब डॉलर घटकर 586.91 अरब डॉलर रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 3.794 अरब डॉलर घटकर 586.908 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके पहले के सप्ताह में देश का कुल मुद्रा भंडार 2.335 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 590.702 अरब डॉलर था। अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। लेकिन पिछले साल वैश्विक घटनाक्रम से पैदा हुए दबावों के बीच आरबीआई ने रुपये की विनिमय दर में गिरावट को रोकने के लिए इस पूंजी भंडार का उपयोग किया था जिससे विदेशी मुद्राभंडार में कमी आई। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, 29 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.127 अरब डॉलर घटकर 520.236 अरब डॉलर रही। डॉलर में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। स्वर्ण भंडार का मूल्य 57.6 करोड़ डॉलर घटकर 43.731 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 7.4 करोड़ डॉलर घटकर 17.939 अरब डॉलर रहा। आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास रखा देश का मुद्रा भंडार 1.8 करोड़ डॉलर घटकर 5.002 अरब डॉलर रहा।

## देश के 10 उभरते रियल एस्टेट बाजारों में लखनऊ, कोच्चि, जयपुर शामिल: रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रियल एस्टेट क्षेत्र में वृद्धि के लिहाज से लखनऊ, कोच्चि, जयपुर और भुवनेश्वर देश के 10 उभरते बाजारों में शामिल हो गए हैं। शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रियल एस्टेट निकाय क्रेडाई और सलाहकार फर्म कुशमैन एंड वेकफील्ड ने मिस्र के शर्म-अल-शेख में आयोजित 21वें नैटकॉन सम्मेलन में यह रिपोर्ट जारी की। इसमें भारत के 10 उभरते बाजारों का ब्योरा दिया गया है। इस सूची में लखनऊ, कोच्चि, जयपुर एवं भुवनेश्वर के अलावा कोयंबटूर, इंदौर, नागपुर, सूरत, तिरुवनंतपुरम और विशाखापट्टनम को भी जगह दी गई है। कुशमैन एंड वेकफील्ड के भारत एवं दक्षिण-पूर्व एशिया प्रमुख अंशुल जैन ने कहा, दूसरी श्रेणी के शहरों की एक पूरी कहानी है जो शायद आवासीय, खुदरा रसद और कुछ हद तक कार्यालयों के कारण तेजी से विकसित हो रहे हैं। हमने रिपोर्ट में 17 शहरों गौर किया है और जनसंख्या, जीवन सुगमता सूचकांक, बुनियादी ढांचे और कौशल व सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि जैसे विभिन्न मापदंडों पर उनका मूल्यांकन किया है। रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता और अहमदाबाद देश के अग्रणी रियल एस्टेट बाजार बने हुए हैं।

## 6 महीने में इस बैंक ने शेयर बाजार में किया पैसा डबल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के शेयरों में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। शुक्रवार को कंपनी को लेकर एक और गुड न्यूज आई है। सितंबर तिमाही में कंपनी का बिजनेस काफी शानदार रहा है। ये बात जैसे ही शेयर बाजार के निवेशकों को पता चली। शेयरों की लूट सी मच गई। कल यानी शुक्रवार उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के शेयर 8 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ के 61.40 रुपये के लेवल पर पहुंचकर बंद हुआ था। बता दें, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के शेयर का भाव 100 रुपये से भी कम है।

### 6 महीने में किया पैसा डबल

शुक्रवार को बीएसई में बाजार बंद होने के समय उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के शेयर का भाव 5.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 60.16 रुपये के लेवल पर पहुंचकर बंद हुआ



था। बीते 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 102 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। यानी जिस किसी ने इस मल्टीबैगर स्टॉक को इस दौरान होल्ड किया होगा उनका पैसा डबल हो गया होगा। बता दें, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के शेयरों का भाव बीते एक साल में 129 प्रतिशत बढ़ा है।

### बैंक के लिए दूसरी तिमाही रही शानदार

उज्जवन एसएफबी की तरफ से दी गई जानकारी में कहा गया है कि टोटल डिपॉजिट में 43 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिली है। इस साल सितंबर में बैंक का कुल डिपॉजिट 29,134 करोड़ रुपये रहा है। जोकि एक साल पहले इसी तिमाही में 20,936 करोड़ रुपये था। यानी सालाना आधार पर डिपॉजिट में 9 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। बता दें, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उज्जवन एसएफबीकी कुल डिपॉजिट 26,660 करोड़ रुपये था।

## 35 पैसे से बढ़कर 37 पर आया राज रेयॉन का शेयर, 1 लाख का निवेश दो साल में ही बन गया 1 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज रेयॉन इंडस्ट्रीज के शेयर भारत के उन मल्टीबैगर शेयरों में से एक हैं जो अपनी लागत की तुलना में जबरदस्त रिटर्न देते हैं। यह स्मॉल-कैप पेनी स्टॉक पिछले एक साल में मल्टीबैगर स्टॉक बन गया है, क्योंकि इस दौरान इसने 101.90 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं, दो साल में यह शेयर करीबन 10471.43 प्रतिशत चढ़ गया है। इस दौरान इसकी कीमत 35 पैसे से बढ़कर 37 रुपये पर आ गई है। बता दें कि राज रेयॉन इंडस्ट्रीज के शेयर आज शुक्रवार को 37 रुपये के पार पर बंद हुए हैं।

**1 लाख के बने 1 करोड़ रुपये :** यह मल्टीबैगर पेनी स्टॉक पिछले एक महीने से बेस बिल्डिंग मोड में है और इस दौरान इसमें करीब 11.23 प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि, साल-दर-साल समय में इस मल्टीबैगर स्टॉक में मामूली तेजी आई है। पिछले एक साल में, यह मल्टीबैगर स्टॉक 18 से बढ़कर 37.15 प्रति शेयर के स्तर पर पहुंच गया है, इस दौरान इसमें लगभग 101.90 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसी तरह, पिछले दो वर्षों में यह पेनी स्टॉक 0.35 से 37 के स्तर तक पहुंच गया है। इस दौरान यह 10471.43 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यानी दो साल में ही एक लाख का निवेश बढ़कर 1 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

## असुरक्षित कर्ज में वृद्धि पर आरबीआई ने जताई चिंता, वित्तीय स्थिरता को खतरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खुदरा कर्ज खासकर पर्सनल लोन और अन्य असुरक्षित कर्ज में बेतहाशा वृद्धि पर आरबीआई ने चिंता जताई है। दास ने कहा कि बिना गारंटी वाले कर्ज वित्तीय स्थिरता के लिए खतरा हैं। ऐसे में हम उम्मीद करेंगे कि हालात पर नियंत्रण के लिए बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) और फिनटेक आंतरिक निगरानी तंत्र मजबूत करें। साथ ही, मजबूत जोखिम प्रबंधन भी लागू करें। केंद्रीय बैंक के डिप्टी गवर्नर जे स्वामीनाथन ने कहा, गवर्नर की इस संबंध में टिप्पणियां सिर्फ एक सलाह है।

स्वामीनाथन ने चेतावनी दी कि बैंक व एनबीएफसी पर इस पर कार्रवाई नहीं करते हैं तो आरबीआई खुद इसकी जांच करेगा।



पिछले दो वर्षों में कुल बैंकिंग कर्ज 12-14 फीसदी बढ़े हैं। इस दौरान असुरक्षित खुदरा कर्ज में 23 फीसदी वृद्धि हुई है, जो नियामक के लिए चिंता की बात है। आरबीआई ने पीएम विश्वकर्मा को भुगतान अवसंरचना विकास कोष (पीआईडीएफ) योजना में शामिल करने का फैसला किया है। साथ ही, पीआईडीएफ योजना को दो साल के लिए 31 दिसंबर, 2025 तक बढ़ाने का प्रस्ताव है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले माह पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की थी। इसमें कारीगरों को दिए जाने वाले कर्ज पर 8 फीसदी तक की सब्सिडी देने का प्रस्ताव है। कार्ड डाटा के 'टोकनाइजेशन' की बढ़ती स्वीकार्यता को देखते हुए आरबीआई सीधे बैंक स्तर पर कार्ड-ऑन-फाइल टोकनाइजेशन सुविधाएं शुरू करने पर विचार कर रहा है। ग्राहक शिकायत निपटान तंत्र मजबूत करने के लिएआरबीआई आंतरिक लोकपाल योजना में बदलाव कर सकता है। घरेलू बचत के 2022-23 में पांच दशक के निचले स्तर पर आने पर आरबीआई ने कहा, कोरोना के बाद आवाजाही पर लगा प्रतिबंध खत्म हो गया। इससे लोगों ने खर्च करना शुरू किया है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा ने कहा, परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत में गिरावट में देनदारियों में वृद्धि भी शामिल है। इनमें से अधिकांश होम लोन हैं, जो अगले साल निवेश के रूप में दिखाई देंगे। पात्रा ने कहा, ऐतिहासिक रूप से औसत घरेलू बचत दर करीब 7.5 फीसदी थी। महामारी के दौरान यह कई कारकों के कारण बढ़ गई थी।

# हम पर राज करेंगी मशीनें?

**लगातार विकसित होती जा रही मशीनों के साथ ऐसा संभव है कि वे एक दिन मनुष्य के दिमाग को पीछे छोड़ दें। हालांकि धरती पर पाए जाने वाले अन्य प्राणियों की तुलना में मानव के दिमाग का विकास कई गुना ज्यादा तेजी से हुआ है, लेकिन आज सुपर कम्प्यूटर मानव मस्तिष्क को पछाड़ने की कोशिश कर रहा है।**



यह बात अब झूठी साबित होने वाली है कि आदमी की जगह मशीनें नहीं ले सकती। इस अतिविकसित तकनीक के दौर में मशीनें आदमी से आगे निकलने को उतावली हैं। ज्यादातर विशेषज्ञों की राय में इंसानी दिमाग का विकल्प खोजना मुश्किल है, लेकिन सिर्फ मुश्किल ही है असंभव नहीं। मनुष्य के दिमाग का विकास एक हद के बाद रूक जाता है, जबकि मशीनों का विकास लगातार और बिना बाधा के जारी है। यह हो सकता है कि लगातार विकसित होती जा रही मशीनें एक दिन मानव मस्तिष्क को पीछे छोड़ दें। इससे इस आशंका को बल मिलता है कि आने वाले समय में मनुष्य मशीनों का गुलाम बन जाएगा। यह बात सिर्फ कल्पना नहीं है, बल्कि हकीकत बनने जा रही है। आज ऑरगेनिक इंटेलिजेंस यानी जैव या सहज बौद्धिक स्तर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बौद्धिक अवसर पर मंथन ने काफी हद तक भविष्य की सच्ची तस्वीर पेश की है।

## सुपर कम्प्यूटर से स्पर्धा


लगातार विकसित होती जा रही मशीनों के साथ ऐसा संभव है कि वे एक दिन मनुष्य के दिमाग को पीछे छोड़ दें। हालांकि धरती पर पाए जाने वाले अन्य प्राणियों की तुलना में मानव के दिमाग का विकास कई गुना ज्यादा तेजी से हुआ है, लेकिन आज सुपर कम्प्यूटर मानव मस्तिष्क को पछाड़ने की कोशिश कर रहा है। आज मनुष्य की बुद्धिमत्ता की सुपर कम्प्यूटर के साथ प्रतिस्पर्धा है। हालांकि आज हमारा दिमाग सुपर कम्प्यूटर से कई गुना ज्यादा तेज है इसलिए ऐसे हालात तुरंत पैदा होने का कोई खतरा नहीं है। फिर भी भविष्य के लिए हमें अभी से सचेत होने की जरूरत है। ऐसा इसलिए है कि कम्प्यूटर का विकास बहुत ज्यादा तेज रफ्तार में हो रहा है।

## मानवता के खिलाफ चुनौतियां


अमेरिका में मानवता के खिलाफ तकनीकी चुनौतियों की पहचान के लिए 18 लोगों का एक दल बनाया गया है। इस दल में कई क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल हैं। इन्ही में से एकहैं अमेरिकन कम्प्यूटर गुरू रेमांड कुरजवेल ने जो बातें कहीं हैं वे चौकाती हैं। उनके मुताबिक भविष्य में मानव की दिमागी क्षमताओं से आगे निकल जाएंगी मशीनें।

## समाप्त हो जाएगा मानव युग

आर.कुरजवेल के मुताबिक जिस रूप में हम अब तक मानव सभ्यता को जानते रहे हैं, वह अब सिर्फ 35 साल तक ही रहेगी। सिर्फ 30 साल में हमारे पास वे साधन होंगे, जिनसे सुपर ह्यूमन इंटेलिजेंस यानी अति मानवीय बौद्धिक प्रतिभा का सृजन होगा। उसके बाद तुरंत ही मानव युग खत्म हो जाएगा। उनके मुताबिक मानव इतिहास में वह पल आने ही वाला है, जब कम्प्यूटर इंटेलिजेंट होंगे। महज इंटेलिजेंट ही नहीं, बल्कि मानव से अधिक इंटेलिजेंट। जब ऐसा होगा, तब हमारी सभ्यता, शरीर और मस्तिष्क बिल्कुल बदल जाएंगे।





## 2045 में बदल जाएगा सब कुछ

आशंका जताई जा रही है कि लगातार विकसित होती जा रही मशीनों के दुष्परिणाम 2045 में साफ दिखाई देंगे, जब तकनीक में इतना तेज, प्रखर और प्रभावी बदलाव होगा कि यह मानव सभ्यता के तानेबाने को छिन्न-भिन्न कर देगा। 2045 तक मानव अमरत्व को प्राप्त कर लेगा साथ ही मानव और मशीन एक हो जाएंगे। इससे भी आगे बढ़कर मशीन मानव से कहीं ज्यादा बुद्धिमान हो जाएगी।

## कब आया पहला विचार

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस शब्द का इस्तेमाल पहली बार 1956 में कम्प्यूटर वैज्ञानिक जॉन मैक्कार्थी ने किया। एमआईटी के मार्विन मिंक्सी ने 1950 एवं 60 को दशकों में इस कंसेप्ट को फैलाया। साइंस फिक्शन लेखक आर्थर सी. क्लार्क ने अपनी पुस्तकों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस कंसेप्ट का खूब प्रयोग किया। इसके बाद अमेरिका में 15 फरवरी 1965 के दिन कुरजवेल एक टेलीविजन प्रोग्राम में आए थे। तब वे हाईस्कूल में पढ़ते थे। उस प्रोग्राम में कुरजवेल ने अपना बनाया कम्प्यूटर दिखाया था। उस समय 17 वर्ष के कुरजवेल में लोगों की दिलचस्पी कम थी। पर उस प्रोग्राम में इस किशोर ने जो बात की, उसे देखनेवाले कुछ समय के लिए अटक गए। उन्होंने आरगेनिक इंटेलिजेंस यानी जैव या सहज बौद्धिक स्तर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बौद्धिक अवसर की चर्चा की थी।

## क्या यही होगा भविष्य?

हमारे दिमाग में यह प्रश्न उठना लाजिमी है कि क्या वास्तव में हम मशीनों के गुलाम हो जाएंगे? याद कीजिए, मोबाइल फोन के पहले की दुनिया को और देखिए उसके बाद आज की दुनिया को। इस एक यंत्र ने ही दुनिया को कितना बदल दिया है। इसी तरह और भी कई यंत्र हैं जिन्होंने हमारे जीवन में क्रांति ला दी है और जीवन मूल्यों को बदल दिया है।

करीब 30 साल पहले एल्विन टाफलर ने भावी दुनिया की कल्पना करते हुए हुए कई किताबें लिखीं, तो किसी को विश्वास नहीं हुआ। सभी इन किताबों को कोरी कल्पना ही मानते थे, लेकिन किसी को नहीं पता था कि बदलाव इतनी तेजी से होंगे। आज उनकी पुस्तकें पढ़ने पर ऐसा लगता है कि कोई भविष्यवाणी कर रहा हो।

## फिल्म आई रोबोट की कहानी

हॉलीवुड की फिल्म आई रोबोट की वह कहानी शायद सभी को याद होगी, जिसमें दुनिया पर कब्जा जमाने के लिए मशीनों और मानव जाति में युद्ध हुआ था। आज यह आशंका जताई जा रही है कि कहीं इस फिल्म की कहानी हकीकत नहीं बन जाए।

## हो जाएगा 32 गुना विकसित


विशेषज्ञ मानते हैं कि बीसवीं सदी में जितना तकनीकी विकास हुआ उसका 32 गुना ज्यादा विकास हम केवल इस आधी सदी में हासिल कर लेंगे। मशीनों में मानव जैसे तेज मस्तिष्क को विकसित किया जा सकेगा। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस द्वारा मशीनें मानव को पछाड़ देंगी। अगले दो दशकों में बुढ़ापे और बीमारियों पर रोक ही नहीं बल्कि उन्हे रिवर्स कर उनका प्रभाव लगातार कम किया जा सकेगा।

## अब क्वांटम कम्प्यूटर

वैज्ञानिकों के मुताबिक भविष्य में कम्प्यूटर के काम करने के तरीके बदल जाएंगे। भविष्य में कम्पूटरों का जगह क्वांटम कम्प्यूटर ले लेगा जो चिप की जगह द्रवों से भरा होगा। क्वांटम कम्पूटर भौतिक नियमों से संचालित नहीं होगा इसके ऑपरेशन में केवल क्वांटम यांत्रिकी का प्रयोग होगा। इसका मतलब किसी वस्तु को एक स्थान से दूसरे स्थान पर बिना स्थान परिवर्तन के पहुंचाना। यह समानांतर ब्रह्माण्ड जैसा सिद्धांत है। यह कम्प्यूटर पेंटियम -3 से 1 अरब गुना ज्यादा तेजी से गणनाएं करेगा।

रंग भरो






बिंदु मिलाओ



## हंसगुल्ले

मोटा सेठ, पता नही कैसा ज़माना आ गया है, ढूंढने पर भी कोई आदमी नही मिलता। जो झूठ न बोलता हो।
सुरेश, लेकिन मै एक ऐसे आदमी को जानता हूं जो कभी झूठ नही बोलता।
सेठ जी, अच्छा उस नेक आदमी से मेरी बात कराओ।
सुरेश, यह सभंव नही क्योकि वह गुंगा है।

• • •

गोरव, मैने तुम्हे जो आठनी दी थी, मैने कहा था कि इसे खर्च मत करना, किसी को दान मे दे देना।
पापा, मै इसे दान मे देना चाहता था फिर ख्याल आया कि यह पुण्य मै क्यो कमाऊ ? क्यो न आईस्क्रिम वाले को कमाने दूं? सो मैने उसे दे दी, अब उस का काम है कि वह उसे दान मे दे या न दे।

• • •

बकील ( अपराधी से) चाकू पर तुम्हारे उंगलियो के निशान पाऐ गये हैं। खून तुम् ने ही किया है। इस पर अपराधी बोला, बकील साहिब आप ऐसा कैसे कह सकते है कि चाकू पर मेरे उंगलियो के निशान पाऐ गये हैं? क्योकि खुन करते समय मैने तो दसताने पहन रखे थे!

• • •

किसी ने सही ही कहा है कि
प्रभु की माया को कोई नही जान पाया,
अरे मैं तो कहता हूं कि राम की,
श्याम की, मोहन की माया को भी कोई
नही जान पाया, क्योंकि माया
नाम की औरतें बहुत चालू होती है

• • •

हम भी पडे थे एक बार
माया के चक्कर में, कहीं
और नही बल्कि हमारे ही
दफ्तर में लेकिन उसने हमको
घास भी नही डाली क्योंकि
वो निकली एक शादीशुदा नारी

• • •

मिलेगी खुब माया यह सोचकर
हमने एक धनी लडकी से ब्याह रचाया
मगर शादी के पहले दिन ही उसने
अपना असली रूप दिखाया और मुझे
सुबह शाम पैर दबाने की ड्यूटी पर लगाया।

• • •

प्रभु तेरी माया, हमको समझ ना आए,
एक ढूंढों दस मिलते है, कितने पागल बनाऐं
20 फुट ऊंचे बांस पर, बीरबल खिचडी पकाएं
सारी जीवन की दौलत शाहजहां,
एक ताज पर लगाए,
गुंगा चीखें, लूला दौडे, अंधा पिक्चर जाएं,
गंजे के सिर पर जूं पडे, खुजा खुजा मर जाए

• • •

## पहेलियाँ

1 चार अक्षर का मेरा नाम,
टिमटिम तारे बनाना काम,
शादी, उत्सव या त्योहार,
सब जलाएँ बार-बार।

❒❒❒❒

2 तीन पैर की चंपा रानी,
शाम-सवेरे नहाय,
चावल-दाल को छोड़कर,
कच्ची रोटी खाय।

❒❒❒❒

3 सुबह-सुबह ही आता हूँ,
दुनिया की खबर सुनाता हूँ,
बिन मेरे उदास हो जाते,
सबका प्यारा रहता हूँ।


❒❒❒❒

4 पैर नहीं हैं,
पर चलती रहती,
दोनों हाथों से अपना मुंह पोंछती रहती।

❒❒❒❒

उत्तर- 1 फुलझड़ी, 2 चकला-बेलन, 3 अखबार, 4. घड़ी।

रास्ता खोजो







# भतीजे के डेब्यू से बेहद खुश हैं अभय देओल

बॉक्स ऑफिस पर सनी देओल के गदर मचाने के बाद अब चारों तरफ चर्चा उनके छोटे बेटे राजवीर देओल के डेब्यू की हो रही है। राजवीर ने हाल ही में रिलीज हुई फिल्म दोनो से बॉलीवुड में कदम रखा है। राजश्री बैनर के तले बनी इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री पूनम ढिल्लों की बेटी पलोमा ने भी डेब्यू किया है। अवनीश बड़जात्या निर्देशित फिल्म दोनो को समीक्षकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। इतना ही नहीं कहानी और निर्देशन के साथ ही फिल्म में राजवीर और पलोमा के अभिनय की भी जमकर तारीफ हो रही है। लोगों की तारीफों के बीच अब राजवीर को उनके चाचा अभय देओल ने एक सलाह दी है। देओल खानदान का एक और राजकुमार बॉलीवुड की ओर अपना कदम बढ़ा चुका है। ऐसे में धर्मेंद्र से लेकर बॉबी देओल तक सभी इस मौके पर बेहद खुश हैं। धर्मेंद्र, सनी और बॉबी देओल के साथ ही अभिनेता अभय देओल भी अपने भतीजे को डेब्यू करते देख खुशी से झूम उठे हैं। जहां कुछ दिन पहले बॉबी देओल ने राजवीर को बधाई दी थी, वहीं अब अभय देओल ने अपने भतीजे को उसकी पहली फिल्म दोनो के लिए बधाई दी। बधाई देने के साथ ही अभय देओल ने राजवीर देओल को एक खास सलाह भी दी। अभय देओल ने इंस्टाग्राम पर अपनी, राजवीर और पलोमा की कुछ तस्वीरें साझा कीं और एक खास संदेश लिखा। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, मैंने इसे एक बच्चे के रूप में अपनी बाहों में ले रखा है। तुम्हारी पहली फिल्म के लिए बधाई राजवीर, अपने आप को दुनिया के सामने रखना आसान नहीं है, जिससे सभी लोग आपको जज करें। मैं हमेशा तुम्हारा चियरलीडर रहूंगा क्योंकि मुझे तुम पर हमेशा से भरोसा रहा है। तुम और पलोमा ढिल्लों दोनों का पूरा जीवन सामने है, ऐसे में याद रखना कि प्यार को गले लगाना, आलोचना को स्वीकार करना और नफरत को नजरअंदाज करना। फिल्म दोनो की बात करें तो एक डेस्टिनेशन वेडिंग की पृष्ठभूमि पर आधारित है। राजवीर देओल ने फिल्म में देव का किरदार निभाया है, जो दुल्हन का दोस्त होता है, वहीं पालोमा मेघना की भूमिका में नजर आ रही है। वह दूल्हे की दोस्त होती है। इस शादी में दोनों की मुलाकात होती है। इस शादी में दो अजनबियों के बीच प्यार की शुरुआत होती है, जिनकी मंजिल एक है। फिल्म का निर्देशन सूरज बड़जात्या के बेटे अवनीश बड़जात्या ने किया है, जो दोनो से निर्देशन की दुनिया में डेब्यू कर रहे हैं।

# शादी पर डाक्यूमेंट्री बनाना पहले से तय नहीं था



ऋचा चड्ढा और अली जफर की डाक्यूमेंट्री की पहली झलक 6 अक्टूबर को रिलीज होने वाली थी। उन्होंने कहा हम थोड़ा लेट हो गए हैं। दरअसल वीडियो की ग्रेडिंग चल रही है। फिलहाल वीडियो की रिलीज डेट टल गई है। ऋचा ने कहा कि डाक्यूमेंट्री बनाने का आइडिया पहला नहीं था। सभी लोग अपनी शादी की वीडियो शूट कराते हैं। पहले हम भी वैसा ही करने वाले थे। उन्होंने बताया कि इस शादी में काफी चीजें अलग थी। क्योंकि उस दौरान अली मिर्जापुर शूट कर रहे थे। मैं हीरामंडी और फुकरे-3 शूट कर रही थी। हमारे घर में मेहमानों के साथ-साथ फिल्म के डायरेक्टर और फिल्म की टीम भी होती थी। ये बहुत ही अजीब सा माहौल बन गया था। एक तरफ घर में मेहमानों का नाच-गाना चल रहा है। वहीं दूसरी तरफ डायरेक्टर मीटिंग ले रहे हैं। ऋचा ने कहा मैं और अली मिडिल क्लास फैमिली से आते हैं। बेशक आज हम फिल्मस्टार हैं लेकिन हम दोनों अपनी शादी को बहुत सिंपल और प्राइवेट रखना चाहते थे। बहुत ग्रैंड वेडिंग करना हमारा मकसद नहीं था। प्राइवेट अफेयर की वजह से पिछले साल बहुत ज्यादा फोटोज वीडियोज हमने शेयर नहीं किया था। डाक्यूमेंट्री का आइडिया तब आया, जब हम लोगों ने शादी का वीडियो देखा। ये लखनऊ, दिल्ली और मुंबई तीनों जगहों पर शूट किया गया है। ऋचा को यकीन है कि ये डाक्यूमेंट्री लोगों को जरूर पसंद आएगी।

# लव लाइफ पर बोले सूरज पंचोली

एक्टर सूरज पंचोली ने हाल ही में अपनी लव लाइफ को लेकर बात की। एक्टर ने कहा कि वह एक ऐसे इंसान के साथ रहकर बहुत खुश है, जो उन्हें समझता है। सूरज ने कहा कि उनकी प्रेजेंट गर्लफ्रेंड ने उनसे कभी भी जिया खान केस को लेकर सवाल नहीं किया। सूरज ने हाल ही में अपने रिलेशनशिप और गर्लफ्रेंड के बारे में खुलकर बात की। हालांकि, उन्होंने अपनी लेडी लव का नाम नहीं बताया। सिद्धार्थ कानन को दिए इंटरव्यू में सूरज ने बताया कि जिया खान मामले में मीडिया ट्रायल की वजह से उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ा। जबकि जिया के साथ उनका रिलेशनशिप सबसे कम समय तक रहा था।

## मैं प्यार पर विश्वास करता हूं

बातचीत के दौरान सूरज से तुनिषा शर्मा सुसाइड केस को लेकर सवाल किया गया। इस मामले में एक्ट्रेस के बॉयफ्रेंड शीजान खान को उनकी मौत का आरोपी माना गया था। मामले के बारे बात करते हुए सूरज ने कहा- मीडिया ट्रायल लोगों पर लगे आरोप को तय नहीं कर सकता।' प्यार के बारे में सूरज ने कहा- मैं ऐसा नहीं सोचता हूं, मैं प्यार में विश्वास करता हूं। मुझे उसके (जिया खान मामले) के बाद भी प्यार हुआ।

## हम कभी मेरे अतीत के बारे में बात नहीं करते

सूरज से आगे सवाल किया गया कि क्या वह पिछले सात साल से रिलेशनशिप में हैं और उनकी गर्लफ्रेंड को उनपर कितना भरोसा है। इसपर उन्होंने कहा- इतने लंबे समय से नहीं, लेकिन मैं इस वक्त रिलेशनशिप में हूं। हमने कभी भी मेरे अतीत के बारे में बात नहीं की। शायद इसकी जरूरत भी नहीं है। इसलिए हर कोई ऐसा साथी तलाश करता है, जिसके साथ वह बेहतर महसूस करे।

## पिता के साथ रिश्ते के बारे में बोले सूरज

सूरज ने इसी इंटरव्यू में पिता आदित्य पंचोली के साथ अपने रिश्ते को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि भले ही वह उनके लिए गए फैसलों से कभी भी सहमत ना रहे हों, लेकिन वह उनसे हमेशा प्यार करते हैं। सूरज ने बताया कि लोगों के बीच उनके पिता की इमेज खराब थी, ऐसे में जिया खान मामले में सूरज की इमेज भी खराब करने की कोशिश की गई थी। लेकिन इसका असर केस पर नहीं पड़ा।

# अनु मलिक ने सा रे गा मा पा के नए सीजन को मैजिक ऑफ ऑरिजनैलिटी बताया



रियलिटी सिंगिंग शो सा रे गा मा पा नए अवतार के साथ वापस आ रहा है। इस बार शो में पहले से अधिक चुनौतियां हैं। संगीतकार अनु मलिक ने शो के नए सीजन को मैजिक ऑफ ऑरिजनैलिटी बताया। जजों में से एक अनु मलिक ने शो के नए विचार के बारे में अपना उत्साह साझा किया और बताया,यह पहली बार है कि रचनात्मक टीम प्रतियोगी को प्रतिष्ठित निर्माताओं द्वारा रचित एक मूल गीत देकर एक मूल गायक को लॉन्च करने का यह शानदार विचार लेकर आई है।संगीतकार ने कहा, मैं सा रे गा मा पा जैसे प्रतिष्ठित शो के साथ जुड़कर खुद को भाग्यशाली महसूस करता हूं, जिसे वैश्विक पहचान मिल रही है। मैं जहां भी जाता हूं, प्रशंसक मेरे पास आते हैं और सराहना करते हैं कि कैसे यह शो नए गायकों के लिए वैश्विक लॉन्च पैड के रूप में भी काम करता है। यह उन्हें भविष्य का एक ठोस रोडमैप प्रदान करता है।बदलाव का कारण बताते हुए अनु ने कहा कि इस नए आधार के साथ एक मूल आवाज खोजने पर शो का ध्यान वास्तव में एक आशाजनक उद्यम है, क्योंकि इससे प्रतियोगियों को मौजूदा गीत को फिर से बनाने, या पुराने दिग्गजों के साथ जीने के बारे में अपने डर को दूर करने में भी मदद मिलेगी।

# लियो का ट्रेलर रिलीज, विलेन के रोल में नजर आए संजय दत्त

साउथ सुपरस्टार विजय थलापति की मच अवेटेड फिल्म 'लियो' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में एक्टर जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आए। लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उनके साथ संजय दत्त भी हैं, जो इसमें विलेन का किरदार निभाएंगे। वह एंटनी दास के रोल में दिखाई देंगे। लियो का ट्रेलर एक्शन और ड्रामा से भरपूर है। ट्रेलर की शुरुआत कश्मीर घाटी से होती है जिसमें पुलिस और गैंगस्टरों के बीच मुठभेड़ दिखाई जाती है। ट्रेलर को देखकर पता चलता है कि लियो एक खून का प्यासा जानवर बन गया है, जो अपने परिवार के लिए खतरा देखकर अपने दुश्मनों की तलाश कर रहा है। इतना ही विजय और संजय दत्त आपस में भिड़ते हुए नजर आ रहे हैं। यह फिल्म 19 अक्टूबर को तमिल और हिंदी भाषा में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का म्यूजिक अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है। फिल्म में विजय और संजय के अलावा तृषा कृष्णन, अर्जुन सरजा, गौतम मेनन, प्रिया आनंद, मंसूर अली खान, मैस स्किन, सैंडी और मैथ्यू थॉमस भी नजर आने वाले हैं।





# सैंधव के नए पोस्टर में इंटेंस लुक में नजर आ रहे वेंकटेश दग्गुबाती

एक्टर वेंकटेश दग्गुबाती अपकमिंग क्राइम-ड्रामा-एक्शन फिल्म सैंधव के लेटेस्ट पोस्टर में बेहद इंटेंस लुक के साथ धमाल मचा रहे हैं। पोस्टर में 62 वर्षीय श्रीनिवास कल्याणम एक्टर खतरनाक लुक में नजर आ रहे हैं। वेंकटेश ने ब्लैक शर्ट और ब्लू जींस पहनी है और हाथ में एक बंदूक पकड़ी है। एक्टर के बैकग्राउंड में रस्सियां और लकड़ी के लट्ठों की तरह दिखने वाली कई चीजें हैं। पोस्टर हाई क्वालिटी वाला है जो एक बहुत बड़े प्रोडक्शन का संकेत देता है। इंस्टाग्राम और एक्स पर नए पोस्टर को लॉन्च किया गया और कैप्शन देते हुए फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की गई, सैंधव 13 जनवरी को रिलीज होगी। माना जा रहा है कि यह फिल्म नियो-नोयर टोन वाली है और इसका निर्देशन शैलेश कोलानू द्वारा किया जाएगा, जबकि निर्माता वेंकट बोयानापल्ली होंगे। वेंकटेश के अलावा, सैंधव में नवाजुद्दीन सिद्दीकी, श्रद्धा श्रीनाथ, रुहानी शर्मा, एंड्रिया जेरेमिया, सारा और जयप्रकाश भी होंगे। वेंकटेश अपनी हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर सीरीज राणा नायडू का दूसरा सीजन भी लेकर आ रहे हैं, जो अमेरिकी सीरीज रे डोनोवन का रूपांतरण है।



# कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना...

**हमेशा चर्चा में रहने वाली यूट्यूबर और इंफ्लुएंसर कुशा कपिला इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। फिल्म सुखी को लेकर। वे थैंक्यू फॉर कमिंग में भी भूमि पेडनेकर, शहनाज गिल और अन्य के साथ मिलकर अपना जलवा बिखेर रही हैं।**

इस खास बातचीत में वे हमेशा बोल्ड रहने की अपनी ताकत, हाउसवाइफ्स को ना मिलने वाले क्रेडिट, सशक्तिकरण, अपने परिवार, ट्रोल्स और तलाक पर बेबाक होकर बात करती हैं।

**करियर हो या निजी जिंदगी आप अपने फैसलों को लेकर हमेशा बोल्ड रही हैं, कहां से आती है, वो ताकत?**

मुझे लगता है, ये हमारी परवरिश से आता है। माता-पिता ने मुझे ये कभी नहीं भूलने दिया कि मैं कहां से आती हूं? मैं एक बाहर बड़े संयुक्त परिवार से ताल्लुक रखती हूं। हम परिवार के रूप में काफी जुड़े हुए हैं। मेरे आस-पास मेरी मां और चाची जैसे महिलाएं हैं, बहुत ही साथ देने वाली महिला दोस्त हैं, वे 20-20 साल से मेरी दोस्त हैं। इन सभी महिलाओं ने मुझे जिंदगी में इतना प्रभावित किया है कि मुझे आइडियल की जरूरत है नहीं है। ये सारे लोग काफी हंसमुख हैं। मैं कहती हूं, मेरी मम्मी से ज्यादा फनी और कोई हो ही नहीं सकता। मुझे अपनी जिंदगी में भी चाहे मैं डिजिटल वर्ल्ड की बात करूं या इस फिल्म मैं शिल्पा मैम (शिल्पा शेट्टी) की बात करूं, अपनी निर्देशक सोनल, अपनी को-एक्ट्रेस डेलनाज, पवलीन की बात करूं, मेरे आस-पास इतनी कमाल की मजबूर महिलाएं हैं कि लगातार ताकत मिलती रही है, मजबूती मिलती है।

**लड़की होने के नाते बुरा कब लगता है?**

बुरा तब लगता है, जब उन पर जुल्म होता देखती हूं या पढ़ती हूं। मुझे लगता है, हम कहां गलत हो गए? ये क्यों हो रहा है? तब एक अजीब-सी बेबसी फील होती है। जब किसी सड़क या मेट्रो पर औरत को कोई कहीं भी छूकर निकल जाता है, तो बहुत आक्रोश होता है कि क्यों हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं, जहां औरत सेफ नहीं है। जब ऑनलाइन स्पेस में आपको कोई कुछ भी गाली देकर निकल जाता है, ट्रोल के नाम पर, तब बहुत हीनता महसूस होती हैं। ये आज हमारे देश की बड़ी से बड़ी हीरोइन के साथ होता है। औरतों के ऊपर ही बनाई गई गालियां, जब औरतों पर इस्तेमाल की जाती है, तो हद से ज्यादा बुरा लगता है।

**आपकी हालिया फिल्म सुखी हाउसवाइफ पर आधारित है, मगर क्या आपको लगता है कि गृहणियां जितना कुक अपने घर-परिवार के लिए करती हैं, उतना श्रेय उनको मिल पाता है?**

मुझे लगता है गृहणियां पूरे परिवार की धुरी होती हैं। मैं तो यही मानती हूं कि हम जो कुछ भी हैं, मांओं के बलिदान के कारण ही हैं। अगर हमारी मम्मियों ने हमारे लिए कुर्बानियां नहीं दी होतीं, तो क्या आज हम यहां होते। मुझे लगता है हम और हमारी मांएं सभी पैट्रियाकी की शिकार हैं। बदलाव में समय लगता है। ग्रहणियां अनपेड लेबर हैं। इस पर कितनी सारी स्टडीज और हो चुकी हैं कि इनके एक -एक टास्क को यदि मापा जाए और उसकी सैलरी निकाली जाए, तो एक बहुत बड़ी रकम बनेगी, मगर इन्हें मिलता कहां है? आज अगर इस पर बात हो रही, तो इसलिए कि उन्हें चॉइस चाहिए, उन पर ये थोपा नहीं जाना चाहिए।

**फिल्म में आप शिल्पा शेट्टी के साथ हैं। उनके साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?**

उनकी सबसे अच्छी बात ये है कि वे अपनी टीम का बहुत खयाल रखती हैं। उनके पास बीस-तीस साल पुरानी टीम है। अगर कोई आपके लिए इतने समय तक काम कर रहा है, तो ये आपकी खूबी है। शिल्पा मैम 11.11 में बहुत मानती हैं और वे इस वक्त प्रार्थना जरूर करती हैं, तो उनके साथ उनकी पूरी टीम प्रे करती हैं। वे बहुत प्यारी साथी कलाकार हैं। सीन से पहले जरूर बोलती थीं, अपने बाल ठीक कर लो, लिपस्टिक का टच अप कर लो। उन्होंने मुझे कैमरा और एक्टिंग के बारे में कई टिप्स दिए हैं।

**आप ट्रोल्स पर क्या कहना चाहेंगी? हाल ही में आपकी डिवोर्स भी काफी चर्चित रही?**

मैं ट्रोल्स पर ज्यादा ध्यान नहीं देती, आप जैसी दोस्तों के साथ बैठकर उस पर हंस देती हूं। मैं यहां काम करने आई हूं। जहां तक मेरे डिवोर्स की बात है, तो मेरा निजी मामला है। अब कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना। मुझे अपने जीवन और अपने बारे में सब पता है। मेरी जो दुनिया है, वो बहुत सिक्योर है। मैं इस मुद्दे पर बात करके उसकी गरिमा को कम नहीं करना चाहती।